10 गौतम गंभीर....

झारखण्ड का अपना दैनिक

झारखण्ड उजाला

सच आप तक

12 भूमि पेडनेकर...

रांची, मंगलवार, 11 मार्च 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 05 | अंक -261 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

आज का विचार

झारखण्ड उजाला

नीतीश उपाध्याय
युवा समाजसेवी

वर्तमान में समझ में युवाओं के भागीदारी जरूरी है। हर युवा को चाहिए कि वह गलत रास्ते की बजाय सही रास्ते को चुने। और एक शिक्षित और सुरक्षित वातावरण के समाज का निर्माण में अपनी भागीदारी दे।

सर्राफा

सोना (बिक्री) : **1,52,300**

चांदी (प्रति किलो) : **2,95,000**

(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **78,208.95**

निफ्टी :- **24,261.60**

मौसम

अधिकतम तापमान : **31 °**

न्यूनतम तापमान : **19 °**

सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **06:01**

संध्या :- **17:56**

आज का इतिहास

आज ही के दिन 1689 को मुगल बादशाह औरंगजेब ने छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र संभाजी महाराज की निर्मम हत्या की थी।

संक्षिप्त समाचार

झारखंड के तीन विश्वविद्यालयों में कुलपति नियुक्त, प्रो. राजीव मनोहर बने डीएसपीएमयू के वीसी

रांची। झारखंड के तीन विश्वविद्यालयों में नए कुलपतियों की नियुक्ति की गई है. इससे संबंधित अधिसूचना राजभवन की ओर से जारी कर दी गई है. जारी आदेश के अनुसार, प्रो. राजीव मनोहर को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची का कुलपति बनाया गया है. वे वर्तमान में लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं. वहीं डॉ. एला कुमार को जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया है. वह फिलहाल इंदिरा गांधी दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी फॉर वीमेन, दिल्ली में प्रोफेसर हैं. इसके अलावा नालंदा विश्वविद्यालय, राजगीर में प्रोफेसर व डीन के पद पर कार्यरत अभय कुमार सिंह को झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय, रांची का कुलपति नियुक्त किया गया है. अधिसूचना के अनुसार, तीनों कुलपति पदभार ग्रहण करने की तिथि से अधिकतम तीन वर्ष की अवधि तक या कुलाधिपति की इच्छा के अनुसार अपने पद पर कार्य करेंगे. साथ ही इन नियुक्तियों के लिए संबंधित संस्थानों से विजिलेंस क्लीयरेंस प्राप्त होना अनिवार्य होगा.

बिजली अलर्ट : रांची में 11 मार्च को 2-5 घंटे रहेगा पावरकट

रांची। रांची के अलग-अलग इलाकों में रामनवमी को देखते हुए बिजली तार मरम्मत कार्य किया जा रहा है. जिसके कारण 11 मार्च बुधवार को रांची के निम्न इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी. कांके क्षेत्र में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी. जिसके चलते अरसंडे बैंक आफ इंडिया से लेकर बोरैया चौक, तिलकोणीय बाजार क्षेत्र में पावर कट रहेगा. दूसरी ओर मेन रोड के अधीन क्षेत्र में भी सुबह 11.30 बजे से 1 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी. इसके कारण मोहल्ला शांती कम्पाउंड,सिरम टोली, सुजाता चौक, राजा बंगला,पटेल कम्पाउंड समेत आसपास के क्षेत्र में पावर कट रहेगी.

असम में मेजिकाजन चाय बागान में आयोजित जागरूकता जनसभा में सम्मिलित हुए सीएम

असम के आदिवासी समुदाय को उनका हक-अधिकार मिले : हेमंत

झारखण्ड उजाला संवाददाता

रांची/गुवाहाटी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मंगलवार को आदिवासी स्टूडेंट यूनियन ऑफ असम, जारी शक्ति एवं आदिवासी काउंसिल ऑफ असम द्वारा बिस्वनाथ चारियाली स्थित मेजिकाजन चाय बागान में आयोजित एक जनसभा में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि असम में निवास करने वाले गरीब-गुरबा, किसान, आदिवासी, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों पर लम्बे समय से अत्याचार एवं शोषण की बातें लगातार मैंने सुनी है। आप सभी लोगों ने यहां पर कई राजनीतिक एवं सामाजिक उतार-चढ़ाव देखे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हजारों वर्षों से आप सिर्फ असम नहीं बल्कि इस देश के चाय व्यापार जगत का अभिन्न अंग है। आपके बूते ही चाय उद्योग चल रहा है। असम के आदिवासी समुदाय के वैसे भाई-बहन, माता एवं बुजुर्ग जो चाय उद्योग में कार्य करते हैं उन्हें कार्य के बदले मेहनताना के रूप में क्या मिलता है यह किसी से छिपा नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि आप लोगों के हक-अधिकार की लड़ाई लड़ते-लड़ते क्रांतिकारी नेता प्रदीप नाग जी ने अपने प्राण की आहुति दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य झारखंड में भी जल, जंगल, जमीन का संरक्षण एवं आदिवासी समुदाय की पहचान तथा उनके हक-अधिकार अधिकार के लिए लम्बा संघर्ष हुआ। लगभग 50 वर्ष के संघर्ष के बावजूद जब परिणाम सकारात्मक नहीं रहा तब हमारे अग्रणी नेता दिशोम गुरु स्व० शिबू सोरेन सहित अनगिनत क्रांतिकारी नेताओं ने अलग राज्य लेने का निर्णय किया। अलग राज्य निर्माण का संकल्प उसे समय बहुत बड़ा संकल्प था। इस संकल्प को पूरा करने की शुरूआत धनबाद जिला यानी कि कोयला नगरी से प्रारंभ की गई। उस समय क्रांतिकारी नेता स्वर्गीय शक्ति नाथ महतो ने भी कहा था कि यह लड़ाई कोई छोटी लड़ाई नहीं है यह बहुत बड़ी लड़ाई है और इस लड़ाई में हम सभी लोगों को एकजुट होने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि इस लड़ाई में शामिल पहली पंक्ति के लोग मारे जाएंगे तथा दूसरी पंक्ति के लोग जेल जाएंगे। उन्होंने कहा था कि तीसरी पंक्ति के लोग ही राज्य को सजाने-संवारने का काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ठीक उसी तरह का घटनाक्रम भी हुआ। अलग झारखंड राज्य के निर्माण की लड़ाई में न जाने हमारे कितने क्रांतिकारी वीर शहीद हुए, उस संघर्ष में न जाने कितने माताओं-बहनों की मांग सुनी हुई, बच्चे अनाथ हुए। इतनी यातनाओं के बावजूद हमारे क्रांतिकारी सपूतों ने कभी भी पीठ नहीं दिखाई और संघर्ष को जारी रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग झारखंड राज्य बनने के बाद यह दुर्भाग्य रहा की हमारे आदिवासी समुदाय के लोग आर्थिक, बौद्धिक और सामाजिक रूप से मजबूत नहीं बन सके। हमारी सरकार अब झारखंड के आदिवासी समुदाय के लोगों को उनका हक-अधिकार देने का कार्य निरंतर कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि असम में रहने वाले आदिवासी भाई-बहनों को यहां एक बड़े परिवर्तन की राह पर चलने की आवश्यकता है। इस परिवर्तन के लिए यह जरूरी है कि हम सभी लोगों को एक छत और एक छांव पर आना होगा।

झारखंड विस में जोरदार हंगामा, भाजपा का वेल में प्रदर्शन, आजसू विधायक तिवारी महतो मार्शल आउट

झारखण्ड उजाला संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मंगलवार को सदन में उस वक्त जोरदार हंगामा हो गया, जब कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक व्यवस्था के मुद्दे पर विपक्षी भाजपा विधायकों ने आसन के समक्ष पहुंचकर प्रदर्शन शुरू कर दिया. हंगामे के बीच आजसू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो को मार्शल आउट करना पड़ा, जिससे सदन का माहौल और गरमा गया. दरअसल, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड में चुनी हुई सरकार नहीं बल्कि बाबुओं की सरकार चल रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में लगातार आपराधिक घटनाएं हो रही हैं और प्रशासनिक अधिकारी निष्क्रिय बने हुए हैं. मरांडी ने प्रश्नकाल स्थगित कर कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर सदन में विस्तृत बहस कराने की मांग की.

मंत्री का पलटवार

सरकार की ओर से मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष प्रश्नकाल नहीं चलने देने की बात कर रहे हैं, जबकि कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में उन्होंने यह मुद्दा नहीं उठाया था. उन्होंने कहा कि इससे साफ है कि विपक्ष गंभीर चर्चा नहीं चाहता, बल्कि सिर्फ अखबारों की सुर्खियां बटोरना चाहता है. मंत्री ने यह भी कहा कि यदि कहीं भ्रष्टाचार या प्रशासनिक लापरवाही के ठोस मामले हैं तो विपक्ष उन्हें सामने लाए, सरकार कार्रवाई के लिए तैयार है.

आसन के समक्ष पहुंचे विधायक, बढ़ा तनाव

बहस के दौरान स्थिति तब और बिगड़ गई जब आजसू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो तमतमाते हुए आसन के समक्ष पहुंच गए और रिपोर्टिंग टेबल को थपथपाने लगे. इसके बाद सदन में शोरगुल बढ़ गया और मार्शलों को हस्तक्षेप करना पड़ा. हंगामे के बीच तिवारी महतो को सदन से मार्शल आउट कर दिया गया. इस कार्रवाई के बाद विपक्षी विधायकों ने जोरदार विरोध जताया और सत्ता पक्ष पर विधायकों को उकसाने का आरोप लगाया.

स्पीकर की कड़ी टिप्पणी

विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने इस पूरे घटनाक्रम पर नाराजगी जताते हुए कहा कि चुने हुए जनप्रतिनिधियों से ऐसे आचरण की अपेक्षा नहीं की जाती. उन्होंने स्पष्ट कहा कि रिपोर्टिंग टेबल को पीटना असंसदीय आचरण है और यह सदन की गरिमा के खिलाफ है. स्पीकर ने नेता प्रतिपक्ष से भी अपने विधायक के आचरण पर ध्यान देने को कहा.

मोदी कैबिनेट : जल जीवन मिशन 2.0, संतरागाछी से खड़गपुर तक चौथी रेलवे लाइन को केंद्र की मंजूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में आज कई अहम फैसले लिये गये। मोदी सरकार ने देश के आर्थिक ढांचे, आधारभूत संरचना और जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं संबंधी जो निर्णय लिये हैं वह दर्शा रहे हैं कि केवल विकास परियोजनाओं की घोषणा नहीं की जा रही है बल्कि उन्हें विकसित भारत के दीर्घकालिक लक्ष्य से जोड़ते हुए क्षेत्रीय संतुलन, सामाजिक सशक्तिकरण और राजनीतिक संदेश को भी साधने की कोशिश की जा रही है। सबसे महत्वपूर्ण फैसलों में ग्रामीण जल आपूर्ति को लेकर जल जीवन मिशन को वर्ष 2028 तक बढ़ाने और उसके लिए आठ लाख उनहत्तर हजार करोड़ रुपये का विशाल प्रावधान करना शामिल है। इस योजना का उद्देश्य अब केवल पाइपलाइन बिछाना नहीं बल्कि हर गांव में टिकाऊ जल सेवा व्यवस्था स्थापित करना है। सुजल भारत नामक राष्ट्रीय डिजिटल ढांचा बनाकर हर गांव की जल व्यवस्था को स्रोत से नल तक डिजिटल रूप से भी जोड़ा जायेगा। हम आपको बता दें कि वर्ष 2019 में देश के केवल 17 प्रतिशत ग्रामीण घरों में नल का जल पहुंचा था, जबकि अब यह आंकड़ा 81 प्रतिशत से अधिक हो चुका है। इस विस्तार ने ग्रामीण जीवन में बड़ा बदलाव किया है। अध्ययन बताते हैं कि करोड़ों महिलाएं रोज पानी लाने के श्रम से मुक्त हुई हैं और अब वे शिक्षा, रोजगार और अन्य आर्थिक गतिविधियों में भागीदारी कर पा रही हैं। स्वास्थ्य पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ा है क्योंकि स्वच्छ जल से जल जनित रोगों में कमी आयी है। जल जीवन मिशन 2.0 के माध्यम से सरकार ग्रामीण भारत में चौबीसों घंटे जल आपूर्ति का लक्ष्य तय कर रही है, जो विकसित भारत की आधारभूत आवश्यकता मानी जाती है।

इसके अलावा, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए कई बड़े परिवहन प्रकल्पों को भी मंजूरी दी है। मध्य प्रदेश में उज्जैन को दिल्ली मुम्बई एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाले बदनावर पेटलावद थांदला तिमरवानी मार्ग को चार लेन में विकसित करने की योजना इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। लगभग अस्सी किलोमीटर लम्बे इस गलियारे से यात्रा समय कम होगा और माल ढुलाई सस्ती होगी। आदिवासी बहुल धार और झाबुआ जिलों में यह परियोजना स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देगी तथा उद्योग केन्द्रों से संपर्क मजबूत करेगी। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश और हरियाणा में जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को दिल्ली मुम्बई एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए हरित क्षेत्रीय संपर्क मार्ग के निर्माण को भी मंजूरी दी गयी है। लगभग 31 किलोमीटर लम्बा यह मार्ग राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बहु परिवहन संपर्क को मजबूत करेगा। इसके माध्यम से दक्षिण दिल्ली, फरीदाबाद और गुरुग्राम से जेवर हवाई अड्डे तक तेज आवागमन संभव होगा, जिससे क्षेत्रीय व्यापार, पर्यटन और निवेश को नई गति मिलने की उम्मीद है।

इसके अलावा, रेल क्षेत्र में भी मंत्रिमंडल ने पश्चिम बंगाल और झारखंड के पांच जिलों में दो बहु पटरी परियोजनाओं को मंजूरी दी है। सैंथिया पाकुर और संतरागाछी खड्गपुर मार्गों पर चौथी पटरी बनने से रेल नेटवर्क की क्षमता बढ़ेगी और भीड़भाड़ कम होगी। इन परियोजनाओं से लगभग पांच हजार से अधिक गांवों को बेहतर रेल संपर्क मिलेगा। साथ ही कोयला, इस्पात, अनाज और अन्य वस्तुओं की ढुलाई तेज और सस्ती होगी। रेल परिवहन के विस्तार से तेल की खपत और कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आयेगी, जो पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय रामगढ़ स्थित सभागार कक्ष में अपराध गोष्ठी का आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रामगढ़। रामगढ़ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रामगढ़ स्थित सभागार कक्ष में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम सभी थाना / ओ०पी० प्रभारी को थाना में आने वाले आम जनता के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने एवं उनके समस्याओं का समाधान करने, किसी भी पुलिस पदाधिकारी / कर्मियों के द्वारा आम जनता के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है तो उसके विरूद्ध कड़ी अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। इसके उपरांत मुख्य रूप से फायरिंग/आगजनी / तोड़फोड़ / विस्फोट / संपत्तिमूलक अपराध/ महिला उत्पीड़न (पोक्सो एवं बलात्कार) के मामलों से संबंधित प्रतिवेदित काण्डों की समीक्षा किया गया तथा संबंधित थाना/ओ०पी०

प्रभारी को अविलम्ब लंबित कार्रवाई को पूर्ण करते हुए काण्डों को निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। सभी थाना/ओ०पी० प्रभारी को निम्नांकित निर्देश दिया गया:- एंटी क्राईम चेकिंग समय बदलकर बदलकर करें तथा उसकी प्रविष्टि रक्षक एप्प में करें, व्यवसाईयों / व्यक्तियों को राहुल दूबे के द्वारा इंटरनेट के माध्यम से धमकी दिया जा रहा है उसके सक्रिय सदस्यों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करें, पुलिस निरीक्षक विशेष प्रतिवेदित काण्डों की समीक्षा करें तथा अनुसंधानकर्ता को आवश्यक निर्देश निर्गत करें तथा समय-समय पर दिये गये निदेर्शों के अनुपालन की भी समीक्षा करें, माननीय व्यवहार न्यायालय के द्वारा निर्गत वारण्ट / कुर्की का निष्पादन ससमय करें, ऐसे काण्ड जो एफ०एस०एल० हेतु लंबित है का पत्राचार पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के माध्यम से राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला, झारखण्ड, रॉची को करवायें, सी०सी०टी०एन०एस० अन्तर्गत क्क्क्र1 ३ङ्क 7 फॉर्म को अद्यतन करने, काराधीन अपराधकर्मियों के जेल में जाकर पूछताछ करें, गणमान्य व्यक्तियों/बड़े व्यवसायियों से वार्ता कर थाना क्षेत्रान्तर्गत में सी०सी०टी०भी० लगवाना सुनिश्चित करें, गंभीर प्रवृति के वैसे लंबित काण्डों में जिसमें अभियुक्त का नाम-पता राज्य से बाहर जाकर सत्यापन हेतु लंबित है उसमें अविलम्ब नाम-पता का सत्यापन करें, गंभीर प्रवृति के काण्डों में जेल से बाहर निकले अपराधकर्मियों के वर्तमान गतिविधि का सत्यापन करें तथा संदिग्ध गतिविधि पाये जाने पर थाना हाजरी का प्रस्ताव समर्पित करें, महिलाओं के सुरक्षा को लेकर सभी थाना / ओ०पी० प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि रात्रि के समय किसी महिला, बच्चों एवं बुजूर्ग को अकेला देख उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करते हुए उनके गंतव्य स्थल तक सुरक्षित पहुँचाना सुनिश्चित करेंगे। महिला उत्पीड़न (पोक्सो एवं बलात्कार) के मामलों को 02 माह के अन्दर निष्पादन करने, सड़क सुरक्षा से संबंधित उपाय करने एवं जगरूकता अभियान चलाने, हिट एण्ड रन मामलों के पीड़ितो को ससमय मुआवजा दिलवाने, डायल 112 में प्राप्त होने वाले शिकायतों का स-समय निपटारा करने, पुराने मामलों में आरोपियों को स-समय अदालत में उपस्थित कराने, न्यू क्रिमिनल लव के तहत ई साक्ष्य एप का उपयोग, महत्वपूर्ण काण्डों का प्रभार स्वयं थाना प्रभारी को ग्रहण करने हेतु निर्देशित किया गया है। संगठित अपराधिक गिरोह के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने, थाना / ओ०पी० क्षेत्र में प्रवेश/निकाश के मार्गों पर बैरियर लगाने एवं एंटी क्राईम चेकिंग करने हेतु सभी थाना/ओ०पी० प्रभारी को निर्देशित किया गया। 03 या 03 से अधिक काण्डों का निष्पादन करने वाले पदाधिकारियों को एक-एक सुसेवांक से पुरस्कृत किया गया। बैठक में सहायक पुलिस अधीक्षक -सह -अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पतरातु, पुलिस उपाधीक्षक (मु०). रामगढ़ -सह -अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़, परिचारी प्रवर, परिचारी, पुलिस केन्द्र, रामगढ़, पु०नि० -सह -थाना प्रभारी, रामगढ़ / रजरप्पा, यातायात थाना प्रभारी, रामगढ़, सभी थाना / ओ०पी० प्रभारी एवं सभी शाखा प्रभारी बैठक में उपस्थित रहें।

आजसू सुप्रीमो का पतरातू में किया गया स्वागत

पतरातू: मंगलवार को केरेडारी प्रखंड में आयोजित बड़कागांव विधानसभा स्तरीय पार्टी का कार्यकर्ता कार्यशाला में जाने के दौरान पतरातू प्रखंड के शहीद भगत सिंह चौक पर पार्टी कार्यकताओं ने आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो एवं पार्टी के केंद्रीय महा सचिव संजय मेहता का बुके देकर एवं फूल माला पहना कर भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वालों में प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो केंद्रीय सदस्य अशोक पाठक जिला उपाध्यक्ष नित्यानंद कुमार प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश सिंह जिला सहसचिव अजय रवि मनोज राम राजेश पटेल गुड्डू सोनी रघु वीर महतो रवि सिंह गोवर्धन करमाली कमलेश महतो जुगेश बेदीया सहित दर्जनो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पतरातु डैम के समग्र पर्यटन विकास को लेकर विधायक ने मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को सौंपा मांग पत्र

पतरातू: राज्य के पंचम बजट सत्र के दौरान बड़कागाँव विधायक रोशन लाल चौधरी ने पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल एवं युवा कार्य मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से मुलाकात कर पतरातु डैम के समग्र पर्यटन विकास से संबंधित लंबित योजनाओं को शीघ्र प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने की मांग की। इस संबंध में विधायक ने मंत्री को एक मांग पत्र भी सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से विधायक चौधरी ने पतरातु डैम की प्राकृतिक सुंदरता एवं इसकी अपार पर्यटन संभावनाओं का उल्लेख करते हुए यहां विभिन्न आधुनिक पर्यटन परियोजनाओं को जल्द स्वीकृति देने का आग्रह किया। उन्होंने पतरातु डैम में झूला (हैंगिंग ब्रिज), ग्लास ब्रिज, ट्रॉली झूला (रोपवे) तथा मरीन ड्राइव की तर्ज पर डैम के चारों ओर ड्राइव-वे (पर्यटन सड़क) के निर्माण की मांग रखी। विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि पतरातु डैम अपनी प्राकृतिक सुंदरता के कारण पहले से ही पर्यटकों के बीच लोकप्रिय है। यदि यहां आधुनिक पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जाता है, तो यह राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल हो सकता है और बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आकर्षित होंगे। मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक को आश्वस्त किया कि पतरातु डैम के पर्यटन विकास से संबंधित प्रस्तावों पर सकारात्मक पहल की जाएगी और संबंधित योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। प्रस्तावित योजनाओं के क्रियान्वयन से न केवल क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे तथा क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी।

नवनिर्मित श्री बजरंग बली मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान 12 को, मंदिर भ्रमण और कलश यात्रा से होगा शुरूआत.

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

लोहरदगा लोहरदगा जिले के शहरी क्षेत्र स्थित प्रेम नगर कृषि मार्केट के पीछे मंदिर समिति की सार्थक पहल से नवनिर्मित श्री बजरंग बली मंदिर में एक दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आगामी 12 मार्च को आयोजित किया जाएगा. इसे लेकर मंदिर समिति के सदस्यों ने भव्य तैयारियां शुरू कर दिया हैं प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्रद्धालुओं में भी भारी उत्साह है. आयोजन समिति ने कार्यक्रम की सफलता को लेकर विस्तृत रूपरेखा तैयार कर ली है. अनुष्ठान का शुरूवात 11 मार्च से भगवान के मूरत को मंदिर भ्रमण कर किया जायेगा साथ ही प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 12 मार्च को कलश यात्रा के साथ शुरू होगा. समिति के रामविलास साहू ने बताया कि 12 मार्च

(गुरुवार) को भव्य कलश यात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ होगा. पुरोहितों के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराये जायेंगे. मंदिर निमार्ता रामविलास साहू और उनकी धर्मपत्नी बिरसमुनी देवी द्वारा नवनिर्मित बजरंग बली मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान संपन्न किया जाएगा। पूजा अनुष्ठान के बाद श्रद्धालुओं के लिए मंदिर समिति की ओर से भंडारा का भी आयोजन किया गया है। आयोजन को सफल बनाने के लिए एक विशेष कमेटी का गठन किया गया है, जो अतिथियों के स्वागत और व्यवस्था की कमान संभालेगी. श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद (भंडारा) की भी व्यवस्था की गयी है. समिति के सदस्यों ने क्षेत्र के सभी सनातन प्रेमियों से इस धार्मिक अनुष्ठान, कलश यात्रा और भंडारा में शामिल होने की अपील की है. मौके पर शिवदयाल साहू, विदेशी साहू, मुनका साहू, मुन्ना साहू, मुकेश जायसवाल, ढेलू साहू, हीरा साहू, बिंदेश्वर महतो, उदय सिंह, सोनू भगत, आशीष नाग, मुनका साहू, जसपाल सिंह, दीपक महतो, महेश शर्मा, बिपिन अग्रवाल सतीश यादव इत्यादि मौजूद रहे।

टीबी के प्रति जागरूकता हेतू कैम्प का हुआ आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

पतरातू: मंगलवार को ग्राम पंचायत कटिया बस्ती पंचायत भवन में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत संभावित टीवी मरीजों की खोज एवं जागरूकता के लिए एक दिवसीय टीबी कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से ग्राम पंचायत कटिया बस्ती के मुखिया किशोर कुमार महतो उपस्थित रहे और उन्होंने बतलाया कि हमारे देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी टीबी मुक्त भारत अभियान चलाए हैं। क्योंकि टीबी एक गंभीर बीमारी है। इसका समय रहते इलाज अगर नहीं होता है तो व्यक्ति की मौत हो जाती है। अतः इस अभियान से जुड़कर टीबी से संबंधित सभी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह एक अच्छा पहल है जिसमें टीबी बीमारी से संबंधित लक्षण, बलगम जांच, टीबी से बचाव, NPY (निक्षय पोषण योजना) में दी जाने वाली राशि 1000 का पोषण किट एवं संबंधित जानकारी दी गई है। ग्रुप का लाइन लिस्टिंग करने की जानकारी सहिया दीदी को दिया गया। साथ ही साथ संभावित लोगों का बलगम का नमूना लिया गया। इस कैंप में मुख्य रूप से CHO रीना टोप्पो ईरशाद अहमद जितेंद्र प्रसाद सरोज मछुवा सहिया दीदी सावित्री देवी सुशीला देवी स्वीटी कुमारी गुड़िया देवी गायत्री देवी बबिता देवी आदि उपस्थित थी।

उड़ती धूल और ऐश से पीवीयूएन प्लांट सहित पूरे क्षेत्र का विजिबिलिटी हुआ जीरो

प्रबंधन को ऐश के लिए जल्द उठाने पड़ेंगे ठोस कदम, वरना क्षेत्र के लोगों का जीना होगा दूभर

पतरातू: इन दोनों पतरातू क्षेत्र में सुपर थर्मल पावर का निर्माण कार्य तीव्र गति से हो रहा है या कह सकते हैं कि अब अपने अंतिम चरण की ओर अग्रसर है। प्लांट से एश तथा धूल का उड़ना अब आम बात हो गई है। मगर मंगलवार के दिन क्षेत्र के लिए एक चेतावनी भरा दिन के रूप में सामने आया। अभी जबकि प्लांट पूरी तरह प्रोडक्शन में भी नहीं आई है और थोड़ी सी आंधी तूफान में प्लांट के एश से प्लांट और पूरे क्षेत्र का विजिबिलिटी जीरो हो गया। ऐसे में आने वाले दिनों में यदि एश को सही तरीके से जगह नहीं लगाया गया तो क्षेत्र में लोगों का जीना दूभर हो जाएगा। धूल और एश से क्षेत्र त्राहिमाम कर उठेगा। वैसे भी एश की धुलाई जो बड़े हाईवा के द्वारा रोजाना किया जाता है। जिससे क्षेत्र के सड़कों पर एश गिर जाता है। जिसके कारण कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी है। ऐसे में प्रबंधन को एश के लिए कुछ ठोस कदम उठाते हुए प्रबंधन को इस एश नामक समस्या से क्षेत्र वासियों को निजात दिलानी पड़ेगी।

स्टील प्लांट में ऊंचाई से गिरा मजदूर लड़ रहा जिंदगी की जंग, व्यवस्था पर उठे सवाल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रामगढ़। रामगढ़ के कुजू इलाके में मंगलवार का दिन अचानक अफरा-तफरी में बदल गया। श्रीराम पावर एंड स्टील प्राइवेट लिमिटेड प्लांट में रोज की तरह मजदूर अपने-अपने काम में जुटे थे। मशीनों की आवाज और काम की रफ्तार के बीच किसी ने सोचा भी नहीं था कि कुछ ही पल में एक बड़ा हादसा हो जाएगा। काम के दौरान ऊंचाई पर लगे एक प्लेटफॉर्म से मजदूर विकास चौहान का संतुलन बिगड़ा और वह नीचे गिर पड़ा। गिरते ही आसपास काम कर रहे मजदूरों के बीच हड़कंप मच गया। कुछ साथी दौड़कर उसके पास पहुंचे और उसे संभालने की कोशिश करने लगे।

साथी मजदूरों ने संभाला, तुरंत पहुंचाया अस्पताल

हादसे के बाद कुछ मिनटों तक प्लांट परिसर में घबराहट का माहौल बना रहा। साथी मजदूरों ने तुरंत प्लांट प्रबंधन को सूचना दी। इसके बाद एंबुलेंस बुलाकर घायल विकास को रामगढ़ के एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। अस्पताल सूत्रों का कहना है कि उसे गंभीर चोटें आई हैं और उसकी हालत फिलहाल नाजुक बनी हुई है।

ठेकेदार के अधीन करता था काम

बताया जा रहा है कि विकास चौहान ठेकेदार राज चौहान के अधीन काम करता था। वह प्लांट में ऊंचाई पर चल रहे काम में लगा हुआ था। रोज की तरह वह भी अपने काम में व्यस्त था, लेकिन एक पल की चूक ने उसे अस्पताल के बिस्तर तक पहुंचा दिया। मजदूरों के मुताबिक ऐसे कामों में जरा सी चूक भी भारी पड़ सकती है, इसलिए हर समय पूरी सावधानी और सुरक्षा जरूरी होती है।

मजदूरों के बीच डर और चिंता

घटना के बाद प्लांट में काम करने वाले मजदूरों के बीच डर और चिंता का माहौल है। कई मजदूरों का कहना है कि ऊंचाई पर काम करना हमेशा जोखिम भरा होता है। अगर सुरक्षा उपकरण पूरी तरह उपलब्ध न हों तो खतरा और बढ़ जाता है। कुछ मजदूरों ने बताया कि कई बार काम के दबाव में सुरक्षा के नियमों को उतनी सख्ती से लागू नहीं किया जाता, जितना किया जाना चाहिए।

शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

रामगढ़। शिक्षा विभाग द्वारा रामगढ़ जिले में किए जा रहे कार्यों को लेकर मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा मध्यान भोजन अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान उनके द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुरूप बच्चों को मध्यान भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। विद्यालयों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय आदि की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने जिन विद्यालयों में जलापूर्ति की उपलब्धता नहीं है उन्हें चिन्हित कर कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल से समन्वय करते हुए तत्काल रूप से कार्य करने एवं जल्द से जल्द सभी विद्यालयों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा बच्चों के बीच किताबें, यूनिफॉर्म, स्कूल बैग आदि उपलब्ध कराने के तहत अब तक हुए कार्यों की समीक्षा करते हुए इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इन सब के अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम, छात्रवृत्ति, खेलो झारखंड, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालय आदि की भी समीक्षा करते हुए सफल संचालन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

मोटर एक्सीडेंट क्लेम केसेस को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

पीड़ित परिवार को बताएं सड़क दुर्घटना में मुआवजे का है प्रावधान : पीडीजे

झालसा, रांची के मार्गदर्शन में 10 मार्च 2026 को व्यवहार न्यायालय परिसर लोहरदगा स्थित सभाकक्ष में मोटर एक्सीडेंट क्लेम केसेस को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा श्री राजकमल मिश्रा, डालसा सचिव श्री राजेश कुमार, डीएसपी मुख्यालय श्री समीर तिर्की, रिसोर्स पर्सन ओरियंटल इंश्योरेंस के प्रबंधक श्री शिव प्रकाश, रिसोर्स पर्सन श्री जेपीएन सिन्हा, मध्यस्थ सह पैनल अधिवक्ता श्री लाल धर्मेंद्र देव ने दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा ने कार्यशाला में उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं अन्य प्रतिभागियों को बतलाया कि सड़क दुर्घटना में

सुनिश्चित मुआवजे का प्रावधान किया गया है. समय पर एफएआर(प्रथम दुर्घटना रिपोर्ट) जमा करने से मुआवजा शीघ्र दिलाया जा सकता है उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना के पीड़ित परिवार को बताएं कि मामले पर मुआवजा का प्रावधान है। दुर्घटना के बाद होने वाली सभी कार्रवाई का अच्छे से अनुपालन करें। डीएसपी मुख्यालय समीर तिर्की ने कहा कि वो सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि समय पर एफएआर समय से जमा किया जाए. हमारी प्राथमिक होनी चाहिए कि दुर्घटना कम हो। यदि दुर्घटना होती है तो सरकार और न्यायालय के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई करते हुए पीड़ित को यथा शीघ्र मुआवजा दिलाने का कार्य करना है। प्रबंधक ओरियंटल इंश्योरेंस ने बताया कि वाहनों का बीमा होना आवश्यक है। न्यूनतम थर्ड पार्टी का बीमा होना ही चाहिए. 3000 रुपये में चार पहिया एवं 1300 रुपये में दो पहिया वाहन के बीमा मिल जाते है. इतना होने पर वाहन दुर्घटना के बाद दूसरे के प्रति आपकी जवाबदेही बीमा कंपनी उठा लेती है. रिसोर्स पर्सन जेपीएन सिन्हा ने बताया कि पीड़िता को मुआवजा की राशि आयु, आय, आश्रित, विवाहित अविवाहित आदि को देखते हुए निर्धारित की जाती है। डालसा सचिव ने बताया कि एफएआर 48 घंटे के अंदर एमएसीटी कोर्ट में जमा करना चाहिए. उन्होंने बताया कि यदि गाड़ीवाला दुर्घटना के बाद भाग जाता है तो मृतक के आश्रित को 02 लाख एवं घायल को 50 हजार रुपये दिए जाते हैं। जिसका आवेदन एसडीओ कार्यालय में जमा करें। ऐसे मामलों में अन्वेषण अधिकारी एसडीओ ही होते हैं। उन्होंने बताया कि हिट एंड रन मामले को लेकर अनुमंडल कार्यालय से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 01 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक कुल 17 मामले आए हैं। जिसमें से आठ आश्रितों के बीच 16 लाख रुपए का वितरण किया गया है। 09 मामले संचिका जीआईसी के स्तर पर लंबित है. मौके पर एलएडीसीएस के अधिवक्ता, पैनल अधिवक्ता, विभिन्न थानों के पुलिस अधिकारी, पीएलवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

हेसला पंचायत के विस्थापितों ने प्रशासन व प्रबंधन के खिलाफ खोला मोर्चा, हजारों की संख्या में महिला पुरुषों ने मसाल जुलूस जलाकर जताया विरोध

पतरातू: पतरातू प्रखंड के हेसला पंचायत इन दोनों काफी सुर्खियों में है। क्योंकि अचानक ही इस पंचायत के सैकड़ो विस्थापित परिवारों को बेघर होना पड़ रहा है। दरअसल हेसला पंचायत जियार्डा कंपनी को हस्तांतरित किया जा चुका है। जिसके बाद वहां वर्षों से रह रहे विस्थापितो को बेघर कर उनके घरों में प्रशासन व प्रबंधन के द्वारा बुलडोजर चला दिया गया। ऐसे में क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि, स्थानीय विधायक व पंचायत के मुखिया तथा अन्य बुद्धिजीवियों ने इसका कई बार विरोध किया तथा कहा गया कि इन्हें पहले कहीं बसा दें फिर इनको उजाड़ने का काम करें। क्योंकि यह लोग वर्षों से यहां रह रहे हैं। अचानक अब यह लोग कहां जाएंगे। मगर प्रशासन और प्रबंधन के द्वारा कोई सुनवाई नहीं होते देखाल आज इनका गुस्सा फूट पड़ा और मंगलवार की शाम हजारों की संख्या में महिला पुरुषों ने

मशाल जुलूस जलाकर इसका विरोध जताया। पूरे सभा को प्रदीप महतो ने संबोधित किया । वहीं वह के कद्दावर नेता नित्यानंद कुमार ने भी जुलूस को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे कैसे किसी को हटाया जा सकता है। इनके बारे में भी कुछ सोचा जाए फिर इन्हें हटाने का काम किया जाए। प्रदीप महतो ने कहा कि हाई कोर्ट का झूठा हवाला देते हुए हम विस्थापितों को बेघर करने की यह गंदी राजनीति है। हम इसे कतई सफल नहीं होने देंगे अब हमारे सब्र का बांध टूट चुका है। हम अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं और अब हम कभी पीछे नहीं हटेंगे। चाहे इसके लिए हमारी जान ही क्यों ना चली जाए।

कल्याण अस्पताल में निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

विकास भारती बिशनपुर द्वारा संचालित कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह में 10 मार्च 2026 को निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया

विकास भारती बिशनपुर द्वारा संचालित इस अस्पताल में आयोजित मेगा हेल्थ कैंप में रांची के सुप्रसिद्ध चिकित्सकों के द्वारा स्वास्थ्य परामर्श उपलब्ध कराया गया इस मेगा हेल्थ शिविर में हड्डी जोड़ एवं नस रोग के विशेषज्ञ सह सर्जन डॉक्टर विजय कुमार,नाक कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एस कुमार, दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अनुभव कुमार, जनरल फिजिशियन डॉक्टर डी खेस डॉक्टर प्रेम प्रकाश सिंहा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अजीत कुमार अग्रवाल आदि चिकित्सको के द्वारा चिकित्सा जांच कराया गया जिसमें कुल 145 रोगियों का निशुल्क इलाज किया गया जिसमें हड्डी रोग के 82 ,दंत रोग के 13, कान गला नाक रोग के 15 , शिशु रोग के 4,सामान्य रोग के 31 मरीजो का इलाज किया गया जिसमें एक्स-रे 11, ई.सी.जी.1,लैब पेशेंट 28 टेस्ट 60 इत्यादि मरीजों का जांच किया गया ' साथ ही स्वास्थ्य जांच शिविर में 41 ग्रामीणों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया ' शिविर को सफल बनाने में मुख्य रूप से अस्पताल के लाइनिंग प्रबंधक राजीव रंजन, मुकेश साहू अरुण राम वरुण सिंह फारूक अंसारी दीलेश लोहार जमुना देवी उर्मिला कुजूर एएनएम अंशु कुमारी प्रीति कुमारी सीमा उरांव यशिका तिग्गा निर्मला कुजूर सावित्री तिर्की भजन भगत सूरजमानी भगत संचरिया देवी अनीता देवी इत्यादि लोगों का सहयोग रहा'

रांची सिविल कोर्ट को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी, जांच में जुटी पुलिस और बीडीएस टीम

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रांची। रांची सिविल कोर्ट में एक बार फिर से बम से उड़ाने की धमकी दी गई है. अज्ञात शख्स के द्वारा ई-मेल कर धमकी दी गई है. धमकी देने वाले शख्स ने पूरे कोर्ट परिसर को साइनाइड बम से उड़ाने की धमकी दी है. ई-मेल में 14 साइनाइड बमों के प्रयोग की बात कही गई है. जिसके बाद एक बार फिर से बम निरोधक दस्ता एक्टिव हो गया है.

सिविल कोर्ट को उड़ाने की धमकी का तीसरा मामला

पिछले 1 महीने से राजधानी रांची में किसी अज्ञात शख्स के द्वारा लगातार बम धमाके करने की धमकी ई-मेल के माध्यम से दी जा रही है. कभी सिविल कोर्ट , कभी डीसी कार्यालय तो कभी पासपोर्ट ऑफिस. इन महत्वपूर्ण स्थानों पर बम विस्फोट करने की धमकी देने वाला शख्स कौन है यह पुलिस के लिए भी एक अबूझ पहेली बनी हुई है. इसी बीच मंगलवार को एक बार फिर से ई-मेल भेजकर कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है. सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी देने का तीसरा मामला है.

इंसाफ मिलता नहीं, इसलिए उड़ा देंगे कोर्ट को

धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद रांची के कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय बम निरोधक दस्ते के साथ सिविल कोर्ट पहुंचे और कोर्ट परिसर की जांच की. डीएसपी ने बताया कि एक बार फिर से ई-मेल के जरिए बम धमाका करने की धमकी दी गई है. जिसके बाद मामले की जांच की जा रही है. कोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार इस बार ई-मेल के जरिए 14 साइनाइड बमों के प्रयोग कर को बिल्डिंग को उड़ाने की धमकी दी गई है. ई-मेल में यह भी लिखा गया है कि जब इंसाफ मिलता ही नहीं, इसलिए कोर्ट को उड़ा देंगे. राजधानी रांची में इन दोनों एक अज्ञात ई-मेल भेजने वाले व्यक्ति की वजह से दहशत का माहौल है. अब तक तीन बार रांची सिविल कोर्ट को बम धमाके में उड़ने की धमकी दी गई है. जबकि एक-एक बार रांची डीसी ऑफिस और पासपोर्ट ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी ई-मेल के जरिए दी गई है. रांची के कोतवाली और सुखदेवनगर थाने में इस संबंध में फिर भी अज्ञात व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है, लेकिन पुलिस अभी तक ई-मेल भेज कर धमकी देने वाले शख्स की पहचान नहीं कर पाई है. जिसकी वजह से उसकी गिरफ्तारी भी नहीं हो पा रही है.

बेहद खतरनाक तरीके से दी जा रही है धमकी

पहली बार 6 फरवरी 2026 को रांची सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी. इस मामले में पुलिस की ओर से एफआईआर दर्ज की गई थी. रांची पुलिस की ओर से बताया गया है कि ई-मेल के माध्यम से कोर्ट बिल्डिंग में कई जगह आरडीएक्स और आईईडी लगाने का जिक्र किया गया था. वहीं धमकी भरे ई-मेल में यह भी लिखा गया था कि अगर आईईडी एक्टिवेट नहीं होता है तो आतंकियों के द्वारा कोर्ट बिल्डिंग में आत्मघाती धमाका कर बिल्डिंग को उड़ा दिया जाएगा. कुछ इसी तरह से दूसरी बार भी कोर्ट बिल्डिंग को उड़ाने की धमकी दी गई थी. पुलिस अभी इस मामले की जांच कर ही रही थी कि कुछ ही दिन बाद रांची के डीसी ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी. तीनों मामले की जांच चली रही थी कि तभी 6 मार्च को रांची के पासपोर्ट ऑफिस को बम से उड़ा देने की धमकी दे दी गई. रांची पुलिस और साइबर टीम दोनों ही उस अज्ञात धमकी देने वाले शख्स की तलाश में जुटी हुई है, लेकिन अभी तक उन्हें इसमें कोई सफलता हाथ नहीं लग पायी है.

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना एवं प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना पर ग्राहक जनसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रांची। झारखंड के अग्रणी बैंक, बैंक ऑफ इंडिया ने संयोजक की भूमिका निभाते हुए प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना एवं प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत एक ग्राहक जनसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन रांची स्थित क्टअ हॉल में किया। कार्यक्रम का उद्देश्य इन योजनाओं के माध्यम से उद्यमियों, मत्स्य पालकों एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से जुड़े लोगों को वित्तीय सहायता एवं बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी प्रदान करना तथा उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री आर. एस. भगवाने, महाप्रबंधक, नाबार्ड थे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना एवं प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने, रोजगार सृजन को बढ़ावा देने तथा कृषि आधारित उद्योगों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने बैंकों एवं संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर अधिक से अधिक लाभार्थियों तक इन योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर बल दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपमहाप्रबंधक, एसएलबीसी श्री संतोष कुमार सिन्हा तथा मत्स्य निदेशक, झारखंड सरकार श्री अमरेंद्र कुमार भी उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राज्य में मत्स्य पालन एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं और इन योजनाओं के माध्यम से युवाओं एवं उद्यमियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने लाभार्थियों से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों द्वारा योजनाओं से संबंधित ऋण सुविधाओं, सब्सिडी प्रावधानों एवं आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी भी दी गई तथा 200 से अधिक लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर कुल 18 बैंकों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया तथा योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए अपने सुझाव साझा किए। कार्यक्रम का समापन बैंक ऑफ इंडिया, रांची अंचल के आंचलिक प्रबंधक श्री संजीव कुमार सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने सभी अतिथियों, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों तथा उपस्थित प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बैंक ऑफ इंडिया भविष्य में भी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है।

गैस सिलेंडर की किल्लत पर केंद्र सरकार पर आक्रामक हुई कांग्रेस, इरफान अंसारी ने कहा- विदेश नीति पूरी तरह चौपट

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रांची। घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति में कमी और कीमतों में वृद्धि से राज्य के विभिन्न जिलों में आम लोगों में रोष है, वहीं इस मुद्दे पर सियासत भी गरमाई हुई है. विपक्षी दल कांग्रेस केंद्र की भाजपा सरकार पर लगातार हमला बोल रही है. राजधानी रांची सहित झारखंड के कई जिलों में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की उपलब्धता प्रभावित हुई है. 7 मार्च 2026 से घरेलू 14.2 किलो सिलेंडर की कीमत में ?60 की बढ़ोतरी हुई है, जिससे रांची में अब यह ?970.50 तक पहुंच गई है. यह वृद्धि पश्चिम एशिया (मध्य पूर्व संकट, विशेषकर इजराइल-ईरान तनाव) के कारण वैश्विक आपूर्ति प्रभावित होने से जुड़ी बताई जा रही है. केंद्र सरकार ने आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए रिफाइनरों को अधिकतम उत्पादन के निर्देश दिए हैं और पैनिक बुकिंग रोकने के लिए दो सिलेंडर बुकिंग के बीच 21 दिनों का अंतर अनिवार्य किया है. हालांकि, सरकारी स्तर पर कोई कमी नहीं होने का दावा किया जा रहा है, लेकिन पैनिक बुकिंग और होर्डिंग की आशंका से स्थिति बिगड़ी है.

कांग्रेस नेताओं का केंद्र पर तीखा हमला

खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि मोदी सरकार पूरी तरह फ्लॉप हो गई है. उन्होंने विदेश नीति को चौपट बताया और कहा कि ईरान से जुड़े जहाज की घटना का जिक्र करते हुए मेहमानों की रक्षा न करने पर सवाल उठाया. उन्होंने चेतावनी दी कि आने वाले समय में बड़ा संकट आएगा, महंगाई चरम पर पहुंचेगी, पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ेंगे. उन्होंने राहुल गांधी को मोदी को पाठ पढ़ाने की जरूरत बताई और कहा कि यदि राहुल गांधी सत्ता में होते तो अमेरिका आंख नहीं दिखाता. ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने भी केंद्र पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि गैस के दाम बढ़े हैं, पेट्रोल-डीजल भी महंगे होंगे और महंगाई और बढ़ेगी. विदेश नीति के नाम पर कुछ नहीं बचा है. जब उनसे राज्य सरकार की वैकल्पिक व्यवस्था पर सवाल किया गया, तो उन्होंने इसे केंद्र का मामला बताते हुए राहुल गांधी से सलाह लेने की बात कही. उन्होंने जीएसटी और किसान बिल के उदाहरण देते हुए कहा कि राहुल गांधी ने पहले ही सही रास्ता दिखाया था, लेकिन देर से समझ आया. कांग्रेस विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि 2014 में भाजपा ने पेट्रोल, डीजल और गैस सस्ता करने का वादा किया था, लेकिन आज स्थिति उलट है. पूरे देश में हाहाकार मचा है, रेलवे टिकट से लेकर रसोई सामान तक महंगा हो रहा है और अब गैस सिलेंडर भी नहीं मिल रहा.

डायन-बिसाही का मामला, झारखंड में अमानवीय अत्याचार रोकने की मांग की

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रांची। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने राज्यसभा में विशेष उल्लेख के माध्यम से झारखंड में डायन-बिसाही जैसी कुप्रथा का मुद्दा उठाया. उन्होंने कहा कि यह कुप्रथा न केवल महिलाओं की गरिमा और मानवाधिकारों पर सीधा प्रहार है, बल्कि पूरे समाज के माथे पर कलंक भी है. सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आधुनिक युग में भी झारखंड के कई ग्रामीण क्षेत्रों में अंधविश्वास के कारण महिलाओं, विशेषकर वृद्ध, विधवा और असहाय को डायन घोषित कर दिया जाता है. इसके बाद उनके साथ सामाजिक बहिष्कार, मारपीट, अमानवीय व्यवहार और कई बार जघन्य हत्या जैसी घटनाएं तक सामने आती हैं.

उन्होंने इसे सभ्य समाज के लिए अत्यंत शर्मनाक और चिंताजनक बताया. राज्यसभा में दीपक प्रकाश ने डायन बिसाही जैसी सामाजिक बुराई को जड़ से समाप्त करने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर बल देते हुए तीन प्रमुख उपाय सुझाए. पहला, वर्तमान कानूनों को और अधिक प्रभावी बनाते हुए दोषियों को त्वरित और कठोर सजा सुनिश्चित की जाए. दूसरा, राज्य के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जन-जागरण अभियान चलाकर अंधविश्वास के विरुद्ध सामाजिक चेतना को मजबूत किया जाए. तीसरा, सरकार, सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों को मिलकर महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए सामूहिक पहल करनी होगी. सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि डायन-बिसाही जैसी घटनाएं केवल कानून-व्यवस्था की चुनौती नहीं हैं, बल्कि यह हमारे सामाजिक ताने-बाने और आपसी सौहार्द्र पर भी गंभीर आघात हैं. उन्होंने समाज से भी आह्वान किया कि अंधविश्वास के खिलाफ सामूहिक रूप से आवाज उठाई जाए, तभी इस अमानवीय कुप्रथा को पूरी तरह समाप्त किया जा सकेगा.

सिलेंडर खत्म होने पर 5 और 2 किलो का मिलेगा एलपीजी सिलेंडर, आपूर्ति को लेकर रांची प्रशासन ने की समीक्षा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रांची। घरेलू एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर सामने आई शिकायतों के बीच रांची जिला प्रशासन ने स्थिति की समीक्षा की है. उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार रजत की अध्यक्षता में ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई. बैठक में आईओसीएल, एचपीसीएली और बीपीसीएल के क्षेत्रीय प्रबंधक (एलपीजी सेल्स), जिला आपूर्ति पदाधिकारी रामगोपाल पांडेय, उरउ के जिला नोडल अधिकारी और जिले की सभी गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि शामिल हुए. बैठक में हाल के दिनों में एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति में आई समस्याओं पर चर्चा की गई. कंपनियों के अधिकारियों ने बताया कि होली पर्व के दौरान सप्लाई चेन में अस्थायी व्यवधान के कारण कुछ समय के लिए वितरण प्रभावित हुआ था. हालांकि अधिकारियों का कहना है कि वर्तमान में स्थिति सामान्य है और गैस की उपलब्धता बनी हुई है.

घरेलू सिलेंडर कम से कम 25 दिन पहले करे बुकिंग

प्रशासन की ओर से उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि वे 14.2 किलोग्राम के घरेलू सिलेंडर की बुकिंग कम से कम 25 दिन पहले कर लें, ताकि समय पर डिलीवरी मिल सके. अधिकारियों के अनुसार बुकिंग के बाद सामान्य स्थिति में 2 से 3 दिनों के भीतर होम डिलीवरी दी जा रही है. बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि यदि किसी उपभोक्ता का सिलेंडर 25 दिन की अवधि से पहले समाप्त हो जाता है, तो उसे बिना बुकिंग के 5 किलोग्राम और 2 किलोग्राम के छोटे एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराए जा सकते हैं. इसके लिए उपभोक्ता संबंधित गैस एजेंसी से संपर्क कर डोरस्टेप डिलीवरी की सुविधा ले सकते हैं.

प्रशासन ने एजेंसियों से छोटे सिलेंडरों की उपलब्धता की ली जानकारी

जिला आपूर्ति पदाधिकारी रामगोपाल पांडेय ने कहा, उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए गैस कंपनियों और एजेंसियों के साथ नियमित समंवय किया जा रहा है. लोगों को सलाह दी जा रही है कि वे समय से सिलेंडर बुकिंग करें, ताकि आपूर्ति व्यवस्था सुचारु बनी रहे. बैठक के दौरान गैस एजेंसियों से छोटे सिलेंडरों की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था की भी जानकारी ली गई. कंपनियों को निर्देश दिया गया कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए टोल फ्री नंबर जारी करें और उन पर कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित करें. जिससे लोग फोन पर आसानी से जानकारी प्राप्त कर सकें.

194वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रांची। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 194 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया राम सिया राम सिया राम जय जय राम के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। मंदिर के आचार्य ने अखण्ड ज्योति एवं पूजन के सभी कार्य सम्पन्न करवाएं। सुनील मोदी ने बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। सुनील मोदी ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया गया। भक्तजन श्री हनुमान जी महाराज की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेडा सेवा मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा एवम राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की। इस अवसर पर मण्डल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका महामंत्री गौरव अग्रवाल कोषाध्यक्ष मनोज खेतान उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया उपाध्यक्ष अशोक लड़िया रिषभ कुमार हर्ष कृष्णा अंकित कुमार आदि भक्त उपस्थित थे। उपरुक्त सभी जानकारी मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने दी।

मार्केट सर्वे में सामने आई ओवरप्राइस वाली 600 दवाएं, अग्रेतर कार्रवाई के लिए एनपीपीए को किया गया रिपोर्ट

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रांची। राजधानी के नामकुम स्थित आईपीएच सभागार में 'द ड्रग्स (प्राइस कंट्रोल) ऑर्डर, 2013 एवं फार्मा सही दाम ऐप' विषय पर एक महत्वपूर्ण राज्य स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. झारखंड स्टेट फार्मास्युटिकल प्राइस मॉनिटरिंग एंड रिसोर्स यूनिट द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी, भारत सरकार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ. राज्य के अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अजय कुमार सिंह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. वहीं राज्य की औषधि नियंत्रक ऋतु सहाय सहित कई अधिकारियों ने भाग लिया.

सही मूल्य के प्रति जागरुकता पर जोर

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह कार्यक्रम को संबोधन किया. उन्होंने कहा कि राज्य की गरीब और ग्रामीण जनता को दवाइयों के सही मूल्य के प्रति जागरूक करना सबसे बड़ी जरूरत है. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस मुहिम में फामेर्सी के छात्र-छात्राओं और केमिस्ट-ड्रगिस्ट संगठनों का सहयोग लिया जाना चाहिए. जिससे जागरूकता अभियानों को और अधिक व्यापक और प्रभावी बनाया जा सकता है. इस अवसर पर एनपीपीए के डायरेक्टर कुमार अमन भारती ने दवाओं के मूल्य निर्धारण की जटिल प्रक्रिया को स्पष्ट किया. उन्होंने कहा कि कोई भी दवा कंपनी सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर नहीं बेच सकती. उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वाली कंपनियों से ओवरचार्ज की गई राशि वसूली जाएगी. कार्यक्रम के दौरान राज्य की निदेशक (औषधि) ऋतु सहाय ने झारखंड स्टेट फार्मास्युटिकल प्राइस मॉनिटरिंग एंड रिसोर्स यूनिट के कार्यों और राज्य में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि जेपीएमआरयू के अंतर्गत कई आईईसी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, ताकि लोगों में बृहद जागरूकता पैदा हो सके. ऋतु सहाय ने कहा कि मार्केट सर्वे में लगभग 600 दवाइयां मिले, जिसमें ओवर प्राइसेज का केस था, उस संबंध में एनपीपीए को रिपोर्ट किया जा चुका है, ताकि अग्रेतर कार्रवाई की जा सके. कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि 'फार्मा सही दाम' मोबाइल ऐप की मदद से किसी भी दवा की सही कीमत जान सकते हैं. वक्ताओं ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से अपील की है कि वे इस ऐप को अपने मोबाइल में इंस्टॉल करें, ताकि दवाओं की सही कीमत की जांच तुरंत की जा सके. इस जागरूकता कार्यक्रम में एनपीपीए के डायरेक्टर कुमार अमन भारती, अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा, डायरेक्टर इन चीफ (स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ सिद्धार्थ सान्याल, उप-निदेशक डॉ सुजीत कुमार, रजनीश सिंह, सहायक निदेशक राम कुमार झा और प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गुलाम रब्बानी ने भी अपने विचार साझा किए.

संवेदक द्वारा जलमीनार अधूरा छोड़ देने पर, ग्रामीणों में रोष

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

बुंडू। प्रखंड क्षेत्र के ताऊ दलकीडीह और डामारी में पेयजल एवं स्वाच्छता योजना 2021-22 पिछले पांच सालों बन रही जलमीनार का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है ये जलमीनार लाखों रुपये की लागत बनी है। परंतु संवेदक के मनमानी से अधूरा है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि संवेदक द्वारा जलमीनार का निर्माण कार्य शुरू तो किया गया, लेकिन बीच में ही काम बंद कर दिया गया, जिससे गांव में पेयजल की समस्या और गंभीर हो गई है। ग्रामीणों कों जलमीनार बनने से गांव के सैकड़ों लोगों को शुद्ध पेयजल मिलने की उम्मीद थी। लेकिन लंबे समय से निर्माण कार्य बंद रहने के कारण ग्रामीण रोंष हैं स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार संबंधित विभाग को इस संबंध में सूचना दी गई, लेकिन अब तक काम दोबारा शुरू नहीं किया गया है। गर्मी का मौसम शुरू होने के साथ ही गांव में पानी की किल्लत बढ़ने लगी है, गांव में चापाकल, कुएं का जलस्तर नीचे चला गया है जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने विभाग से जल्द से जल्द जलमीनार का निर्माण कार्य पूरा कराया जाए, ताकि गांव के लोगों को नियमित रूप से पानी मिल सके। इस विषय पर संबंधित पीएचडी विभाग अधिकारी आशीष आनंद को पूछने पर बताया जल्द ही अधूरे जलमीनार ठेकेदार द्वारा बनाई जाएगी। संवेदकों से संपर्क किया जा रहा।

जंगल से करघे तक तसर रेशम की यात्राः झारखंड बना देश का सबसे बड़ा उत्पादक, लाखों परिवारों की बढ़ी आजीविका

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रांची। झारखंड के जंगलों में अर्जुन, आसन और साल के पेड़ों के बीच पनपने वाला तसर रेशम आज राज्य की पहचान बन चुका है. प्राकृतिक वातावरण में तैयार होने वाला यह रेशम न केवल अपनी खास बनावट और मजबूती के लिए जाना जाता है, बल्कि लाखों ग्रामीण और जनजातीय परिवारों की आजीविका का आधार भी बन गया है. देश में तसर रेशम उत्पादन में झारखंड पहले स्थान पर है और कुल उत्पादन का बड़ा हिस्सा यहीं से आता है. तसर रेशम दरअसल एन्थेरिया मायलिटा नामक कीट के कोकून से तैयार होता है. यह कीट जंगलों में पाए जाने वाले अर्जुन, आसन और साल के पेड़ों की पत्तियों पर पाला जाता है. प्राकृतिक वातावरण में होने वाली यह प्रक्रिया तसर को अन्य रेशम से अलग पहचान देती है. यही वजह है कि इसे टिकाऊ, प्राकृतिक और विशिष्ट बनावट वाला रेशम माना जाता है.

ऐसे बनता है तसर रेशम

तसर रेशम की यात्रा जंगलों से शुरू होकर करघों तक पहुंचती है. सबसे पहले किसानों द्वारा पेड़ों पर तसर के कीड़ों का पालन किया जाता है. लगभग एक महीने तक ये कीड़े पत्तियां खाकर बढ़ते हैं और फिर अपने चारों ओर कोकून बना लेते हैं. इस कोकून को सावधानी से एकत्र किया जाता है और धूप या भाप की मदद से सुखाया जाता है, ताकि अंदर मौजूद कीट नष्ट हो जाए और रेशम के धागे की गुणवत्ता बनी रहे. इसके बाद कोकून को गर्म पानी में पकाकर रीलिंग प्रक्रिया के माध्यम से महीन धागा निकाला जाता है. यही धागा आगे चलकर कताई और बुनाई के जरिए साड़ियों, दुपट्टों, सूट और अन्य परिधानों में बदल जाता है. भागलपुरी सिल्क और तसर साड़ियों की पहचान इसी प्रक्रिया से जुड़ी हुई है.

झारखंड में तेजी से बढ़ा उत्पादन

झारखंड में तसर रेशम उत्पादन लगातार बढ़ रहा है. वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य में 1121.77 मीट्रिक टन तसर रेशम का उत्पादन हुआ था, जो 2024-25 में बढ़कर 1356 मीट्रिक टन तक पहुंच गया. राज्य में लगभग डेढ़ लाख किसान प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से रेशम उत्पादन से जुड़े हुए हैं. एक किसान परिवार को एक फसल से औसतन 40 से 50 हजार रुपये तक की आय हो जाती है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है. रेशम मुख्य रूप से चार प्रकार का होता है तसर, एरी, मुलबरी और मुगा. इनमें तसर रेशम का उत्पादन झारखंड में सबसे अधिक होता है. यही कारण है कि देश में तसर उत्पादन के मामले में झारखंड अग्रणी राज्य बन चुका है. राज्य सरकार भी रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चला रही है. उद्योग विभाग के अंतर्गत संचालित रेशम निदेशालय की देखरेख में 40 से अधिक परियोजनाएं संचालित हो रही हैं. इन योजनाओं के माध्यम से किसानों को रेशम नर्सरी, सिल्कवर्म पालन, युवा किसान प्रशिक्षण और व्यावसायिक उत्पादन के लिए सहायता दी जा रही है.

अल्पसंख्यक विद्यालयों के छात्रों को मिलेगी पोशाक, छात्रवृत्ति ! हक में फैसला लेने की होगी कोशिश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रांची। निरसा से भाकपा माले के विधायक अरूप चटर्जी ने प्रश्नकाल के दौरान अल्पसंख्यक विद्यालयों के छात्रों को मिलने वाली सुविधाओं से जुड़ा सवाल उठाया. उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक विद्यालयों में पढ़ रहे विद्यार्थियों को सिर्फ पाठ्य पुस्तकें मुहैया कराई जाती हैं, लेकिन दूसरे सरकारी स्कूली बच्चों की तरह पोशाक, साइकिल और कॉपी मुहैया नहीं कराई जाती है. साथ ही मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना का लाभ भी नहीं दिया जाता है. इसकी वजह से विद्यार्थियों पर शैक्षणिक समानता और भेदभाव का प्रभाव पड़ रहा है. जवाब में मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि भारत सरकार की ओर से संचालित समग्र शिक्षा योजना के तहत अल्पसंख्यक विद्यालयों के कक्षा - 1 से 8 तक में नामांकित विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकें मुहैया कराई जाती हैं. शेष सुविधाएं मुहैया कराने का प्रावधान नहीं है, क्योंकि अल्पसंख्यक विद्यालयों को सरकारी स्कूल का दर्जा प्राप्त नहीं है. उन्होंने कहा कि ऐसे स्कूल के शिक्षकों को सरकार सैलरी मुहैया कराती है. इसपर विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि छात्रों के साथ भेदभाव का उनपर विपरीत प्रभाव पड़ता है. इस बारे में सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए. जवाब में मंत्री सुदिव्य कुमार ने सहमति जताई कि शिक्षण व्यवस्था में भेदभाव की कोई गुंजाइश नहीं रहनी चाहिए, लेकिन नीतिगत मामला होने की वजह से सुविधाएं नहीं दी जाती हैं. हालांकि उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस उचित मांग को ध्यान में रखते हुए अल्पसंख्यक स्कूल के विद्यार्थियों को सरकारी स्कूलों की तर्ज पर तमाम सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रयास जरूर किए जाएंगे.

शादी समारोह में जा रहे दो युवकों की हादसे में मौत, तेज हेडलाइट से चौंधियाई आंख

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकराई, साहिबगंज में दो युवकों की दर्दनाक मौत

साहिबगंज। साहिबगंज जिले में इन दिनो तेज रफ्तार की कहर तेजी से बढ़ गई है. जहां बीते सोमवार की रात तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकराई बताया जा रहा है कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक सवार शोभापुर डेरा के समीप बिति रात एनएच 80 पर हुई सड़क हादसे में दो युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गया. मृतक युवक की पहचान शोभनपुर भट्ठा व तालबन्ना मुहल्ला का रहने वाला है.मिली जानकारी के अनुसार शोभापुर भट्टा निवासी देवानंद यादव के 18 वर्षीय पुत्र बादल कुमार यादव एवं तालबन्ना मोहल्ला निवासी राजकुमार यादव का 23 वर्षीय पुत्र सनोज कुमार यादव है. दोनों युवक बाइक में सवार होकर महादेवगंज में शादी समारोह में भोज खाने के लिए जा रहा था. इसी दौरान शोभापुर डेरा के समीप सामने से आ रहे बड़े वाहन के हेडलाइट से मोटर साइकिल चला रहे युवक का आंख चौंधरा गया.जिसके कारण मोटरसाइकिल एन एच 80 किनारे पीपल के पेड़ से जा टकराया.जहाँ दोनो युवक की मौके पर ही हो गया.मामले की जानकारी मिलते ही मुफ्फसिल व नगर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दोनो युवक को सदर अस्पताल लेकर पहुंचा. जहां चिकित्सक डॉक्टर मुकेश कुमार ने दोनों युवकों को मृत्यु घोषित कर दिया वहीं पुलिस ने मंगलवार की सुबह शव का पोस्टमार्टम करने के बाद दोनों युवक के शव को परिजनों को सौंप दिया. बताया जा रहा है कि वही मृतक युवक बादल के आक्रोशित परिजनों व लोगो ने एन एच 80 को जाम कर दिया. हालांकि मामले की सूचना मिलते ही मुफ्फसिल थाना प्रभारी अनिश कुमार पांडेय जाम स्थल पर लोगो को समझा बुझा कर एन एच 80 जाम को समाप्त करवा दिया.जिसके कारण एन एच 80 पर वाहनों का परिचालन प्रारंभ हो गया.वही दोनो युवक के परिजनों का रो रो कर बुरा है. पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त- सह- जिला दंडाधिकारी हेमंत सती द्वारा जनता दरबार का हुआ आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

साहिबगंज। अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त हेमंत सती ने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से मुलाकात कर उनके समस्याओं से अवगत हुए। इसके साथ ही उपायुक्त द्वारा उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।इसके साथ ही जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आए, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकताओं की समस्याओं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें। ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो सके।ज्ञात हो कि हर सप्ताह मंगलवार एवं शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

किसान लोन मामले में नामजद आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा न्यायिक हिरासत में

साहिबगंज। बोरियों थाना क्षेत्र निवासी को किसान लोन मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया बताया जा रहा है. कि बोरियों थाना क्षेत्र अंतर्गत पोआल जाहेर टोला निवासी प्राथमिक कि अभियुक्त राजेश सोरेन (40) है. जहां बोरियों थाना कांड संख्या 109/25 के तहत मामला दर्ज था. जिसको लेकर बोरियों पुलिस ने प्राथमिक कि अभियुक्त को गिरफ्तार किया उसे मेडिकल जांच के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल लाया अस्पताल में चिकित्सक डॉ. कुमार अंकित ने मेडिकल जांच किया मेडिकल जांच उपरांत पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेजा।

सड़क हादसे में 6 वर्षीय बच्ची गंभीर घायल, सदर अस्पताल में चल रहा इलाज

साहिबगंज। बोरियों थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में 6 वर्ष की बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई घायल बच्ची को परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया अस्पताल में चिकित्सक डॉ.कुमार अंकित ने इलाज प्रारंभ कर दिया. बताया जा रहा है कि बोरियों थाना क्षेत्र अंतर्गत चतरा दोबरा निवासी राम पहाड़िया के 6 वर्षीय पुत्री अलीना माल्तो है. घायल के पिता ने बताया कि बोरियों में मंगलवार को हटिया लगता है जिसको लेकर अपने घर चतरा दोबरा से बोरियों मां परिजन के साथ टेंपु में सवार होकर जा रहे थे. उसी दौरान (शो -शो सेंटर) के समीप टेंपु साइड करने में पोल से टकरा गया. टेंपु में चार से पांच लोग सवार थे. जिसमें मेरी बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई. बरहाल घायल बच्ची का इलाज सदर अस्पताल में चल रही है।

साहिबगंज महाविद्यालय की सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल का निर्माण अनिवार्य- विधायक.

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

राजमहल/साहिबगंज। राजमहल विधायक ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा ने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान तारांकित प्रश्न के तहत साहिबगंज महाविद्यालय के क्षतिग्रस्त बाउंड्रीवॉल यास तूफान के दौरान क्षतिग्रस्त होने एवं बाउंड्री वॉल नहीं होने के कारण महाविद्यालय परिसर असुरक्षित होने व असामाजिक तत्वों के प्रवेश को लेकर मामला सदन में उठाए हैं. उन्होंने सदन को अवगत कराया है कि साहिबगंज महाविद्यालय साहिबगंज जिला के लिए एक विशेष गौरव का प्रतीक है और उच्च स्तरीय शिक्षा का संस्थान केंद्र बिंदु है इसलिए यहां की सुरक्षा अनिवार्य है. विधायक के प्रश्न पर झारखंड सरकार उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने उत्तर देते हुए कहा है कि झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड रांची के माध्यम से बाउंड्री वॉल निर्माण का भौतिक निरीक्षण करते हुए डीपीआर यथाशीघ्र तैयार करने का निर्देश दिया गया है जिस पर प्राथमिकता के आधार पर प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त करते हुए बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जाएगा.

तीनपहाड़ में बजाज शो रूम एवं डिलीवरी कोरियर सर्विस में चोरों ने किया हाथ साफ

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

तीनपहाड़/साहिबगंज। तीनपहाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बैंक मोड़ के समीप जीएम बजाज बाइक शो रूम और डिलेवरी कोरियर सर्विस में बीती सोमवार की रात्रि को अज्ञात चोरों द्वारा ग्रिल तोड़ कर लगभग ढाई लाख की चोरी कर लिया गया मिली जानकारी के अनुसार जीएम बजाज बाइक शो रूम और डिलीवरी कोरियर सर्विस का कार्यालय रोज की तरह कर्मी द्वारा सोमवार को भी बंद कर चला गया था इसी दौरान तीन नकाब पोश अज्ञात चोरो द्वारा रात्रि करीब 1:30 से 2: 30 के बीच सबसे पहले डिलीवरी कोरियर सर्विस के खिड़की के लोहे का बना ग्रिल को कटर से काट कर अंदर प्रवेश किया और वहाँ लिनेवो कंपनी का

दो लैपटॉप और गोदरेज के अलमीरा को तोड़ कर लगभग एक लाख रुपया निकाल लिया इसके बाद तीनों ने जीएम बजाज बाइक शो रूम के पीछे का दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया लेकिन वह नही टूट पाया तब पीछे के दरवाजे के ऊपर लगे लोहे के ग्रिल को कटर से काट कर शो रूम में प्रवेश किया और वहां से लगभग 87 हजार रुपया निकाल लिया और वहां भाग निकला वहीं इसकी सूचना तब मिली जब डिलीवरी कोरिया सर्विस को खोला गया तो देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा है तब कर्मी की नजर टेबल से गायब लैपटॉप पर पड़ी इसके बाद देखा कि अलमीरा भी तोडा हुआ है इसकी जानकारी तीनपहाड़ थाना को दिया गया सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडे घटना स्थल पर पहुँच कर जांच किया इस दौरान डिलीवरी कोरियर सेवा के सीसीटीवी और बाइक शो रूम में लगे सीसीटीवी के कैमरे का जांच किया जहां इस घटना में नकाबपोश तीन लोगों को घटना में शामिल देखा गया इस घटना से आसपास के लोग भी सहमे हुए है इस संदर्भ में थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडे ने कहा कि मामले की जांच किया जा रहा है चोरी हुए दोनों लोगो से आवेदन मांगे गए है मामले में केस दर्ज किया जाएगा।

झारखंड मनरेगा कर्मचारी संघ का जिला मुख्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

साहिबगंज। झारखंड मनरेगा कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला मुख्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया।धरना में जिले के बोरियो, उधवा,बरहरवा,पतना,मंडरो सहित विभिन्न प्रखंडों से आए मनरेगा कर्मियों ने भाग लिया और सरकार से अपनी लंबित मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की।धरना को संबोधित करते हुए संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि मनरेगा कर्मी लंबे समय से अपनी समस्याओं के समाधान की मांग कर रहे हैं,लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि मनरेगा कर्मियों को नियमितीकरण,मानदेय में बढ़ोतरी,सेवा सुरक्षा सहित अन्य सुविधाएं दी जानी चाहिए।कर्मचारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।धरना के दौरान कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को पूरा करने की अपील की।इस मौके पर मनोज कुमार दुबे,सुबोध कुमार,सुनील कुमार सिंह,जॉन बेसरा,अखिलेश सिंह, बबीता कुमारी,सोनी कुमारी,अग्नेश मुर्मू,जावेद,रेहान,नीलिमा टुडू सहित जिला पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में मनरेगा कर्मचारी उपस्थित रहे।

ट्रैक्टर की टक्कर से नानी की मौत, नाती गंभीर रूप से घायल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

राजमहल/साहिबगंज। राजमहल अनुमंडल अंतर्गत राधानगर थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि उनका नाती गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा दक्षिण पियारपुर स्थित आकुनबन्ना नाशघाट के समीप उस समय हुआ जब तेज रफ्तार मिट्टी लदे ट्रैक्टर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पियारपुर निवासी आरिफ शेख (30) अपनी नानी हविलान बीबी (50) को बाइक से किसी कार्य से उधवा लेकर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और दोनों घायलों को तुरंत उठाकर इलाज के लिए राजमहल अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टर सौरभ कुमार ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन दोनों की हालत गंभीर होने के कारण बेहतर इलाज के लिए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।परिजनों ने बताया कि दोनों को इलाज के लिए भागलपुर ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में बोरियो के पास हविलान बीबी की हालत बिगड़ गई और उन्होंने दम तोड़ दिया। वहीं आरिफ शेख का इलाज जारी है और उन्हें आगे के उपचार के लिए रेफर किया गया है।घटना की सूचना मिलने पर राधानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। एएसआई ओमप्रकाश चौहान पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई में जुटे हैं। पुलिस फरार ट्रैक्टर चालक की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

बाबूपुर पंचायत में केंद्रीय स्पेशल ऑडिट टीम ने किया मनरेगा योजनाओं का निरीक्षण

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

साहिबगंज। ग्रामीण विकास विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली की केंद्रीय स्पेशल ऑडिट टीम ने मंगलवार को राजमहल प्रखंड के बाबूपुर पंचायत का दौरा किया। इस दौरान टीम ने पंचायत सचिवालय बाबूपुर पहुंचकर मनरेगा की विभिन्न योजनाओं से संबंधित अभिलेखों की जांच की तथा योजनाओं का स्थल निरीक्षण भी किया।पंचायत सचिवालय बाबूपुर में बीपीओ श्वेता और गगन बापू ने टीम के सदस्यों का स्वागत किया। टीम लीडर गीता राम के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम, जिसमें पवन कुमार और अबू अब्राहम शामिल थे,मनरेगा के तहत चल रही योजनाओं का बारीकी से भौतिक निरीक्षण किया और संबंधित दस्तावेजों की समीक्षा की। इस अवसर पर सहायक अभियंता विकास चौधरी, कनीय अभियंता मो. एहसानुल जमील, अर्जुन कुमार साह, दीपनारायण मंडल, मुखिया प्रतिनिधि अमरेंद्र सिंह, पंचायत सचिव ललन किस्कू, रोजगार सेवक मोतीलाल तिग्गा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

बरहरवा प्रखंड परिसर में आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच बक्सा व दर्री-चादर का किया वितरण

बरहरवा/साहिबगंज। प्रखंड परिसर में मंगलवार को आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सेविकाओं के बीच बक्सा एवं दर्री - चादर का वितरण किया गया। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों से आई सेविकाएं मौजूद रहीं और उन्हें आवश्यक सामग्रियां उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में कई प्रकार की शिक्षण सामग्री, पोषण से जुड़ी वस्तुएं और अन्य जरूरी सामान होते हैं, जिन्हें सुरक्षित रखने में सेविकाओं को अक्सर परेशानी का सामना करना पड़ता है। बक्सा मिलने से अब सेविकाएं इन सामग्रियों को व्यवस्थित तरीके से सुरक्षित रख सकेंगी, जिससे केंद्रों का संचालन और भी सुचारू रूप से हो सकेगा।इसके साथ ही छोटे बच्चों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दर्री - चादर भी प्रदान की गई। इससे आंगनबाड़ी केंद्रों पर आने वाले बच्चे अब जमीन पर सीधे बैठने के बजाय साफ - सुथरी दर्री पर बैठकर पढ़ाई और अन्य गतिविधियां कर सकेंगे। मौके पर मौजूद सेविकाओं ने इस पहल को उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्था में सुधार आएगा और बच्चों को भी बेहतर माहौल मिलेगा। उन्होंने इस पहल के लिए प्रखंड प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

महिलाएँ समाज की सबसे मजबूत कड़ीः पूनम कुमारी, महिला दिवस पर बोरियो में कार्यक्रम आयोजित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

साहिबगंज। बोरियो प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शालोम ग्लोबल फाउंडेशन रांची के द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।संस्था 20 वर्षों से पानी और स्वच्छता के ऊपर साथ में महिला सशक्तिकरण के ऊपर कार्य कर रहा है। नवंबर माह से साहिबगंज जिला में कार्य किया जा रहा है।जिसमें से 30 चापाकल और तीन जल मीनार शुद्ध वर्ती ग्राम में लगाया गया है।इस कार्यक्रम में क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पुनम कुमारी,विशिष्ट अतिथि प्रखंड प्रमुख श्रीमती शांति बासकी,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष स्टीफन मुर्मू,बोरियो थाना की एएसआई नीलम कुमारी,मुखिया गोलमा सोरेन तथा पूर्व उपमुखिया तेरेसा बासकी मौजूद थीं।इस अवसर पर महिलाओं के बीच जागरूकता और मनोरंजन के उद्देश्य से शॉर्ट क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के अंत में विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया।मुख्य अतिथि पूनम कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि ह्लमहिलाएँ समाज की सबसे मजबूत कड़ी हैं।जब महिलाएँ शिक्षित और सशक्त होती हैं तो पूरा परिवार और समाज आगे बढ़ता है।इसलिए हर महिला को अपने अधिकारों और शिक्षा के प्रति जागरूक होना चाहिए।प्रखंड प्रमुख शांति बासकी ने कहा कि ह्लआज की महिलाएँ हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं।हमें अपनी बेटियों को पढ़ाना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।झामुमो प्रखंड अध्यक्ष स्टीफन मुर्मू ने कहा कि ह्लमहिलाओं के बिना समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। समाज और देश के विकास में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है,इसलिए हमें महिलाओं के सम्मान और अधिकार की रक्षा करनी चाहिए।बोरियो थाना की एएसआई नीलम कुमारी ने कहा कि महिलाओं को किसी भी अन्याय या हिंसा के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए।पुलिस हमेशा उनकी सुरक्षा और सहायता के लिए तैयार है।मुखिया गोलमा सोरेन ने कहा कि गाँव की महिलाएँ आज आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। हमें मिलकर महिलाओं को शिक्षा और रोजगार के अवसर देने होंगे।वहीं पूर्व उपमुखिया तेरेसा बासकी ने कहा कि ह्लमहिलाएँ यदि ठान लें तो कोई भी काम असंभव नहीं है।हमें एक-दूसरे का सहयोग कर समाज को आगे बढ़ाना चाहिए।कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने उपस्थित महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएँ दीं। संस्था के डायरेक्टर एंथोनी सामय संस्था के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर दुर्गा वादी साहिबगंज जिला के फुलेंद्र रविदास,संस्था के सहयोगी रंजीत मडैया,डम्बू पहाड़िया,विक्रांत कुमार जॉन समेत सैकड़ों महिलाए उपस्थित थीं।

राजमहल में तेज रफ्तार बाइक ने दो लोगों को मारी टक्कर, बाइक सवार समेत तीन गंभीर रूप से घायल

राजमहल/साहिबगंज। राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत घाटजमनी पंचायत के टपुवा गांव में मंगलवार की सुबह एक तेज रफ्तार बाइक ने सड़क किनारे खड़े दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।मिली जानकारी के अनुसार बाइक चालक नसीम शेख साहिबगंज की ओर से अपने घर मजार टोला जा रहा था। इसी दौरान टपुवा गांव के पास बाइक की रफ्तार काफी तेज होने के कारण चालक का संतुलन बिगड़ गया और सड़क किनारे खड़े मीना देवी तथा सुधन मंडल को जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल घायलों को उठाकर इलाज के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल भेजा।इधर घटना की सूचना मिलते ही राजमहल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस द्वारा दुर्घटना के कारणों की भी जांच की जा रही है।

जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी फरियादियों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए निष्पादन के निर्देश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

हजारीबाग : उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान प्राप्त सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को आवेदन अग्रसारित कर विधि-सम्मत जांच करते हुए त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।जनता दरबार में हजारीबाग शहर निवासी सरफराज अहमद ने शहर में भारी मालवाहक वाहनों के प्रवेश (नो-एंट्री) का समय बढ़ाने का अनुरोध किया। इस पर उपायुक्त ने सदर एसडीओ, ट्रैफिक डीएसपी एवं सहायक नगर आयुक्त को मामले का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।वहीं ग्राम पंचायत पांडु, केरेडारी की मुखिया सकिबा खातून ने अपने क्षेत्र के पुनर्वास स्थलों पर बिजली, सड़क, पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। इस पर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को समग्र पुनर्वास परियोजना के तहत आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।इसी क्रम में ग्राम पंचायत खरना की मुखिया निर्मला देवी ने ग्राम गडरबारा स्थित चुंड़रमांड़ो के समीप सगधोवा नदी पर पुल निर्माण कराने का अनुरोध किया। इस पर उपायुक्त ने डीडीसी एवं डीपीओ को विष्णुगढ़ बीडीओ से जांच प्रतिवेदन प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त केरेडारी थाना क्षेत्र के ग्राम हिंदेगीर निवासी कलेश्वरी देवी ने भूमि का सीमांकन कर मुआवजा दिलाने का अनुरोध किया। इस पर उपायुक्त ने केरेडारी अंचलाधिकारी को मामले का निष्पादन कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।जनता दरबार में भूमि मापी, दाखिल-खारिज, विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता तथा मुआवजा से संबंधित कई अन्य मामले भी प्राप्त हुए। उपायुक्त ने सभी मामलों को संबंधित पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया तथा फरियादियों को निष्पक्ष एवं समयबद्ध न्याय का भरोसा दिलाया।

अलीनगर के खेत में मिला युवक का शव, क्षेत्र में सनसनी; जांच में जुटी पुलिस

झारखंड उजाला, संवाददाता

हुसैनाबाद ,पलामू: हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब अलीनगर गांव के एक खेत में एक युवक का शव पड़ा मिला। मृतक की पहचान बेल बिगहा पंचायत के पोखरापर निवासी संजय पासवान के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में लोगों की भीड़ जुट गई और परिजनों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय पासवान अलीनगर स्थित अपने ननिहाल में रह रहा था। गुरुवार को ग्रामीणों ने अलीनगर गांव के एक खेत में उसका शव पड़ा देखा, जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही हुसैनाबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी।बताया जाता है कि संजय पासवान अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। युवक की अचानक हुई मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वहीं घटना के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि युवक का शव खेत में मिलने से कई तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं। फिलहाल पुलिस जांच के बाद ही मामले की सच्चाई सामने आने की उम्मीद है।

भाजपा जिला महामंत्री मनोज मिश्रा ने नवनिर्वाचित पार्षदों का किया स्वागत

सिंदरी /धनबाद। धनबाद नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 53 के नव निर्वाचित पार्षद गणेश महतो एवं वार्ड 55 के नवनिर्वाचित पार्षद साहेब राम हेंब्रम का भाजपा जिला महामंत्री मनोज मिश्रा ने अंग वस्त्र एवं मिठाई देकर स्वागत किया। इस अवसर पर मनोज मिश्रा ने दोनों पार्षदों को जीत की बधाई देते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता ने जिस विश्वास और उम्मीद के साथ उन्हें चुना है ,उस विश्वास पर खड़ा उतरना उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने आशा व्यक्त की दोनों जनप्रतिनिधि अपने-अपने वार्ड में विकास कार्य को गति देंगे और जनता की समस्याओं का समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर भाजपा के जिला मंत्री प्रकाश बाउरी , वरिष्ठ नेता रवि कुमार उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में संजना ने तीन मेडल किए अपने नाम

लोहरदगा: तेलंगाना बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में 7 से 10 मार्च तक रंगा रेड्डी बैडमिंटन कोर्ट, तेलंगाना में आयोजित 7वीं राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में झारखंड, लोहरदगा की खिलाड़ी संजना कुमारी वर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन पदक जीतकर जिले और राज्य का नाम रोशन किया है। संजना कुमारी वर्मा ने वूमेंस सिंगल्स, वूमेंस डबल्स और मिक्स्ड डबल्स तीनों वर्गों में पदक हासिल किया है। वूमेंस सिंगल्स में उन्होंने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया है।सिंगल्स मुकाबले में संजना ने राउंड ऑफ 16 में हिमाचल प्रदेश की शशि देवी को 21-12 और 21-4 से हराया। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में महाराष्ट्र की शुभदा विट्ठलपंत जिंदे को 21-11 और 21-10 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में उन्होंने दिल्ली की चरणजीत कौर को 21-5 और 21-11 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।फाइनल मुकाबले में संजना का सामना हरियाणा की नीरज से हुआ। यह मुकाबला काफी रोमांचक रहा और तीन सेटों तक चला। पहले सेट में संजना ने 21-7 से जीत हासिल की, लेकिन दूसरे सेट में 18-21 से हार गईं। तीसरे और निर्णायक सेट में कड़े मुकाबले के बाद उन्हें 21-16 से हार का सामना करना पड़ा और उन्हें सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा।इसके अलावा वूमेंस डबल्स में भी संजना ने सिल्वर मेडल जीता, जबकि मिक्स्ड डबल्स में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। इस तरह वह झारखंड की ओर से इस प्रतियोगिता में मेडल जीतने वाली इकलौती खिलाड़ी रहीं। प्रतियोगिता में झारखंड से करीब 12 से 13 खिलाड़ियों ने भाग लिया था, लेकिन पदक केवल संजना कुमारी वर्मा ही जीत पाई है। संजना ने कहा कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार की ओर से मेडल जीतने पर नकद पुरस्कार राशि देने का प्रावधान है, लेकिन फॉर्म भरने के बावजूद अब तक उन्हें कोई सहायता नहीं मिली पाई है। उन्होंने सरकार से पैरा खिलाड़ियों को प्रोत्साहन और सहयोग देने की मांग की है।संजना की इस उपलब्धि पर जिले के खेल प्रेमियों और स्थानीय लोगों ने बधाई दी है।

सिंदरी के सरकारी स्कूलों के विकास के लिए हर्ल व शिक्षा विभाग के बीच हुआ एमओयू

सिंदरी/ धनबाद। सिंदरी इलाके में मौजूद 10 सरकारी स्कूलों में शिक्षा और उससे जुड़ी संरचनाओं में सुधार व बढ़ोतरी करने तथा स्कूलों के विकास के लिए मंगलवार को हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (हर्ल) तथा जिला शिक्षा विभाग के बीच एमओयू साइन हुआ। एमओयू पर हर्ल सिंदरी के बिजनेस यूनिट हेड श्री गौतम माजी और जिला प्रशासन की ओर से जिला शिक्षा अधीक्षक श्री आयुष कुमार ने हस्ताक्षर किए।इसकी जानकारी देते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक ने बताया कि इस एमओयू से सिंदरी इलाके में मौजूद 10 सरकारी स्कूलों में ₹शिक्षा और उससे जुड़ी संरचनाओं में सुधार और बढ़ोतरी₹ पर फोकस किया जाएगा। यह पहल हर्ल के कॉर्पोरेट एनवायरनमेंट रिस्पॉन्सिबिलिटी (सी.ई.आर.) प्रोग्राम के तहत की जा रही है। जो कंपनी के सस्टेनेबल सोशल अपलिफ्टमेंट के कमिटमेंट पर जोर देता है। इसमें हर्ल से राशि मिलेगी और इस प्रोजेक्ट को जमीन पर जिला प्रशासन द्वारा पूरा किया जाएगा, ताकि स्थानीय शिक्षा की गुणवत्ता और जरूरतों के हिसाब से इसे पूरा किया जा सके।वहीं हर्ल सिंदरी के बिजनेस यूनिट हेड श्री गौतम माजी ने छात्रों के लिए बेहतर सीखने का माहौल बनाने के लिए हर्ल के समर्पण को दोहराया। जबकि जिला शिक्षा अधीक्षक ने जिले के शिक्षा के लक्ष्यों को पूरा करने में हर्ल की सक्रिय भूमिका की प्रशंसा की।कार्यक्रम का समापन ₹हर एक काम, देश के नाम₹ के साझा विजन के साथ हुआ, जो हर्ल और सरकार के बीच मिलकर किए गए प्रयासों में एक नया अध्याय शुरू करता है।

पाकुड़ में आरओ वाटर प्लांट्स का संयुक्त निरीक्षण, पानी की गुणवत्ता व मानकों की हुई जांच

झारखंड उजाला प्रतिनिधि

पाकुड़ : नगर परिषद क्षेत्र में संचालित आरओ वाटर प्लांट्स में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद अमरेन्द्र कुमार चौधरी, अंचलाधिकारी अरविन्द कुमार बेदिया तथा सहायक अभियंता (पीएचईडी) अभिजीत किशोर द्वारा संयुक्त रूप से विभिन्न आरओ प्लांट्स का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के क्रम में शीतल जल शीलता मंदिर रोड, मारवाड़ी मोहल्ला आरओ प्लांट, निर्मल जल मिशन गेट, पप्पू भगत आईसक्रीम एंड आरओ प्लांट तथा ब्लू एक्वा प्लांट सहित अन्य वाटर आरओ प्लांट्स का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा पानी की गुणवत्ता, टीडीएस वैल्यू, पीएच वैल्यू, साफ-सफाई की स्थिति, रजिस्ट्रेशन एवं अन्य आवश्यक मानकों की जांच की गई।कार्यपालक पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार चौधरी ने सभी प्लांट संचालकों को निर्देश दिया कि वे वाटर कमर्शियल सप्लाई से संबंधित सभी निर्धारित मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करें तथा उपभोक्ताओं को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराएं। साथ ही नियमित रूप से पानी की जांच कराने एवं परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने के भी निर्देश दिए गए। इस दौरान अधिकारियों ने कहा कि यदि किसी आरओ प्लांट में मानकों का उल्लंघन या पानी की गुणवत्ता में कमी पाई जाती है तो संबंधित संचालक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।निरीक्षण अभियान में नगर परिषद के रेवेन्यू इंस्पेक्टर, सैनेटरी इंस्पेक्टर, पीएचईडी के लैब टेक्नीशियन सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

सीएसआर फंड से लग रही स्ट्रीट लाइट सहित कई योजनाओं का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

सिंदरी/ धनबाद। मंगलवार को धनबाद नगर आयुक्त आशीष गंगवार ने सिंदरी क्षेत्र का दौरा कर नगर निगम द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सब्जी पट्टी में निमार्णाधीन वेंडर जोन तथा एच यू आर एल के सीएसआर फंड से नगर निगम द्वारा कराए जा रहे स्ट्रीट लाइट व्यवस्था कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों से कार्य की प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रेस द्वारा वेंडर जोन निर्माण कार्य में हो रही देरी के संबंध में पूछे जाने पर नगर आयुक्त ने बताया कि अतिक्रमण के कारण कार्य में कुछ बाधाएं आ रही हैं।अतिक्रमण को व्यवस्थित कर जल्द ही निर्माण कार्य को पूरा किया जाएगा। वहीं 4 जुलाई 2022 से बंद पड़े वार्ड 55 स्थित ग्रीन पैच एवं बहु खेल गतिविधि क्रीडा स्थल के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि एफ सीआई एल द्वारा दी गई एन.ओ .सी में स्पष्ट उल्लेख है कि क्रीडा स्थल को कमर्शियल रूप में उपयोग कर राजस्व उत्पन्न नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि किसी भी एजेंसी के लिए बिना राजस्व के क्रीडा स्थल का समुचित मेंटेनेंस करना संभव नहीं है ।इस संबंध में अपने अधिकारियों के साथ वार्ता कर बीच का समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा, ताकि पार्क का रखरखाव भी सही तरीके से हो सके और लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सके। नगर आयुक्त ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही इस मुद्दे पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। मौके पर नगर आयुक्त के साथ सहायक नगर आयुक्त सिंदरी आंचल कार्यपालक पदाधिकारी प्रतिभा रानी और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थें

बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी के सतत प्रयास रंग लाए: केरेडारी हत्याकांड की जांच अब एसआईटी के हाथ में

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



हजारीबाग:- झारखंड के हजारीबाग जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र में हुए सीताराम साव हत्याकांड में तीन महीने बीत जाने के बाद भी मुख्य अपराधियों की गिरफ्तारी न होने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए थे। अब बड़कागांव के विधायक रोशन लाल चौधरी के लगातार प्रयास और विधानसभा में उठाए गए सवालों का असर दिखाई दिया है। सरकार ने इस गंभीर मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (SIT) का गठन कर दिया है। विधानसभा में विधायक रोशन लाल चौधरी द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न (संख्या ग-39) के जवाब में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने स्पष्ट किया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए बड़कागांव के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (SDPO) के नेतृत्व में SIT गठित की गई है। यह टीम वैज्ञानिक साक्ष्यों का संकलन करेगी, गहन अनुसंधान करेगी और अपराधियों को जल्द सलाखों के पीछे पहुंचाने का प्रयास करेगी।

क्या है पूरा मामला?

केरेडारी थाना कांड संख्या 192/2025 के अनुसार, 5 दिसंबर 2025 की रात को सीताराम साव अपने गांव के जगदीश साव के घर श्राद्ध कर्म के भोज में शामिल होने गए थे, लेकिन घर वापस नहीं लौटे। परिजनों और पुलिस की खोजबीन के बाद अगले दिन 6 दिसंबर 2025 को दोपहर करीब 3 बजे उनका शव गांव के 'बड़ा अहरा' के पास एक कुएं से बरामद हुआ। मृतक के पुत्र संजीत कुमार के बयान पर गांव के ही पांच लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

तीन महीने बाद भी क्यों नहीं हुई गिरफ्तारी?

पुलिस ने सरकारी प्रतिवेदन में स्वीकार किया है कि घटना के दो महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद मामले का पूर्ण उद्भेदन नहीं हो सका। जांच में स्वतंत्र गवाहों के बयान नहीं मिले हैं। तकनीकी साक्ष्य और मोबाइल नंबरों की जांच से भी कोई ठोस सुराग नहीं लगा। पुलिस का कहना है कि जैसे ही पुख्ता सबूत मिलेंगे, आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। विधायक रोशन लाल चौधरी के इस मुद्दे को लगातार उठाने से अब जांच की कमान SIT के पास आ गई है, जिससे पीड़ित परिवार और स्थानीय लोगों में न्याय की उम्मीद जगी है। यह कदम पुलिस की जांच को नई गति देने वाला साबित हो सकता है।

पर्यटन विकास की संभावनाओं को लेकर उपायुक्त ने किया खैवा बंदारू जलप्रपात का निरीक्षण

चतरा:-जिले में पर्यटन के विकास एवं संभावनाओं की तलाश के उद्देश्य से आज उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री जी ने चतरा एवं लावालौंग सीमा पर स्थित प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर खैवा बंदारू जलप्रपात का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के विकास पर विशेष जोर दिया।खैवा बंदारू जलप्रपात निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने पर्यटकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेते हुए वहां आवश्यक मूलभूत व्यवस्थाओं का आकलन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पहुंच पथ की मरम्मती कराने तथा पर्यटकों के बैठने के लिए बनाए गए क्षतिग्रस्त शेड की मरम्मती एवं आवश्यकतानुसार नए शेड के निर्माण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक पर्यटन स्थलों को विकसित कर जिले में पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ाया जा सकता है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।खैवा बंदारू जलप्रपात जाने के क्रम में उपायुक्त ने बाजार टांड़ स्थित आंगनवाड़ी केंद्र भगवनिया का भी निरीक्षण किया तथा वहां संचालित योजनाओं की जानकारी ली।मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार, जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम, चतरा अंचल अधिकारी अनिल कुमार, लावालौंग प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा योजना पदाधिकारी शिशिर पंडित उपस्थित थे

एनएमएल चट्टी-बरियातु कोयला खनन परियोजना में शुरू हुआ वार्षिक क्रिकेट टूनार्मेंट: सामुदायिक विकास की मिसाल

जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला हजारीबाग ब्यूरो।

केरेडारी/हजारीबाग:- एनएमएल (NTPC Mining Limited) की चट्टी-बरियातु कोयला खनन परियोजना (CBCMP) 10 मार्च 2026 को अपने सामुदायिक विकासझ्रकॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CD-CSR) कार्यक्रम के अंतर्गत आज वार्षिक पांच दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ किया। यह टूनार्मेंट स्थानीय समुदायों के बीच खेल भावना, एकता और युवा ऊर्जा को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। टूनार्मेंट का उद्घाटन परियोजना प्रमुख श्री धनंजय श्रीखंडे ने किया। इस प्रतियोगिता में परियोजना प्रभावित गांवों (PAVs) की कुल 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जो विजेता बनने के लिए जोर-आजमाइश कर रही हैं। खिलाड़ी उत्साह और प्रतिस्पर्धा से भरे हुए मैदान में उतरे हैं, जहां हर मैच में कौशल और टीमवर्क का शानदार प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर CBCMP के वरिष्ठ अधिकारीगण, चट्टी-बरियातु के मुखिया श्री जहरिलाल महतो तथा पूर्व मुखिया श्री सुंदर गुप्ता भी मौजूद रहे। उन्होंने परियोजना द्वारा की जा रही उरफ गतिविधियों की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन स्थानीय युवाओं को खेल के माध्यम से आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं तथा परियोजना और आसपास के गांवों के बीच मजबूत संबंध स्थापित करने में मदद करते हैं। यह टूनार्मेंट न केवल खेल का उत्सव है, बल्कि CBCMP की उस प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है जो वह स्थानीय समुदाय के कल्याण, युवा विकास और सामाजिक समरसता के लिए दिखाती है। पांच दिवसीय इस रोमांचक प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को पुरस्कारों से नवाजा जाएगा। CBCMPकी ओर से सभी टीमों को शुभकामनाएं! खेल का उत्साह जारी रहे और यह टूनार्मेंट एक यादगार सफलता बनकर उभरे।

नगर परिषद क्षेत्र में एक सप्ताह में पेयजल आपूर्ति सुचारू करने का लक्ष्य

कार्यपालक पदाधिकारी व सहायक अभियंता ने नई जलापूर्ति योजना के तहत विभिन्न क्षेत्रों का किया निरीक्षण

यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो

पाकुड़ : नगर परिषद क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार चौधरी एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता श्री अभिजीत किशोर द्वारा विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया गया? निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने राज हाई स्कूल, ज्योर्तिमय स्टेडियम, दुर्गा कॉलोनी, शिवपुरी कॉलोनी सहित अन्य क्षेत्रों का मुआयना किया, जहां नई जलापूर्ति योजना के माध्यम से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जानी है। कार्यपालक पदाधिकारी ने स्थल पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए तथा जलापूर्ति कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने पर बल दिया। इस दौरान बताया गया कि आगामी एक सप्ताह के भीतर इन क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति को सुचारू रूप से प्रारंभ कर दिया जाएगा, जिससे स्थानीय नागरिकों को स्वच्छ एवं नियमित पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। नगर परिषद द्वारा नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं तथा नई जलापूर्ति योजना के माध्यम से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है।

पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर सीमावर्ती क्षेत्रों में जल्द बनेंगे विशेष चेक पोस्ट

धनबाद। धनबाद समाहरणालय स्थित पुलिस मुख्यालय सभागार में मंगलवार को फरवरी माह से संबंधित मासिक अपराध समीक्षा बैठक वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रभात कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई।बैठक में जिले में अपराध की वर्तमान स्थिति, कानून व्यवस्था, दर्ज कांडों के निष्पादन, लंबित मामलों की प्रगति और विभागीय कार्यों की समीक्षा विस्तार से की गई। एसएसपी ने सभी अधिकारियों को अपराध नियंत्रण के साथ-साथ लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।समीक्षा के दौरान बताया गया कि फरवरी माह में जिले भर में कुल 369 कांड दर्ज किए गए हैं, जबकि इसी अवधि में 402 लंबित कांडों का सफल निष्पादन किया गया है। इस प्रकार दर्ज मामलों से अधिक कांडों का निष्पादन कर पुलिस ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।लंबित कांडों के निष्पादन में तेजी से कार्रवाई के परिणामस्वरूप जिले में लंबित मामलों की संख्या में भी उल्लेखनीय कमी आई है। पहली बार लंबित कांडों की संख्या घटकर 1999 रह गई है, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या करीब 4300 थी। पुलिस अधिकारियों ने इसे अपराध अनुसंधान और निष्पादन की दिशा में बड़ी उपलब्धि बताया।बैठक में आर्म्स एक्ट से जुड़े मामलों की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि पूर्व से लंबित 85 मामलों का स्पीडी ट्रायल कराया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप फरवरी माह में आर्म्स एक्ट के पांच मामलों में आरोपितों को न्यायालय की ओर से सजा सुनाई गई है। शेष मामलों की सुनवाई भी तेजी से जारी है।एसएसपी ने लंबित वारंट के निष्पादन को लेकर भी सख्त निर्देश दिया। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को मार्च माह के दौरान कम से कम 50 प्रतिशत लंबित वारंटों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं इस दौरान संगठित अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करते हुए फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। बैठक में कहा गया कि पुलिस ऐसे अपराधियों की लगातार तलाश कर रही है और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।एसएसपी प्रभात कुमार ने अपराध से जुड़े लोगों से समाज की मुख्यधारा में लौटने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि जो लोग अपराध की काली दुनिया को छोड़कर कानून की शरण में आना चाहते हैं, उनके साथ मानवीय व्यवहार किया जाएगा और उन्हें कानून के दायरे में उचित सहयोग दिया जाएगा। बैठक में जमीन दलालों और भू-माफियाओं के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिया गया।

सुदेश महतो ने बड़कागांव में आजसू कार्यशाला को किया संबोधित: संगठन मजबूत कर जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन तेज करने का जोरदार आह्वान, क्रिकेट टूनार्मेंट का भी किया शुभारंभ

जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला हजारीबाग ब्यूरो।

केरेडारी /हजारीबागः- झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष श्री सुदेश कुमार महतो ने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के केरेडारी में आयोजित आजसू पार्टी की महत्वपूर्ण कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता और समर्पित कार्यकताओं ने उन्हें जोश-उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मांडू के लोकप्रिय विधायक श्री निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो भी मौजूद रहे। कार्यकताओं ने श्री महतो का ताशा-पार्टी, फूलों की मालाओं और बुके देकर आत्मीय अभिनंदन किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्री सुदेश महतो ने संगठन की मजबूती पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा,

₹संगठन की मजबूती ही जनआंदोलन की असली ताकत होती है। जब कार्यकर्ता जागरूक, सक्रिय और संगठित होते हैं, तभी जनता के अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ी जा सकती है।

उन्होंने झारखंड की प्रमुख चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राज्य में विस्थापन और पलायन सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है। कोयला खदान क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर विस्थापन हुआ है, लेकिन वर्तमान सरकार इस मुद्दे पर गंभीर नहीं दिख रही। श्री महतो ने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों और जनहित के संकल्पों को जनता तक पहुंचाएं तथा संगठन को और मजबूत बनाएं।

वर्तमान सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए उन्होंने कहा,

₹यह निकम्मी और निरंकुश सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनआंदोलन को और तेज करने की जरूरत है।

कार्यक्रम के दौरान श्री सुदेश महतो ने केरेडारी में आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट में खिलाड़ियों से मुलाकात की और सिक्का उछालकर मैच का विधिवत उद्घाटन किया। यह टूनार्मेंट युवाओं को जोड़ने और खेल के माध्यम से पार्टी की सक्रियता दिखाने का बेहतरीन माध्यम साबित हुआ।

इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में आजसू पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे, उपेंद्र राम, प्रदीप कुमार, बड़कागांव प्रवक्ता श्री तपेश्वर कुमार तपास, प्रखंड अध्यक्ष श्री गोतम वर्मा सहित अन्य सम्मानित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता। यह कार्यशाला आजसू पार्टी के संगठन विस्तार, कार्यकताओं को प्रेरित करने और जन-मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। पार्टी कार्यकताओं में नई ऊर्जा और संकल्प का संचार हुआ है।

जिनमें प्रमुख रूप से शामिल थे:

- केंद्रीय महासचिव श्री संजय महेता
- केंद्रीय सचिव श्री अनिकेत नायक
- केंद्रीय सदस्य श्री विजय वर्मा, श्री लीलाधन साव, श्री भोला महतो, श्री संदीप कुशवाहा, श्री कामेश्वर महतो
- हजारीबाग जिलाध्यक्ष श्री परमेश्वर महतो
- रामगढ़ जिलाध्यक्ष श्री दिलीप दांगी
- युवा आजसू प्रदेश संयोजक श्री अब्दुल जब्बार
- केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष श्री पंकज साहा
- युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष श्री जागेश्वर कुमार
- महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष श्रीमती राधा देवी
- तथा विनोद तिवारी, कंचन यादव, मनोहर साव, मोहन महतो, विश्वनाथ महतो, कैलाश महतो,

मंगला जुलूस के दौरान प्रयोग में लाए जा रहे एक डीजे सेट जब्त

हजारीबागः पर्व-त्योहारों के दौरान माननीय उच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार किसी भी प्रकार के डीजे के प्रयोग पर सख्त मनाही है। इस संबंध में जिला प्रशासन, हजारीबाग द्वारा लगातार निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही हैइसी क्रम में मंगला जुलूस के दौरान डीजे के प्रयोग की सूचना मिलने पर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक डीजे को जब्त कर लिया।गौरतलब है कि पर्व-त्योहारों के दौरान शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा माननीय उच्च न्यायालय के निदेर्शों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन हजारीबाग द्वारा व्यापक स्तर पर कार्रवाई की जा रही है।जिला प्रशासन ने सभी आयोजनकताओं एवं आमजन से अपील की है कि पर्व-त्योहारों के दौरान डीजे का प्रयोग न करें तथा न्यायालय के निदेर्शों का पालन करते हुए प्रशासन का सहयोग करें, ताकि सभी पर्व-त्योहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सकें।

व्यापार मेले में उत्पादों की पैकेजिंग और पंजीकरण की दी गई जानकारी

रांची। भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के एमएसएमई-विकास कार्यालय, रांची की ओर से मंगलवार को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए दो दिवसीय प्रदर्शनी सह व्यापार मेले में तकनीकी सत्र में विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को डिजिटल मार्केटिंग, ई-कॉमर्स, उत्पाद की पैकेजिंग, लेबलिंग और जेम पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।यह आयोजन 09 से 10 मार्च तक मारवाड़ी भवन, हरमू रोड, रांची में किया जा रहा है।निदेशक इंद्रजीत यादव ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पारंपरिक कारीगरों की आय बढ़ाने और उन्हें बाजार से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने बताया कि मेले में झारखंड के करीब 100 कारीगर विभिन्न स्टॉल लगाकर अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं। मौके पर मुख्य अतिथि एसएलबीसी, रांची के उप महाप्रबंधकसंतोष कुमार सिन्हा ने कहा कि पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के विकास के लिए यह आयोजन सराहनीय पहल है, जो उन्हें अपने उत्पादों के प्रदर्शन और मार्केटिंग अवसर मिलेगा। एमएसएमई-विकास कार्यालय, रांची के निदेशक इंद्रजीत यादव और संतोष कुमार सिन्हा ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य योजना के लाभार्थियों और स्थानीय कारीगरों को उनके उत्पादों की बिक्री के लिए मार्केटिंग प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना है।कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र, रांची के महाप्रबंधक राजीव रंजन, सहायक निदेशक ज्योत्सना गुड़िया सहित अन्य मौजूद थे।

जिले में आयोजित आयुष जांच शिविर में 261 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण

यासिर अराफात@झारखण्ड उजाला ब्यूरो

पाकुड़ : आयुष विभाग, पाकुड़ की ओर से जिले के विभिन्न प्रखंडों में आयुष जांच शिविर का आयोजन किया गया। इन 261 शिविरों में कुल लाभुकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाइयाँ निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं।यह शिविर पाकुड़ प्रखंड के रामपुर, लिट्टीपाड़ा प्रखण्ड का लिट्टीपाड़ा, महेशपुर प्रखंड के जवाहर नवोदय विद्यालय तेलियपोखर, पाकुड़िया प्रखंड के अंगारगाड़िया एवं हिरणपुर प्रखंड के मोहनपुर में आयोजित किए गए। शिविर में उपस्थित चिकित्सकों डॉ सुजीत कुमार चौहान, डॉ राजेश कुमार,डॉ सौरभ विश्वास, डॉ मो अबुतालिब शेख, डॉ प्रेम प्रकाश, डॉ संतोष कुमार यादव एवं डॉ कुलेश कुमार ने बताया कि जांच शिविर में रक्तचाप, मधुमेह, जोड़ एवं गठिया रोग, बच्चों से संबंधित रोगों आदि का निःशुल्क परीक्षण किया गया। साथ ही लाभुकों को मुफ्त दवा भी उपलब्ध कराई गई। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण लाभान्वित हुए और उन्होंने इस पहल की सराहना की।

हाजी समद अली के आवास प्रांगण में इफ्तार पार्टी का भव्य आयोजन, अमन चैन की मांगी गई दुआ

यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़) : पवित्र माह-ए-रमजान के अवसर पर लिट्टीपाड़ा प्रखंड के करियोडीह स्थित आवास पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष हाजी समद अली की ओर से सोमवार को सामूहिक इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए सैकड़ों रोजेदार, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा एवं स्थानीय लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।इफ्तार से पूर्व सभी लोगों ने एक साथ बैठकर पाकुड़ जिले सहित पूरे प्रदेश में अमन-चैन, तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए सामूहिक दुआ मांगी। रोजा खोलने के समय सभी ने एक साथ इफ्तार किया और आपसी सौहार्द, भाईचारे तथा एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों के बीच आपसी मेल-मिलाप का भी माहौल देखने को मिला।इस मौके पर आयोजक हाजी समद अली ने सभी अतिथियों एवं रोजेदारों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना इंसान को सब्र, त्याग, सेवा और जरूरतमंदों की मदद करने की सीख देता है। ऐसे सामूहिक इफ्तार कार्यक्रम समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता को मजबूत करने का काम करते हैं।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में आपसी भाईचारा बढ़ता है और लोगों के बीच एक-दूसरे के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना मजबूत होती है। इफ्तार पार्टी के बाद सभी लोगों ने एक-दूसरे से मुलाकात कर रमजान की मुबारकबाद दी और समाज में शांति व सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया।

रामनवमी एवं मंगला जुलूस को लेकर जिला प्रशासन ने रूट वेरिफिकेशन व फ्लैग मार्च किया

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

हजारीबागः आगामी रामनवमी एवं मंगला जुलूस को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जुलूस के निर्धारित मार्गों का रूट वेरिफिकेशन एवं निरीक्षण किया गया। इस क्रम में जिला प्रशासन ने सीसीआर से पेट्रोलिंग की शुरूआत की, जो इंद्रपुरी चौक, नूरा, पगमिल, छड़वा डैम होते हुए झंडा चौक पहुंची। इसके उपरांत प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था का प्रदर्शन करते हुए बड़ा अखाड़ा, पंच मंदिर चौक से होते हुए जामा मस्जिद रोड तक फ्लैग मार्च किया गया।जिला प्रशासन ने माननीय उच्च न्यायालय के निदेर्शों का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि पर्व-त्योहारों के दौरान डीजे के प्रयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। किसी भी प्रकार के उल्लंघन की स्थिति में नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का पालन करते हुए पर्व-त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में सहयोग करें।रामनवमी पर्व 2026 के अवसर पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मंगला जुलूस के दौरान विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु कई स्थानों पर जोनल दंडाधिकारी, दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं लाठी बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अपने निर्धारित स्थैतिक स्थानों पर उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है।इस अवसर पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्री आदित्य पांडेय, अपर समाहर्ता श्री संतोष सिंह, सहायक समाहर्ता श्री आनंद शर्मा, भू-अर्जन पदाधिकारी श्री निर्भय कुमार, डीआरडीए निदेशक श्रीमती मां देवप्रिया, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री वैद्यनाथ कामती, डीपीआरओ श्री रोहित कुमार सहित कई अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

जमुनिया तरी बिरहोर टोला में लगाया गया वाटर प्यूरीफायर,पीवीटीजी समुदाय के लोगों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत जिला प्रशासन की पहल

चौपारणः चौपारण प्रखंड के बिरहोर समुदाय बहुल क्षेत्र जमुनिया तरी बिरहोर टोला में शुद्ध पेयजल की समस्या को दूर करने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है।पूर्व में क्षेत्र भ्रमण के दौरान उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह के संज्ञान में यहां के ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाओं, विशेषकर शुद्ध पेयजल की आवश्यकता का विषय आया था। इसे गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने उक्त क्षेत्र में जल्द से जल्द वाटर प्यूरीफायर स्थापित करने का निर्देश दिया था।उपायुक्त के निर्देश के अनुपालन में त्वरित कार्रवाई करते हुए सीएसआर मद से जमुनिया तरी बिरहोर टोला में वाटर प्यूरीफायर का अधिष्ठापन किया गया है। इसके अतिरिक्त, क्षेत्र के विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र में भी बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए वाटर प्यूरीफायर लगाया गया है, जिससे बच्चों एवं स्थानीय ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।इस पहल से स्थानीय ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।जिला प्रशासन द्वारा कहा गया कि बिरहोर समुदाय सहित जिले के दूरस्थ एवं वंचित क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

एसपी ने अधिकारियों को एंटी क्राइम चेकिंग करने का दिया निर्देश

रामगढ़। जिले के रजरप्पा में पुलिस और श्रद्धालुओं के बीच हुई घटना काफी चर्चा में है। घटना का असर मंगलवार को एसपी की ओर से आयोजित क्राइम मीटिंग में भी दिखा। एसपी अजय कुमार ने सभी थाना प्रभारी और ओपी प्रभारियों को थाना में आने वाले जनता के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने की नसीहत दी। उन्होंने बेहतर व्यवहार कैसे किया जाए इस पर चर्चा की। साथ ही यह भी स्पष्ट कर दिया कि दुर्व्यवहार करने वालों के खिलाफ कड़ी अनुशासनिक कार्रवाई होगी।बैठक में एसपी ने बेहतर पुलिसिंग के कार्य पर अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की। मौके पर उन्होंने फायरिंग, आगजनी, तोड़फोड़, विस्फोट, महिला उत्पीड़न जैसे कांडो की समीक्षा की। साथ ही अविलंब लंबित मामलों को निष्पादित करने का निर्देश अधिकारयों को दिया।एसपी अजय कुमार ने कहा कि जिले के सभी स्थानों पर समय बदल बदल कर एंटी क्राइम चेकिंग होनी चाहिए। साथ ही उसकी प्रविष्टि रक्षक ऐप पर भी करना बेहद जरूरी है। व्यवसाईयों को राहुल दुबे गैंग से इंटरनेट पर मिल रही धमकी पर भी उन्होंने ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि आपराधिक गिरोह के सक्रिय सदस्यों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।सभी इंस्पेक्टर को विशेष रिपोर्ट की समीक्षा करने और अनुसंधानकर्ता को निर्देश जारी करने का निर्देश उन्होंने दिया। इसके अलावा कोर्ट से मिलने वाले वारंट और कुर्की का भी समय पर निष्पादन करने को कहा। एसपी ने कहा कि जो मामले एफएसएल के लिए लंबित है, उसके लिए भी तत्काल पत्राचार करने का निर्देश उन्होंने दिया है। इसके अलावा आपराधिक गिरोह के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने, सभी थाना और ओपी के प्रवेश एवं निकास मार्ग पर बैरियर लगाने का निर्देश दिया गया। साथ ही तीन या तीन से अधिक कांडों का निष्पादन करने वाले पदाधिकारी को एक सुसेवांक से पुरस्कृत किया गया।एसपी अजय कुमार ने कहा कि कई अपराधी वर्तमान समय में जेल से बाहर निकले हैं। उनकी गतिविधि का सत्यापन बेहद जरूरी है। संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर थाना हाजिरी का प्रस्ताव समर्पित किया जाए। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विशेष निर्देश दिए गए हैं। महिला, बच्चों और बुजुर्गों को हर संभव मदद करनी है। महिला उत्पीड़न के मामलों को दो माह में निष्पादित करना है। सड़क सुरक्षा से संबंधित उपाय बेहद जरूरी है। हिट एंड रन मामलों में भी समय पर मुआवजा दिलाने के लिए प्रयास करना है।बैठक में पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी, डीएसपी हेडक्वार्टर चंदन वत्स, सार्जेंट मेजर मंटू यादव, रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे, रजरप्पा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, यातायात थाना प्रभारी गजेंद्र पांडे, गोला सर्किल इंस्पेक्टर पंकज कुमार, मांडू सर्किल इंस्पेक्टर रजत कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

खनन विभाग व नगर थाना की संयुक्त कार्रवाई, अवैध गिट्टी परिवहन करते हाईवा पकड़ा गया

यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो

पाकुड़ : जिले में अवैध खनिज के परिवहन को रोकने के लिए प्रशासन लगातार सख्ती बरत रहा है। इसके बावजूद कुछ लोग अवैध रूप से पत्थर, गिट्टी, बालू और कोयले का परिवहन करने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसे मामलों पर रोक लगाने के लिए जिला खनन विभाग और पुलिस प्रशासन संयुक्त रूप से लगातार कार्रवाई कर रहे हैं।जिला खनन पदाधिकारी (उ्रडड) के निर्देश पर जिले के सभी थाना प्रभारियों को स्पष्ट रूप से कहा गया है कि अपने-अपने क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध खनिज परिवहन न होने दें और इस तरह की गतिविधियों के विरुद्ध नियमित रूप से अभियान चलाकर कार्रवाई करें।इसी क्रम में नगर थाना क्षेत्र में खनन विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया। नगर थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि धनुष पूजा के पास अवैध रूप से गिट्टी का परिवहन करते हुए एक हाईवा को पकड़ा गया। जांच के दौरान वाहन से संबंधित वैध खनन चालान प्रस्तुत नहीं किया जा सका।इसके बाद जिला खनन पदाधिकारी के आवेदन के आधार पर नगर थाना में हाईवा चालक एवं वाहन मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस द्वारा वाहन को जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनिज के परिवहन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

ईरान-इजराइल संघर्ष पर बोले सांसद सुखदेव भगत

हमला कभी समाधान नहीं, युद्ध खुद एक समस्या है

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

लोहरदगाः पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और अमेरिका की भूमिका को लेकर चल रही अंतरराष्ट्रीय बहस के बीच लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस सांसद सुखद भगत ने युद्ध और हमलों की राजनीति पर गंभीर चिंता जताई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी देश पर हमला कभी भी अच्छा कदम नहीं माना जा सकता और विवादों का समाधान केवल संवाद और कूटनीति के माध्यम से ही संभव है। सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि दुनिया को यह समझना होगा कि युद्ध किसी भी समस्या का हल नहींजा है।उन्होंने कहा कि हमला कभी भी अच्छा कदम नहीं हो सकता।जब भी दो देशों या पक्षों के बीच विवाद हो, तो सबसे पहले संवाद और बातचीत का रास्ता अपनाया जाना चाहिए। युद्ध स्वयं में एक बड़ी समस्या है और यह किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि आज वैश्विक स्तर पर जिस तरह से तनाव और सैन्य टकराव बढ़ रहे हैं, उससे पूरी दुनिया में अस्थिरता का माहौल बन रहा है। ऐसे समय में बड़े और प्रभावशाली देशों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वे टकराव को बढ़ाने के बजाय शांति और कूटनीतिक समाधान की दिशा में पहल करें। सांसद भगत ने यह भी कहा कि भारत की विदेश नीति हमेशा शांति, संतुलन और संवाद पर आधारित रही है। भारत ने इतिहास में कई बार वैश्विक स्तर पर शांति और स्थिरता की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसलिए वर्तमान परिस्थितियों में भी दुनिया को युद्ध की राह छोड़कर बातचीत और समझौते का रास्ता अपनाना चाहिए।उन्होंने कहा कि किसी भी युद्ध का सबसे बड़ा नुकसान आम नागरिकों को उठाना पड़ता है। युद्ध से न केवल हजारों लोगों की जान जाती है, बल्कि अर्थव्यवस्था, सामाजिक स्थिरता और मानवता को भी गहरा आघात पहुंचता है। ऐसे में सभी देशों को संयम और जिम्मेदारी के साथ निर्णय लेना चाहिए। अंत में सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि विश्व शांति के लिए जरूरी है कि सभी देश युद्ध और हमले की राजनीति से ऊपर उठें और आपसी संवाद तथा कूटनीति के माध्यम से स्थायी समाधान खोजने की दिशा में आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि दुनिया को युद्ध नहीं, बल्कि संवाद, समझ और शांति की जरूरत है।

सऊदी अरब की मदद के लिए रणभूमि में उतर सकता है पाकिस्तान, युद्ध का दायरा और फैलेगा!

सुमित कुमार सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

ईरान द्वारा सऊदी अरब पर मिसाइल और ड्रोन हमलों की घटनाओं के बाद क्षेत्रीय तनाव बढ़ गया है। इसी पृष्ठभूमि में पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच हुए सामरिक रक्षा समझौते की परीक्षा शुरू हो गयी है। इस समझौते के अनुसार यदि किसी एक देश पर हमला होता है तो दूसरा देश उसकी सुरक्षा में सहयोग करेगा। पश्चिम एशिया में तेजी से बदलते सुरक्षा हालात के बीच पाकिस्तान एक बेहद जटिल सामरिक दुविधा में फंस गया है। सऊदी अरब और ईरान के बीच बढ़ते टकराव ने इस्लामाबाद के सामने यह कठिन सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या वह अपने पुराने सहयोगी सऊदी अरब के साथ खड़ा होगा या फिर क्षेत्रीय संतुलन बनाये रखने की कोशिश करेगा। पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर के सऊदी दौरे ने इस बहस को और तेज कर दिया है।

दरअसल ईरान द्वारा सऊदी अरब पर मिसाइल और ड्रोन हमलों की घटनाओं के बाद क्षेत्रीय तनाव बढ़ गया है। इसी पृष्ठभूमि में पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच हुए सामरिक रक्षा समझौते की परीक्षा शुरू हो गयी है। इस समझौते के अनुसार यदि किसी एक देश पर हमला होता है तो दूसरा देश उसकी सुरक्षा में सहयोग करेगा। इस संकट के बीच पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने रियाद में सऊदी अरब के रक्षा मंत्री खालिद बिन सलमान से मुलाकात की। इस बैठक में ईरानी हमलों और क्षेत्रीय सुरक्षा हालात पर चर्चा की गयी। दोनों देशों ने साझा रक्षा समझौते के तहत संभावित कदमों पर विचार किया। यह मुलाकात इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि यदि पाकिस्तान सऊदी अरब का सैन्य समर्थन करता है तो वह सीधे ईरान के साथ टकराव की स्थिति में आ सकता है। पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पहले से ही अस्थिर है और ऐसे में नया संघर्ष उसके लिए गंभीर चुनौती बन सकता है।

मगर यह भी महत्वपूर्ण तथ्य है कि पाकिस्तान लंबे समय से सऊदी अरब का घनिष्ठ सहयोगी रहा है। सऊदी अरब ने आर्थिक सहायता और तेल आपूर्ति के माध्यम से कई बार पाकिस्तान की मदद की है। दूसरी ओर पाकिस्तान की ईरान के साथ लंबी सीमा लगती है और इन दोनों देशों के बीच भी सुरक्षा और ऊर्जा से जुड़े कई हित हैं। यही कारण है कि अब तक पाकिस्तान ने इस संघर्ष में सीधे शामिल होने से बचने की कोशिश की है। विश्लेषकों का मानना है कि यदि इस्लामाबाद खुलकर सऊदी अरब के पक्ष में उतरता है तो इससे ईरान के साथ संबंध गंभीर रूप से बिगड़ सकते हैं और सीमा पर तनाव बढ़ सकता है।

हम आपको बता दें कि इस संकट का एक महत्वपूर्ण पहलू पाकिस्तान की आंतरिक राजनीति भी है। देश में सुन्नी और शिया समुदाय दोनों की बड़ी आबादी है। ईरान शिया बहुल देश है जबकि सऊदी अरब सुन्नी नेतृत्व वाला राष्ट्र है। ऐसे में यदि पाकिस्तान किसी एक पक्ष का खुला समर्थन करता है तो देश के भीतर सांप्रदायिक तनाव बढ़ने की आशंका भी रहेगी। अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद पाकिस्तान के कई शहरों में शिया समुदाय के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किये थे और गुस्साई भीड़ ने पाकिस्तान स्थित अमेरिकी मिशन पर हमला भी बोल दिया था। इसके बाद हालात काबू करने के लिये सुरक्षा बलों को कार्रवाई करनी पड़ी थी जिसमें कई लोगों के मारे जाने की खबरें सामने आयीं। इस घटना ने इस्लामाबाद की चिंता और बढ़ा दी है। पाकिस्तान की सरकार को आशंका है कि यदि वह खुलकर ईरान के खिलाफ सऊदी अरब के समर्थन में सेना उतारता है तो देश में मौजूद शिया समुदाय भड़क सकता है और आंतरिक सुरक्षा की स्थिति बिगड़ सकती है। इसी कारण पाकिस्तान की सरकार और सेना अब तक संतुलित नीति अपनाने की कोशिश करती रही है।

इसके अलावा, पाकिस्तान की भूमिका इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि वह एक परमाणु शक्ति है और मुस्लिम देशों में उसकी सेना को काफी प्रभावशाली माना जाता है। यदि पाकिस्तान सऊदी अरब के साथ सैन्य रूप से जुड़ता है तो इससे पूरे क्षेत्र में शक्ति संतुलन बदल सकता है। इसके अलावा यह संघर्ष वैश्विक राजनीति को भी प्रभावित कर सकता है। पश्चिम एशिया में अमेरिका, इजराइल, चीन और रूस जैसे बड़े देशों के हित जुड़े हुए हैं। ऐसे में पाकिस्तान का कोई भी फैसला केवल क्षेत्रीय नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक समीकरणों को भी प्रभावित करेगा।

वहीं विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान फिलहाल सीधे युद्ध में शामिल होने से बचने की कोशिश करेगा। लेकिन यदि सऊदी अरब पर हमले बढ़ते हैं और रक्षा समझौते के तहत दबाव बढ़ता है तो इस्लामाबाद के सामने कठिन निर्णय लेने की नौबत आ सकती है। फिलहाल असीम मुनीर की कूटनीतिक सक्रियता इसी संतुलन को साधने की कोशिश के रूप में देखी जा रही है। आने वाले समय में पाकिस्तान का रुख यह तय करेगा कि पश्चिम एशिया का यह संकट कितना व्यापक रूप लेता है।

हालांकि सैन्य इतिहास पर नजर डालें तो पाकिस्तान की सेना आज तक किसी युद्ध में जीत हासिल नहीं कर सकी है। भारत के साथ हुए युद्धों सहित कई सैन्य टकरावों में पाकिस्तान को करारी हार ही मिली है। ऐसे में यदि पाकिस्तान सऊदी अरब के समर्थन में किसी संघर्ष में उतरता भी है तो उससे युद्ध के व्यापक परिदृश्य में कोई बहुत बड़ा सामरिक बदलाव आने की संभावना कम ही है। विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान की भागीदारी अधिकतर प्रतीकात्मक या सीमित सैन्य सहयोग तक ही रह सकती है, जबकि संघर्ष की दिशा मुख्य रूप से क्षेत्रीय महाशक्तियों की रणनीति से ही तय होगी।

आज का राशिफल

स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली।

मेष राशि :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार में लाभ के अवसर मिलेंगे, लेकिन उसके लिए कड़ा परिश्रम करना पड़ेगा। कार्यों में सफलता मिलने से नई ऊर्जा का अनुभव करेंगे। निवेश से बचना होगा। पारिवारिक संबंध मधुर होंगे। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें। कार्यक्षेत्र में सहकर्मी से विवाद हो सकता है। सेहत को लेकर चिंतित रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा पर जाने के योग बनेंगे।

वृषभ राशि :- आज का दिन सामान्य रहेगा। लंबे समय से अटकी योजना पूरी हो सकती हैं। नौकरी के नए अवसर मिलने की संभावना रहेगी। कार्यभार अधिक होने से शारीरिक और मानसिक रूप से थकान महसूस करेंगे। खर्च की अधिकता रहेगी। परिवार में किसी से मनमुटाव हो सकता है। मित्रों की सलाह काम आएगी। जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। यात्रा सुखद रहेगी। धर्म कर्म के प्रति आस्था बढ़ेगी।

मिथुन राशि :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार की स्थिति यतावत रहेगी। कठिन परिश्रम से सभी कार्य सफल होंगे और मित्रों का पूरा सहयोग मिलेगा, अनावश्यक खर्च बढने से तनाव में रह सकते हैं। स्वास्थ्य की स्थिति कमजोर रहेगी। दाम्पत्य जीवन अच्छा रहेगा। धर्म-ध्यान में रुचि बढ़ेगी। मांगलिक आयोजनों में शामिल हो सकते हैं। परिवार में बड़ों का स्नेह व विश्वास प्राप्त होगा।

कर्क राशि :- आज का दिन उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ मिल सकता है, लेकिन फैसले सोच-समझकर लेने होंगे। सौदे संभलकर करें, अन्यथा किसी बड़े नुकसान की भी संभावना रहेगी। मित्रों से अच्छे संबंध रहेंगे और परिवार में हर्ष-उल्लास का वातावरण रहेगा। नौकरीपेशा वर्ग में उत्साह बना रहेगा। जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर होंगे। यात्रा पर जाने से बचें और स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

सिंह राशि :- आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कारोबार में अच्छा मुनाफा और नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना रहेगी। आकस्मिक धनलाभ के योग भी रहेंगे। आमदनी बढ? से मानसिक सुख की प्राप्ति होगी और परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। जल्दबाजी में निर्णय लेने से बचें। घर में मांगलिक कार्य हो सकते हैं। खान-पान का ध्यान रखना होगा।

कन्या राशि :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार लाभदायक रहेगा और नौकरी में तरक्की के साथ स्थान परिवर्तन के योग रहेंगे। लम्बे समय से प्रयासरत कार्यों में सफलता मिलेगी। आमदनी में वृद्धि से आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, लेकिन पारिवारिक जिम्मेदारी पूर्ण नहीं होने से तनाव झेलना पड़ सकता है। खान-पान में सावधानी रखें। मित्रों से कार्यों में मदद मिलेगी। सामाजिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

तुला राशि :- आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आशानुरूप सफलता और फायदा मिलेगा। व्यापार में नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं। सामाजिक कार्यों में भाग लेने से समाज में प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी। अधिक परिश्रम से मानसिक एवं शारीरिक रूप से थकान व अस्वस्थता महसूस करेंगे। छोटी मोटी यात्रा करना पड़ सकता है। परिवार के साथ समय बिताएंगे। दांपत्य जीवन में खुशियां आएंगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

वृश्चिक राशि :- आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। मेहनत के बेहतर परिणाम मिलेंगे। कारोबार में लाभकारी सौदे होंगे। व्यापारिक रुकावटें दूर होंगी। नए निवेश के अवसर मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। अनावश्य खर्चो पर नियंत्रण रखें। परिवार का माहौल सुखमय होगा। जीवनसाथी से सामंजस्य बना रहेगा। खान-पान का ध्यान रखें, स्वास्थ्य संबंधी परेशानी आ सकती है।

धनु राशि :- आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा, लेकिन अनावश्यक खर्च बढने से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। संपर्कों के जरिए प्रगति के नए अवसर मिलेंगे, जिससे ऊर्जा व उत्साह से परिपूर्ण रहेंगे। पैतृक संपत्ति से धनलाभ होने के योग रहेंगे। परिवार में मांगलिक कार्यों की योजना बनेगी। जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। सेहत का ख्याल रखें। यात्रा लाभदायी रहेगी।

मकर राशि :- आज का दिन आर्थिक रूप से लाभकारी रहेगा। कारोबार में अच्छा मुनाफा और नौकरी में तरक्की मिलने के योग रहेंगे। प्रॉपर्टी और शेयर बाजार में निवेश से अच्छा लाभ मिलेगा। नए लोगों से मुलाकात हो सकती है। व्यक्तिगत स्वार्थ हावी हो सकता है। सेहत संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। कारोबार के सिलसिले में यात्रा भी कर सकते हैं। परिवार में किसी से मनमुटाव की संभावना रहेगी।

कुम्भ राशि :- आज का दिन सामान्य रहेगा। बेरोजगारों को रोजगार के अच्छे अवसर प्राप्त हो सकते हैं। व्यापारियों को थोड़ी अड़चनें आ सकती हैं। कार्यक्षेत्र में कार्यभार बढ़ेगा और खर्च की अधिकता से आर्थिक स्थिति कमजोर रहेगी। सामाजिक कार्यों में मन लगेगा व समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। पारिवारिक जिम्मेदारी पूर्ण करेंगे। प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी। जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा।

मीन राशि :- आज का दिन उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। कारोबार की स्थिति सामान्य रहेगी। सफलता के कई अवसर हाथ आएंगे, लेकिन काम का बोझ बढने से कई मौके हाथ से फिसल भी सकते हैं। क्रोध की अधिकता रहेगी, इसलिए वाणी पर संयम रखकर वाद-विवाद से बच सकते हैं। सामाजिक गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं। निवेश सोच समझकर करें। यात्रा पर जाने से बचें और स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

सेना में झुंझुनू के जवान बेमिसाल है

रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान में शेखावाटी क्षेत्र के झुंझुनू जिले के अमर सपूतों की इस वीर भूमि के रणबांकुरों ने जहां स्वतंत्रता पूर्व के आन्दोलन में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया था, वहीं स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद सेना द्वारा लड़ी गई लड़ाइयों में भी इस धरती की माटी में जन्मे वीरों ने समय-समय पर अपना पराक्रम दिखाया है। वीरों की इस धरती ने सदियों से जन्म लेते रहे सपूतों के दिलों में देशभक्ति की भावना को प्रवाहित किया हैं। वास्तव में यहां की धरती को यह वरदान सा प्राप्त होना प्रतीत होता है कि इस पर राष्ट्रभक्ति के कीर्तिमान स्थापित करने वाले लाडेसर ही जन्म लेते हैं। चाहे 1948 का पाकिस्तान का कबायली हमला हो या 1962 में चीन से युद्ध हो या 1965 व 1971 का भारत-पाकिस्तान युद्ध। यहां के वीरों ने मातृभमि की रक्षा हेतु सदैव अपना जीवन बलिदान किया हैं। सेना के तीनों अंगो की आन की रक्षा के लिए यहां के नौजवान सैनिकों के उत्सर्ग को राष्ट्र कभी भुला नही सकता है। राजस्थान में झुंझुनू जिले के नवयुवकों में सेना में भर्ती होने की बहुत पुरानी परम्परा रही है। यहां के गांवों में घर-घर में सैनिक होता है। सेना के प्रति यहां के लगाव के कारण अंग्रेजों ने यहां एक सैनिक छावनी की स्थापना कर शेखावाटी ब्रिगेड का गठन किया था। देश रक्षा के लिए सेना में शहादत देना राजस्थान की परम्परा रही है। झुंझुनू जिले के वीर जवानों को उनके शौर्यपूर्ण कारनामों के लिये समय-समय पर भारत सरकार द्वारा विभिन्न अलंकरणों से नवाजा जाता रहा है। अब तक इस जिले के कुल 130 से अधिक सैनिकों को वीरता पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। जो पूरे देश में किसी एक जिले के सर्वाधिक संख्या है। भारतीय सेना में योगदान के लिए झुंझुनू जिले का देश में अव्वल नम्बर हैं। वर्तमान में इस जिले के 55 हजार जवान सेना में कार्यरत हैं। वहीं जिले में करीबन 60 हजार भूतपूर्व सैनिक व अर्धसैनिक बलों के जवान हैं। आजादी के बाद भारतीय सेना की ओर से राष्ट्र की सीमा की रक्षा करते हुए यहां के 486 जवान शहीद हो चुके हैं। जो पूरे देश में किसी एक जिले से सर्वाधिक है।

कारगिल युद्ध के दौरान पूरे देश में 527 जवान शहीद हुए थे जिनमें यहां के 19 सैनिक शामिल थे। जो पूरे देश में किसी एक जिले से शहादत देने वालों में सर्वाधिक जवान थे। झुंझुनू जिले से अब तक 486 से अधिक सैनिक जवान सीमा पर शहीद हो चुके हैं। यहां के गांवों में लोकदेवताओं की तरह पूजे जाने वाले शहीदों के स्मारक इस परम्परा के प्रतीक हैं। इस जिले के वीरों ने बहादुरी का जो इतिहास रचा है उसी का परिणाम है कि भारतीय सैन्य बल में उच्च पदों पर सम्पूर्ण राजस्थान की ओर से झुंझुनू जिले का ही वर्चस्व रहा है। इस क्षेत्र के सैनिकों ने भारतीय सेना में रहकर विभिन्न युद्धों में बहादुरी एवं शौर्य की बदौलत जो वीरता पदक प्राप्त किए हैं वे किसी भी एक जिले के लिये प्रतिष्ठा एवं गौरव का विषय हो सकता हैं। सीमा युद्ध के अलावा जिले के बहादुर सैनिकों ने देश मे आंतरिक शान्ति स्थापित करने में भी सदैव विशेष भूमिका निभाई

हैं। सीमा संघर्ष एवं नागा होस्टीलीटीज हो या आपरेशन ब्लूस्टार या श्रीलंका सरकार की मदद हेतु किए गए आपरेशन पवन अथवा कश्मीर में चलाया गया आतंकवादी अभियान रक्षक या कारगिल युद्ध- सभी अभियानों में यहां के सैनिकों ने शहादत देकर जिले का मान बढ़ाया है।

झुंझुनू जिले के हवलदार मेजर पीरूसिंह शेखावत को 1948 के युद्ध में वीरता के लिए देश का सर्वोच्च सैनिक सम्मान परमवीर चक्र से सम्मानित किया जा चुका है। परमवीर चक्र पाने वाले पीरूसिंह शेखावत देश के दूसरे व राजस्थान के पहले सैनिक थे। यहां के सैनिकों ने द्वितीय विश्व युद्ध में भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया था। आज भी यहां द्वितीय विश्व युद्ध के पूर्व सैनिकों की विधवाओं को सरकार से पेंशन मिल रही है। यहां के जवानों ने सेना के सर्वोच्च पदों तक पहुंच कर अपनी प्रतीभा का प्रदर्शन किया है। इस जिले के चित्तोसा गांव के एडमिरल विजय सिंह शेखावत भारतीय नौसेना के अध्यक्ष रह चुके है। वहीं स्व. कुन्दन सिंह शेखावत थल सेना में लेफ्टिनेन्ट जनरल व भारत सरकार के रक्षा सचिव रह चुके हैं। जे.पी.नेहरा, सत्यपाल कटेवा, लेफ्टिनेंट जनरल केके रेप्सवाल सेना में लेफ्टिनेन्ट जनरल पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। लेफ्टिनेंट जनरल बसंत कुमार रेप्सवाल सेना सेवा कोर में कार्यरत हैं। इसके अलावा यहां के काफी लोग सेना में मेजर जनरल, ब्रिगेडियर, कर्नल, मेजर सहित अन्य महत्वपूर्ण पदों पर हैं।

देश में झुंझुनू एकमात्र ऐसा जिला है जहां सैनिक छावनी नहीं होने के उपरान्त भी गत पचास वर्षों से अधिक समय से सेना भर्ती कार्यालय कार्यरत है। इससे यहां के काफी युवकों को सेना में भर्ती होने का मौका मिल पाता है। जिले में इतने अधिक लोगों का सेना से जुड़ाव होने के उपरान्त भी सरकार द्वारा सैनिक परिवारों की बेहतरी व सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए बहुत कुछ किया जाना अभी बाकी है।

कारगिल युद्ध के समय सरकार द्वारा घोषित पैकेज में यह बात भी शामिल थी कि हर शहीद के नाम पर उनके गांव में किसी स्कूल का नामकरण किया जाएगा मगर जिले के ऐसे कई शहीदों के नाम पर अब तक सरकार ने स्कूलों का नामकरण कई नहीं किया है। झुंझुनू जिले के दोरासर गांव में सैनिक स्कूल प्रारम्भ हो चुका है, जिसका लाभ सेना में जाने वाले यहां के युवाओं को मिलेगा। 19 साल पहले हमने करगिल तो जीत लिया था, लेकिन शहीदों के परिवारों के सामने आज भी समस्याओं के कई करगिल खड़े हैं। जिन पर जीत दर्ज करनी अभी बाकी है।

समाज की चिंता

रामलखन सिंह

भा पथ एवं परिवहन विभाग के केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को एक पत्र लिखा है, जिसके माध्यम से उन्होंने अपने क्षेत्र में सड़क दुर्घटना रोकने और जन-जीवन बचाने की अपील की। झारखंड अंतर्गत चौपारण-चतरा रोड को चौड़ीकरण करने और डिवाइडर लगाकर दोनों तरफ आवागमन की सुविधा देने की जरूरत है। अभी वाहन चालकों और पैदल रोड पार करने वाले लोगों को आगे-पीछे देखकर बहुत सतर्क होकर रोड पार करना होता है। थोड़े सी चूक होने पर आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। जब से ये रोड बना है, हजारों लोग दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं और अपनी जान गंवा चुके हैं। चौपारण-चतरा रोड में अनेक जगह तीखे घुमाव हैं। जैसे चौपारण-ईटखोरी के बीच बारा बस्ती में बराही पुल के पास आये दिन दुर्घटना होती रहती है। वहां सावधानी का कोई बोर्ड तक नहीं लगा। इस तरह इस रोड में हमेशा दुर्घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से चौपारण चतरा रोड का डिवाइड सहित चौड़ीकरण कर जन जीवन को बचाने की अपील की है।

वन का बचना जरूरी है

वन विभाग के नियमानुसार एक भी पेड़ काटना और एक इंच जंगल की जमीन का अतिक्रमण करना गुनाह है। वन पर्यावरण की हिफाजत के लिए मैं अनेक बार मुख्यमंत्रियों और वन विभाग के पदाधिकारियों को पत्र लिखता आ रहा, लेकिन एक भी मुख्यमंत्री और वन विभाग के पदाधिकारी ने वन पर्यावरण को बचाने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की। तब मैं राष्ट्रीय ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में केस किया। दिनांक 09. 10. 2019 को इस पर सुनवाई भी हुई। वन विभाग के आलाधिकारियों को डांटा-फटकारा भी गया और कहा गया कि वन भूमि पर किस आधार से दुमका में राजभवन बनाया गया?

तब इन लोगों ने अपनी गलती स्वीकारी और राजभवन की जमीन के बदले झारखंड सरकार को 34 एकड़ जमीन देकर उसपर पौधरोपण भी करना पड़ा और जंगल लगाना पड़ा।

बजट में रक्षा क्षेत्र को प्राथमिकता

केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने देश का साल 2024-25 का बजट पेश करते हुए रक्षा क्षेत्र के लिए 4.54 लाख करोड़ का प्रस्ताव किया। यह संयोग ही है कि कारगिल विजय दिवस (26 जुलाई) से चंदेक दिन पहले ही संसद में पेश आम बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए ठीक-ठाक राशि का ही प्रस्ताव किया गया। भारत अपने रक्षा बजट की किसी भी सूरत में अनदेखी नहीं कर सकता। कारण हम सबको पता है। हमारे दो गैर-जिम्मेदाराना हरकतों के लिये कुख्यात पड़ोसी- चीन और पाकिस्तान भारत के कट्टर शत्रु देश हैं। इनसे भारत के कई युद्ध भी हो चुके हैं। इसके अलावा, पाकिस्तान तो भारत में आतंकवाद को लगातार हवा-पानी देता रहता है। यह हमने हाल ही में जम्मू में भी देखा। जम्मू क्षेत्र में आतंकी हमलों में वृद्धि के मद्देनजर, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने 20 जुलाई को जम्मू का दौरा भी किया। उन्होंने आला सैनिक अफसरों के साथ आतंकवाद को कुचलने की रणनीति पर बातचीत की। जम्मू में इस साल छह अलग-अलग आतंकी हमलों में 11 सशस्त्र बल कर्मियों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा, पिछले महीने आतंकियों ने रियासी में एक बस पर फायरिंग की थी। इसके बाद बस के खाई में गिरने से 9 यात्रियों की मौत हो गई थी। इसके अलावा अक्टूबर 2021 से आतंकवादी डोडा, कठुआ और रियासी जैसे क्षेत्रों में और भी अंदर तक पहुंच गए हैं। पिछले महीने जनरल मनोज पांडे से सेना प्रमुख के रूप में पदभार संभालने के बाद से जनरल द्विवेदी का जम्मू क्षेत्र का यह दूसरा दौरा था।

तो बहुत साफ है कि भारत के रक्षा क्षेत्र के सामने बहुत चुनौतियां है। उसे पाकिस्तान और चीन की करतूतों से लगातार लड़ना पड़ता है। भारत की पाकिस्तान से 1947, 1965, 1971 और फिर करगिल में जंग हुई। चीन से भी हमारी भीषण जंग 1962 में हुई। कुछ साल पहले चीन से दोकलम में भी लड़ाई की ही नौबत आ चुकी थी। लेकिन, भारत की कुशल कूटनीति से युद्ध टल गया था। भारत के चीन और पाकिस्तान से कई विषयों पर विवाद हैं। इसीलिए वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने समझदारी पूर्वक रक्षा बजट के लिए एक बड़ी राशि देने का प्रस्ताव रखा।

चीन ने 1962 की जंग के बाद हमारे अक्सईचिन पर अपना जबरदस्ती कब्जा जमा लिया था। यह क्षेत्र 37,244 वर्ग किलोमीटर है जिसमें अनेक गलैशियर भरे पड़े हैं। यह पूरे कश्मीर घाटी जितना बड़ा इलाका है। भारत को उस चीन द्वारा जबरदस्ती ढंग से कब्जाए क्षेत्र को वापस तो लेना ही है। चीन हमारे अरुणाचल प्रदेश पर भी गिद्ध दृष्टि रखता है। तो भारत को अपने रक्षा बजट को निरंतर बढ़ाने के साथ सेना के सभी अंगों को और मजबूत तो करना ही होगा। इस बारे में कोई बहस संभव नहीं है। भारत लगातार अपने रक्षा क्षेत्र को बदलते वक्त के साथ तैयार भी कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त, 2019 को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीए) पद सर्जित करने की घोषणा की थी। यह कदम भारतीय सशस्त्र बलों में आपसी तालमेल को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। हालांकि यह पहल कारगिल युद्ध के 18 साल बाद हुई। आप जानते हैं कि कारगिल युद्ध में भारत ने पाकिस्तान के गले में अंगूठा डाल दिया था। कारगिल युद्ध भारतीय सेना और राष्ट्रीय खुफिया एजेंसियों के लिए एक बड़ा झटका था। 84 दिनों तक चला यह युद्ध 15,000 फीट की ऊंचाई पर 200 किलोमीटर लम्बी सीमा पर लड़ा गया। यह युद्ध भारतीय सेना के लिए प्रमुख सुधारों और नवीनीकरण

चिराग के सांसद हर साल कराएंगे 52 बेटियों की शादी, बोले- मेरे क्षेत्र की हर बेटी मेरी बहन

एजेंसी

बिहार: समाज में बेटियों की शादी को लेकर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की चिंता अक्सर सामने आती है. कई घरों में माता-पिता सिर्फ पैसों की कमी के कारण बेटियों के विवाह को लेकर परेशान रहते हैं. इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजेश वर्मा ने एक नई सामाजिक पहल की घोषणा की है. उन्होंने अपने क्षेत्र में हमारी बहना नाम से एक अभियान शुरू करने का फैसला किया है.इस पहल के तहत सांसद हर साल अपने लोकसभा क्षेत्र की 52 जरूरतमंद बेटियों का सम्मानपूर्वक विवाह

कराएंगे. खास बात यह है कि इन शादियों में होने वाले सभी जरूरी खर्चों की जिम्मेदारी वे खुद उठाएंगे.

आर्थिक तंगी से जूझते परिवारों को मिलेगी राहत

सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि उनके लोकसभा क्षेत्र में कई ऐसे परिवार हैं, जिनकी आर्थिक स्थिति बहुत मजबूत नहीं है. ऐसे परिवार अपनी बेटियों की शादी को लेकर लंबे समय तक चिंता में रहते हैं. कई बार पैसों की कमी के कारण शादी टलती रहती है. उन्होंने कहा कि यह पहल उन्हीं परिवारों की मदद के लिए शुरू की जा रही है, ताकि किसी भी बेटी का विवाह सिर्फ आर्थिक अभाव के कारण न रुके.

सामूहिक और सम्मानजनक विवाह का लक्ष्य

हमारी बहना अभियान के तहत हर साल 52 बेटियों का सामूहिक विवाह कराया जाएगा. इन विवाह समारोहों को पूरी गरिमा और सम्मान के साथ आयोजित किया जाएगा. सांसद ने बताया कि शादी में लगने वाले जरूरी खर्च, व्यवस्थाएं और अन्य जरूरतों का ध्यान रखा जाएगा, ताकि परिवारों को किसी तरह की परेशानी न हो.

समाज को मिलेगा सकारात्मक संदेश

इस पहल का उद्देश्य सिर्फ शादी कराना नहीं है. इसके जरिए समाज में बेटियों के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी की भावना को भी मजबूत करना है. सांसद का मानना है कि जब समाज बेटियों को बराबरी और सम्मान देगा, तभी वास्तविक विकास संभव होगा. उन्होंने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं. ऐसे में समाज का दायित्व है कि उन्हें सुरक्षा, सम्मान और समान अवसर मिले.

महिला सशक्तिकरण पर भी जोर

अपने संबोधन में सांसद राजेश वर्मा ने महिला सशक्तिकरण को समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला बताया. उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, खेल, विज्ञान और राजनीति सहित हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं. इसीलिए समाज को चाहिए कि वह बेटियों को बोझ नहीं, बल्कि अपनी ताकत समझे. हमारी बहना अभियान भी इसी सोच को मजबूत करने की एक कोशिश है.

बिहार में एक बार फिर से प्रापर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या

एजेंसी

भागलपुर : बिहार के भागलपुर में सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया गया है. जिला के पीरपैंती थाना क्षेत्र में सोमवार की रात बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक को गोली मार दी. घायल अवस्था में उसे मायागंज अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी आज अहले सुबह मौत हो गई. घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गयी है.

भागलपुर में प्रॉपर्टी डीलर की हत्या : मृतक की पहचान शेरमारी बाजार निवासी ऋषभ झा (35) के रूप में हुई है. ऋषभ झा प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता था. बताया जाता है कि वह अपने प्रॉपर्टी डीलर दोस्त सौरभ उर्फ मयंक के साथ बाइक से घूमने के लिए निकला था. इसी दौरान पीरपैंती थाना क्षेत्र के मजरोही के पास बाइक पर सवार दो नकाबपोश बदमाश उसके पास पहुंचे.

बाइक सवार अपराधियों ने वारदात को दिया अंजाम : प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बदमाशों ने बाइक चला रहे सौरभ को रुकने का इशारा किया. हालांकि सौरभ ने बाइक नहीं रोकी और आगे बढ़ना लगा. इसी दौरान पीछे बैठे ऋषभ झा को निशाना बनाते हुए बदमाशों ने पेट में गोली मार दी. गोली लगते ही वह गंभीर रूप से घायल हो गया. इलाज के दौरान हो गई मौत : घटना के बाद सौरभ ने अपने सहयोगियों को सूचना दी और घायल ऋषभ को तुरंत इलाज के लिए जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल (मायागंज) ले जाया गया. जहां चिकित्सकों ने इलाज शुरू किया, लेकिन गंभीर स्थिति के कारण इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी.

एक्शन में पुलिस : घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गयी है. पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है. आसपास के सीसीटीवी को भी खंगाला जा रहा है. बदमाशों की पहचान के लिए प्रयास तेज कर दिए गए हैं. हालांकि मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है.

पहले भी हो चुकी है कई हत्याएं : यहां यह बताना भी जरूरी है कि प्रदेश में इससे पहले भी कई बार प्रापर्टी डीलर को निशाना बनाया जा चुका है. कई बार बिहार की मिट्टी जमीन की लेनदेन में रक्त रंजित हो चुकी है.

खाड़ी देशों में बढ़ते तनाव का असर मुंगेर तक, ईद से पहले घर लौटने का सपना टूटा; परिवारों में बेचैनी

एजेंसी

मुंगेर: खाड़ी देशों में बढ़ते तनाव और युद्ध जैसे हालात का असर अब बिहार के मुंगेर तक महसूस किया जा रहा है. ईरान द्वारा कुवैत, दुबई और ओमान पर हमलों की खबरों के बाद वहां काम कर रहे लोगों के परिवारों में चिंता बढ़ गई है. जिन घरों में कुछ दिन पहले तक ईद और शादियों की तैयारियां चल रही थीं, वहां अब डर और बेचैनी का माहौल है.मुंगेर जिले के सदर प्रखंड के सुजावलपुर, मिजार्पुर बरदह और आसपास के कई गांवों के दर्जनों युवक खाड़ी देशों में काम करते हैं. कोई कंस्ट्रक्शन कंपनी में मजदूरी करता है, तो कोई एयर कंडीशनर, इलेक्ट्रिकल या होटल से जुड़े कामों में लगा हुआ है. इन

लोगों की कमाई से ही गांव में रहने वाले उनके परिवारों का घर-परिवार चलता है.

गांव के 70 से ज्यादा लोग खाड़ी देशों में काम कर रहे : गांव के लोगों के मुताबिक इन गांवों के करीब 70 से अधिक लोग दुबई, कुवैत, सऊदी अरब और कतर में काम कर रहे हैं; अधिकांश लोग पिछले कई वर्षों से विदेश में रहकर अपने परिवार का खर्च उठा रहे हैं, लेकिन पिछले कुछ दिनों से खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव और मिसाइल हमलों की खबरों ने यहां के परिवारों की चिंता बढ़ा दी है.

ईद से पहले लौटने की थी तैयारी : ईद का त्योहार नजदीक होने के कारण इस बार कई प्रवासी मजदूर घर आने की तैयारी में थे. गांव के लोगों के अनुसार करीब 40 से 50 लोगों ने ईद मनाने के लिए घर आने का प्लान बनाया था और कई ने फ्लाइट टिकट भी बुक करा ली थी. परिवार के लोग भी उनके स्वागत की तैयारी में जुटे थे. लेकिन खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ने और सुरक्षा कारणों से कई उड़ान सेवाओं के प्रभावित होने की खबर के बाद उनकी यात्रा फिलहाल टल गई है. कई लोगों ने अपने टिकट रद्द कर दिए हैं. ऐसे में इस बार ईद की खुशियां भी फीकी पड़ती नजर आ रही हैं.

बेटी की शादी में नहीं पहुंच पाएंगे पिता : सुजावलपुर गांव की रहने वाली मदीना बेगम बताती हैं कि उनकी बेटी की शादी 30 मार्च को तय है। परिवार में शादी की तैयारियां चल रही थीं और उनके पति व बेटे सऊदी अरब से 15 मार्च को घर आने वाले थे. परिवार के लोग अब भी उम्मीद लगाए बैठे हैं कि हालात जल्द सामान्य हो जाएं और वे शादी में शामिल हो सकें.

वीडियो कॉल के जरिए मिल रही जानकारी : गांव के रहने वाले मुहम्मद शहजाद बताते हैं कि उनके भाई और कई रिश्तेदार दुबई में एयर कंडीशनर का काम करते हैं. ईद के मौके पर घर आने की पूरी तैयारी थी, लेकिन अब वहां के हालात को देखते हुए उनका आना मुश्किल लग रहा है. शहजाद बताते हैं कि वहां काम कर रहे लोग समय-समय पर वीडियो कॉल और मैसेज के जरिए परिवार को अपनी स्थिति की जानकारी दे रहे हैं, ताकि घर वाले ज्यादा घबराएं नहीं.

कंपनियों ने कर्मचारियों को बंकर में रखा : परिजनों के मुताबिक खाड़ी देशों में काम कर रहे कई भारतीयों को उनकी कंपनियों ने सुरक्षा के लिए जमीन के नीचे बने बंकरों में रखा है. वहां खाने-पीने और जरूरी सुविधाओं की भी व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में कर्मचारी सुरक्षित रह सकें. हालांकि वहां से मिली जानकारी के अनुसार चार मार्च के बाद से हमलों की घटनाएं फिलहाल थमने की बात कही जा रही है, लेकिन स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं हुई है.

गांवों में दुआ और इंतजार : मुंगेर के इन गांवों में हर घर में किसी न किसी का बेटा, भाई या पिता खाड़ी देशों में काम करता है. ऐसे में हर दिन परिवार के लोग फोन पर उनसे संपर्क कर उनकी सलामती की खबर लेते हैं. गांव के लोगों का कहना है कि दिन भर खेत-खलिहान या घर के काम के बीच भी मन वहीं लगा रहता है कि पता नहीं वहां क्या हाल होगा.

संक्षिप्त खबर

नीतीश कुमार का बेटा राजनीति में है', प्रशांत किशोर का तंज- खुद जीवनभर वंशवाद के खिलाफ बोले

पटना: मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इकलौते पुत्र निशांत कुमार सक्रिय राजनीति में एंट्री ले चुके हैं. हालांकि अभी तक उनको कोई पद नहीं मिला है लेकिन माना जा रहा है कि बहुत बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है. निशांत के बहाने विरोधी अब नीतीश पर चौतरफा हमला बोल रहे हैं. जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने भी उन पर निशाना साधा है.

निशांत पर क्या बोले पीके ?: प्रशांत किशोर ने कहा कि जना दल यूनाइटेड निशांत कुमार के पिता की पार्टी है. ऐसे में अगर वे राजनीति की शुरूआत कर रहे हैं तो हमारी ओर से उन्हें शुभकामनाएं हैं. राजनीति में आने का फैसला उनका व्यक्तिगत निर्णय है. राजनीति में हम उनका स्वागत करते हैं.

वंशवाद के बहाने कसा तंज: जन सुराज के संस्थापक ने कहा कि नीतीश कुमार जीवन भर वंशवाद के खिलाफ बोलते रहे हैं लेकिन आज उनका बेटा भी राजनीति में आ गया है. उन्होंने कहा कि उनका बेटा राजनीति में आएं, उससे हमें दिक्कत नहीं लेकिन बिहार के लोगों को भी सोचना चाहिए कि जब नेताओं को अपने बेटे के राजसिंहासन की चिंता रहती है तो आप क्यों नहीं अपने बच्चे की चिंता करते?

बिहार सरकार पर बोला हमला: प्रशांत किशोर ने भभुआ में पत्रकारों से बातचीत करते हुए गरीबी और शिक्षा व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया है. उन्होंने कहा कि 20-21 वर्षों से सत्ता में होने के बावजूद नीतीश कुमार बिहार की स्तिथि नहीं बदल पाए. पीके ने कहा कि बिहार के बच्चे आज भी फैक्ट्रियों में जाकर मजदूरी कर रहे है. चुनाव के बाद से बिहार के 50 से ज्यादा युवकों की मौत दूसरे राज्य की फैक्ट्रियों में काम करते हुए हुई है. यहां यह चर्चा नहीं है कि किसी परिवार का बच्चा मर गया. पूर्वी चंपारण के 8 से ज्यादा लोग पटाखा फैक्ट्री में जलकर मर गए वो खबर नहीं है लेकिन हमारी चिंता यह है कि मुख्यमंत्री का बेटा राजनीति में आ रहा है.

कभी नीतीश के उत्तराधिकारी थे पीके: प्रशांत किशोर कभी नीतीश कुमार के नजदीकी हुआ करते थे. जब वह जेडीयू में शामिल हुए और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने तो उनको नीतीश कुमार ने भी अपना उत्तराधिकारी बताया था. बाद में दूरियां बढ़ीं और उन्होंने अपनी राहें अलग कर ली. पिछले विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री पर हमलावर थे. उन्होंने दावा किया था कि जेडीयू को 25 सीट भी नहीं आएगी. साथ ही ये भी कहा था कि एनडीए की सरकार बनी तो बीजेपी 5 वर्षों तक नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाकर नहीं रखेगी.

बिहार में बेरोजगार युवाओं के लिए सुनहरा मौका, 8वीं से ग्रेजुएशन तक योग्यता, जानें जगह और समय

नवादा: बिहार के नवादा जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए एक बड़ा रोजगार अवसर सामने आया है. जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर द्वारा 10 मार्च 2026 को विशेष एक दिवसीय रोजगार कैम्प का आयोजन किया जा रहा है. इस कैम्प में विभिन्न निजी कंपनियां कुल 234 पदों पर भर्ती करेंगी, जिससे स्थानीय युवाओं को नौकरी पाने का अच्छा मौका मिलेगा.

रोजगार कैम्प का आयोजन और समय: युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार के निदेर्शानुसार यह कैम्प संयुक्त श्रम भवन, जिला नियोजनालय परिसर, नवादा के प्रांगण में आयोजित होगा. कैम्प सुबह 11:00 बजे से दोपहर 4:00 बजे तक चलेगा. जिला नियोजन पदाधिकारी सुनील कुमार सुमन ने इसकी जानकारी देते हुए युवाओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहुंचें.

भाग लेने वाली कंपनियां और पदों की संख्या: कैम्प में एसबीआई नवादा, फ्रिडम एम्प्लॉयबिलिटी एकेडमी नई दिल्ली, साहुल मोटर्स नवादा, अपैरल ट्रेनिंग एंड डिजाइन सेंटर पटना, आशीर्वाद माइक्रोफाइनेंस लिमिटेड पटना, के.के. इंटरप्राइजेज गुजरात, टेरियर सिक्योरिटी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड मुजफ्फरपुर, महादेव हनुमंत विजय उत्तर प्रदेश तथा आमधाने प्राइवेट लिमिटेड पटना जैसी कंपनियां शामिल हैं. इन सभी ने मिलकर कुल 234 रिक्तियां अधिसूचित की हैं.

योग्यता और वेतन की जानकारी: इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता आठवीं पास से लेकर ग्रेजुएशन, आईटीआई तथा डिप्लोमा तक निर्धारित है. चयनित अभ्यर्थियों को 8,000 रुपये से 29,000 रुपये तक मासिक वेतन मिलेगा. इसके अलावा ईपीएफ, आवास, भोजन, ईएसआईसी और इंश्योरेंस जैसी अतिरिक्त सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी. अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 60 वर्ष तक रखी गई है.

क्या होगा कार्य स्थल: कार्य स्थल नवादा, रजौली, राजकोट, राजस्थान, हरियाणा, अहमदाबाद सहित पैन इंडिया स्तर पर होगा. इससे युवाओं को स्थानीय के साथ-साथ अन्य राज्यों में भी नौकरी के अवसर मिल सकेंगे. सभी कंपनियां निजी क्षेत्र की हैं, इसलिए चयन और सेवा शर्तों की जिम्मेदारी संबंधित नियोजक की होगी, जबकि नियोजनालय केवल सुविधा प्रदान करने की भूमिका में रहेगा.

आवश्यक दस्तावेज और एनसीएस पोर्टल रजिस्ट्रेशन: इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति, आधार कार्ड, रंगीन फोटो और बायोडाटा लेकर कैम्प स्थल पर पहुंचें. महत्वपूर्ण बात यह है कि केवल एनसीएस पोर्टल पर रजिस्टर्ड अभ्यर्थी ही भाग ले सकेंगे. जो अभी रजिस्टर्ड नहीं हैं, वे स्वयं एनसीएस पोर्टल पर या जिला नियोजनालय नवादा में जाकर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं.

युवाओं से अपील: जिला नियोजन पदाधिकारी ने बेरोजगार युवाओं से अपील की है कि इस सुनहरे अवसर को हाथ से न जाने दें. समय पर पहुंचकर और सभी दस्तावेज साथ रखकर वे इस रोजगार कैम्प का अधिकतम लाभ उठा सकते हैं. यह पहल बिहार सरकार की युवाओं को रोजगार प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.

हमें आपके नेतृत्व की आदत हो गई है', नीतीश कुमार को लेकर विजय चौधरी हुए भावुक

एजेंसी

बिहार: बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी समृद्धि यात्रा के तीसरे चरण में सुपौल पहुंचे. इस दौरान उन्होंने जिले के विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया. कार्यक्रम में मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि हमें आपके नेतृत्व में काम करने की आदत पड़ गई है. बिहारवासियों को कभी अपने से दूर मत समझिएगा.कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे. विकास योजनाओं की इस बड़ी घोषणा को लेकर इलाके में उत्साह का माहौल देखा गया.

213 योजनाओं की मिली सौगात

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कुल 213 योजनाओं की सौगात दी. इनमें 84 योजनाओं का शिलान्यास और 129 योजनाओं का उद्घाटन शामिल है. इनमें सड़क, भवन,

शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े प्रोजेक्ट शामिल हैं. सरकार का दावा है कि इन योजनाओं से सुपौल जिले के विकास को नई गति मिलेगी और आम लोगों को सीधे लाभ पहुंचेगा.

दिल्ली जाएं, लेकिन बिहार को मत भूलिए- विजय चौधरी

कार्यक्रम के दौरान मंत्री विजय कुमार चौधरी ने मुख्यमंत्री की जमकर तारीफ की. उन्होंने कहा कि बिहार के विकास में नीतीश कुमार की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण रही है. उन्होंने आगे कहा कि मैं चाहता हूं कि भले ही आप राज्यसभा चले जाइए, लेकिन बिहार और बिहारवासियों को कभी अपने से दूर मत समझिएगा. आपको बिहार की सरकार से हमेशा मतलब रखना पड़ेगा. हमें आपके नेतृत्व में काम करने की आदत पड़ गई है. उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री ने वादा किया है कि अगर वे दिल्ली भी जाते हैं तो वहां से भी बिहार पर पूरी नजर रखेंगे.

इतिहास में लिखा जाएगा नीतीश कुमार का काम

मंत्री बीजेंद्र प्रसाद यादव ने भी मुख्यमंत्री के काम की सराहना की. उन्होंने कहा कि बिहार के विकास में नीतीश कुमार का योगदान ऐतिहासिक है. उन्होंने कहा कि लोग पूछ रहे हैं कि वे क्यों जा रहे हैं. मैंने कहा कि यह उनका खुद का फैसला है. लेकिन इतना तय है कि उनके काम को इतिहास के पन्नों में लिखा जाएगा. कार्यक्रम के दौरान एक दिलचस्प नजारा भी देखने को मिला. जब योजनाओं का शिलान्यास हो रहा था,

बिहार में चुन-चुनकर रोजगार देना है' सीएम नीतीश की समृद्धि यात्रा में सम्राट चौधरी का ऐलान

एजेंसी

बिहार: बिहार में चुन-चुनकर रोजगार देना है. नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में सबकुछ करना है. यह बात सीएम नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के दौरान डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कही. सीएम नीतीश सुपौल जिले में पहुंचे, जहां कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. यहां मंच से लोगों को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा, जो लोग पलायन करते हैं, उनको पलायन नहीं करने देना है.

सीएम नीतीश के राज्यसभा जाने पर क्या बोले?

इसके साथ ही सीएम नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने पर कहा, मैं एनडीए की तरफ से आश्वस्त करना चाहता हूं कि नीतीश कुमार जी कहीं नहीं जा रहे हैं. नीतीश कुमार जी हमारे बीच में हम लोगों को मार्गदर्शन देंगे और बिहार फिर

से श्रेष्ठ बनने का काम करेगा. बिहार पूरी तरह से सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में काम करता रहेगा. इस तरह से सम्राट चौधरी ने बिहार में ही हर बिहारी को रोजगार देने की बात कही.

बिहार में लाई जाएगी इंसेंटिव पॉलिसी

बिहार में उद्योग को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है. इसके जरिए ही लोगों के लिए रोजगार उपलब्ध हो सकेगा. सोमवार को सम्राट चौधरी ने बिहार में इंसेंटिव पॉलिसी लाने की बात कही थी. उन्होंने कहा था, इंसेंटिव पॉलिसी 2026 के माध्यम से राज्य में उद्योग को बढ़ावा दिया जाएगा. जो लोग मजदूरी करने के लिए बाहर जाते हैं, उन्हें पांच साल के अंदर चिह्नित कर बिहार में ही रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा. यह सरकार की प्राथमिकता है.

बिहार में गन्ना उद्योग को दिया बढ़ावा

सम्राट चौधरी ने गन्ना उद्योग को बढ़ावा देने पर जोर दिया. सम्राट चौधरी ने कृषि वैज्ञानिकों और गन्ना किसानों से अपील की कि नई तकनीक के साथ पुरानी पद्धति की ओर लौटना है. तभी हम अच्छी खेती कर पायेंगे. खेती की पुरानी पद्धति में कैसे लौटे, इस पर भी चर्चा होनी चाहिए. सरकार बंद मिलों को चालू कराने के साथ ही नई चीनी मिलें लगाने की दिशा में कार्य कर रही है. आज बिहार में 10 चीनी मिलें चालू हैं.

पटना मेट्रो को रेलवे से मिली मंजूरी, 12 मार्च से राजेंद्र नगर के नीचे शुरू होगी टनल खुदाई

एजेंसी

पटना: पटना मेट्रो परियोजना को एक बड़ी प्रशासनिक मंजूरी मिल गई है. रेलवे से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (NOC) मिल गया है. अब राजेंद्र नगर इलाके में रुका हुआ टनल निर्माण का काम दोबारा शुरू होगा. 12 मार्च से मोइनुल हक स्टेडियम और राजेंद्र नगर टर्मिनल के बीच टनल की खुदाई शुरू की जाएगी. यह हिस्सा पटना मेट्रो कॉरिडोर-2 का अहम भाग है. यहां लगभग 800 मीटर लंबी टनल बनाने के लिए खुदाई की जाएगी. इससे परियोजना के लंबे समय से रुके काम को फिर से गति मिलने की उम्मीद है.

तीन महीने बाद फिर शुरू होगा काम

रेलवे की अनुमति नहीं मिलने के कारण दिसंबर 2025 से इस हिस्से में टनल निर्माण का काम बंद पड़ा था. अब मंजूरी मिलने के बाद लगभग तीन महीने बाद निर्माण कार्य फिर शुरू होगा.दरअसल, मोइनुल हक स्टेडियम से राजेंद्र नगर टर्मिनल होते हुए मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन से पहले तक

करीब 1800 मीटर लंबी टनल बनाई जानी है. इस हिस्से का काम पहले तेजी से चल रहा था, लेकिन रेलवे लाइन के पास खुदाई के लिए अनुमति जरूरी थी.

रेलवे लाइन के नीचे से गुजरेगी टनल

यह टनल मोइनुल हक स्टेडियम से शुरू होकर पटना-हावड़ा मुख्य रेलवे लाइन के नीचे से गुजरेगी. इसके बाद यह राजेंद्र नगर रेलवे टर्मिनल के नीचे से होते हुए कंकड़बाग ओल्ड बाइपास के नीचे बन रहे राजेंद्र नगर मेट्रो स्टेशन तक पहुंचेगी. रेलवे के ट्रैक के नीचे से टनल बनाना तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण काम माना जाता है. इसी कारण रेलवे ने सुरक्षा मानकों और तकनीकी पहलुओं की जांच के बाद ही एनओसी जारी की है.

राजेंद्र नगर टर्मिनल के विकास की भी योजना

रेलवे भी राजेंद्र नगर टर्मिनल को विकसित करने की योजना पर काम कर रहा है. इसी वजह से टनल के एलायनमेंट और भविष्य में होने वाले विकास कार्यों के प्रभाव का भी परीक्षण किया गया. सभी तकनीकी पहलुओं की समीक्षा के बाद रेलवे ने पटना मेट्रो को अनुमति दी है. इससे मेट्रो परियोजना और रेलवे के भविष्य के विकास कार्यों के बीच संतुलन बनाया जा सकेगा.

कई हिस्सों में पहले ही बन चुकी है टनल

पटना मेट्रो कॉरिडोर-2 में पहले भी कई हिस्सों में टनल निर्माण का काम पूरा हो चुका है. मोइनुल हक स्टेडियम से पटना विश्वविद्यालय के बीच लगभग 1480 मीटर लंबी टनल तैयार हो चुकी है. वहीं गांधी मैदान से आकाशवाणी होते हुए पटना जंक्शन तक करीब 1450 मीटर लंबी टनल भी बनाई जा चुकी है.

पटना का सबसे गहरा मेट्रो स्टेशन होगा राजेंद्र नगर

राजेंद्र नगर मेट्रो स्टेशन पटना मेट्रो का सबसे गहरा स्टेशन होगा. यहां मेट्रो ट्रेन जमीन से करीब 21 मीटर नीचे से गुजरेगी. इसकी वजह यहां मौजूद रेलवे ट्रैक है. यह स्टेशन खास इसलिए भी होगा क्योंकि यह सीधे राजेंद्र नगर रेलवे टर्मिनल से जुड़ा रहेगा. इससे यात्रियों को ट्रेन और मेट्रो के बीच आसानी से आवागमन की सुविधा मिलेगी.

यात्रा होगी और आसान

पटना जंक्शन मेट्रो स्टेशन को इंटरचेंज स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है. यहां रेड लाइन और ब्लू लाइन आपस में जुड़ेंगी. इससे दानापुर से खेमनीचक और न्यू ISBT तक सफर काफी आसान और तेज हो जाएगा. पटना मेट्रो परियोजना पूरी होने के बाद शहर के यातायात व्यवस्था में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है.

कैमूर : ट्रैक पार कर रहे दो भाइयों की ट्रेन से कटकर मौत

एजेंसी

कैमूर : बिहार से एक बेहद दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां दो लोगों की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई. ताजा मामला कैमूर के मोहनिया थाना क्षेत्र का है. बरेज गांव के दो युवक मंगलवार की सुबह अपने खेत में काम करने के लिए जा रहे थे. सुबह के समय काफी कोहरा था जिस वजह से दोनों को ट्रेन का अंदाजा नहीं हो पाया. और दोनों ट्रेन की चपेट में आ गए. हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे के बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया. हादसे की खबर मिलते ही पूरे गांव के लोग इकट्ठा हो गए. लोगों ने मृतकों के परिजनों को इसकी सूचना दी. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.दोनों मृतक आपस में भाई थे. मृतकों की पहचान बरेज गांव निवाली मदन शाह के पुत्र 24 वर्षीय प्रिंस कुमार और 22 वर्षीय रोहित कुमार के रूप में हुई है. दोनों भाई अपने चार भाइयों में दूसरे और तीसरे स्थान पर थे और गांव में ही ठेला लगाकर अंडा बेचते थे, जिससे उनके परिवार का गुजारा होता था.सूचना मिलते ही आरपीएफ और मोहनिया पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई. आरपीएफ के जवान एस.के. पांडेय ने बताया कि दो लोगों के ट्रेन से कटने की सूचना मिली थी. मौके पर पहुंचे तो पाया कि दोनों सगे भाई हैं. दोनों सुबह अपने में काम करने जा रहे थे.कोहरे के कारण हादसे की आशंका जताई जा रही है. पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी की. इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भभुआ सदर अस्पताल भेज दिया गया.

खबर संक्षेप

डाइकिन उत्पादों के दाम 12 प्रतिशत बढ़ाएगी

नई दिल्ली। एयर-कंडीशनर बनाने वाली कंपनी डाइकिन इंडिया अप्रैल से कीमतों में 12 प्रतिशत तक बढ़ोतरी करने वाली है, क्योंकि कच्चे माल की लागत और आपूर्ति श्रृंखला का खर्च बढ़ गया है। डाइकिन इंडिया ने एक बयान में कहा, अप्रैल 2026 से, डाइकिन इंडिया कच्चे माल की लागत और आपूर्ति श्रृंखला के खर्च में लगातार बढ़ोतरी को कम करने के लिए अपनी सभी उत्पाद श्रृंखला में कीमतों में 7-12 प्रतिशत की वृद्धि करेगी।

रेमंड रियल्टी का आवास परियोजना के लिए करार

नई दिल्ली। रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी रेमंड रियल्टी लिमिटेड ने मुंबई में एक नई आवास परियोजना विकसित करने के लिए संयुक्त उद्यम पर हस्ताक्षर किए हैं। इस परियोजना से करीब 3,000 करोड़ रुपये की आय होने का अनुमान है। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि उसने मुंबई के कांदिवली के एक प्रमुख स्थान में एक प्रतिष्ठित आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए हैं।

एआरसीआईएल ने काकरला को किया सीईओ नियुक्त

मुंबई। एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड (एआरसीआईएल) ने फणींद्रनाथ काकरला को आठ मार्च से अपना मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) नियुक्त किया है। कंपनी ने बयान में कहा कि काकरला ने पल्लव मोहपात्रा का स्थान लिया है। मोहपात्रा ने सीईओ और एमडी के रूप में अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद पद छोड़ दिया था। एआरसीआईएल के चेयरमैन नारायणन सुब्रमण्यम ने कहा, ''हमें विश्वास है कि वह कंपनी को वृद्धि और मूल्य निर्माण के अगले चरण में ले जाएंगे। यह पिछले वर्ष के दौरान कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा परिकल्पित उत्तराधिकार योजना का हिस्सा है।''

जैक्वार का राजस्व 1,700 करोड़ रुपए करने का लक्ष्य

नई दिल्ली। बाथरूम और लाइटिंग समाधान मुहैया कराने वाले जैक्वार समूह ने अगले तीन वर्षों में लाइटिंग व्यवसाय के राजस्व को 1,700 करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी के पोर्टफोलियो में एलईडी, व्यायसायिक, आउटडोर और फसाड लाइटिंग के अलावा बल्ब और ट्यूब लाइट जैसे उपभोक्ता प्रकाश उत्पाद शामिल है।

आईआईएफसीएल का ऋण एक लाख करोड़ पार जाएगा

IIFCL

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) के प्रबंध निदेशक रोहित ऋषि ने कहा कि मजबूत परियोजनाओं के दम पर वित्त वर्ष 2026-27 के अंत से पहले कंपनी द्वारा वितरित ऋण एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर जाएगा। कंपनी के प्रबंध निदेशक ने कहा, 31 दिसंबर 2025 तक वितरित किया गया कुल ऋण 80,515 करोड़ रुपये था। हमारी वर्तमान गति और विभिन्न क्षेत्रों में परियोजनाओं की मजबूत मांग को देखते हुए, हमें उम्मीद है कि अगले वित्त वर्ष के अंत तक ऋण पोर्टफोलियो एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर जाएगा।/"

बाजार में उल्टा असर, ईरान-इजराइल युद्ध के बावजूद सोने में गिरावट

नई दिल्ली

आमतौर पर जियो-पॉलिटिकल टेंशन जब बढ़ते हैं तो सोने-चांदी की कीमतें भी आसमान छूती हैं, लेकिन इस बार उलटा असर हो रहा है। ईरान-इजरायल-अमेरिका में युद्ध के बावजूद सोमवार को ग्लोबल मार्केट में सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। आमतौर पर, ऐसे हालात में निवेशक सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने-चांदी की ओर रुख करते हैं, लेकिन इस बार बाजार में उलटा रुख देखने को मिला है। कॉमेक्स पर सोने की कीमत करीब 1.3 प्रतिशत फिसलकर 5,090 डॉलर प्रति औंस के आसपास पहुंच गई।

ग्लोबल बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज

तेजी के बाद मुनाफावसूली का दौर

रॉयटर्स के मुताबिक कीमती धातुओं में गिरावट की एक बड़ी वजह निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली किया जाना है। पिछले कुछ महीनों में सोने ने शानदार तेजी दिखाई थी, जिसके बाद निवेशक अब अपने मुनाफे को भुनाने में लगे हैं। इसके पीछे एक और वजह यह है कि शेयर बाजार में जारी गिरावट के चलते निवेशक अपने पोर्टफोलियो में हो रहे नुकसान की भरपाई के लिए सोने के हिस्से को बेचकर नकदी जुटा रहे हैं। एमके वेल्थ मैनेजमेंट के शोध प्रमुख जोसेफ थॉमस के मुताबिक, फिलहाल सोने की कीमतों पर मध्य पूर्व की स्थिति का सबसे अधिक असर देखा जा रहा है।

बढ़ते तेल के दाम ने बढ़ाई चिंता

जहां एक ओर सोने की कीमतें लुढ़क रही हैं, वहीं दूसरी ओर कच्चे तेल की कीमतों ने नए रिकॉर्ड बना लिए हैं। ब्रेंट क्रूड का भाव 27 प्रतिशत से अधिक उछलकर 120 डॉलर प्रति बैरल के पार चला गया, जो महामारी के बाद से सबसे बड़ी एक दिवसीय छलांग है। वहीं, डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 115 डॉलर के करीब पहुंच गया। तेल की कीमतों में यह उछाल होर्मुज स्ट्रेट से तेल आपूर्ति बाधित होने की आशंकाओं के चलते आया है।

डॉलर मजबूत, कीमती धातुएं कमजोर

कीमती धातुओं की कीमतों पर दबाव का एक और बड़ा कारण अमेरिकी डॉलर का मजबूत होना और बॉन्ड यील्ड (ब्याज दरों) में बढ़ोतरी है। बाजार में अनिश्चितता के दौर में निवेशक नकदी के लिए डॉलर का रुख कर रहे हैं। वहीं, बढ़ती महंगाई के कारण अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड भी ऊपर गई है।

युद्ध का बाजार पर उल्टा असर

विश्लेषकों का कहना है कि सोने की कीमतों में यह उतार-चढ़ाव किसी बुनियादी बदलाव की वजह से नहीं, बल्कि युद्ध के चलते पैदा हुई शार्ट टर्म वोलेटिलिटी के कारण हो रहा है। जोसेफ थॉमस का कहना है कि एक बार भू-राजनीतिक तनाव कम होने के बाद, अमेरिकी ब्याज दरों और डॉलर की दिशा जैसे पारंपरिक कारक ही सोने-चांदी की कीमतों को तय करेंगे। फिलहाल, निवेशक सुरक्षित निवेश और बाजार की तरलता की जरूरत के बीच उलझे हुए।

अमेरिका के ऊर्जा मंत्री राइट ने भारत से किया अनुरोध

भारत बाजार में उपलब्ध रूसी तेल खरीद कर अपनी रिफाइनरियों में भेजे : अमेरिका

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क/वाशिंगटन

अमेरिका ने भारत से अनुरोध किया है कि वह समुद्री परिवहन में पहले से मौजूद रूसी कच्चे तेल को खरीदकर उसे भारतीय रिफाइनरियों की ओर मोड़ दे, ताकि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच आपूर्ति में संभावित कमी और कीमतों में उछाल की आशंकाओं को कम किया जा सके। अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने कहा कि यह कदम बाजार को स्थिर रखने के लिए एक अल्पकालिक और व्यावहारिक प्रयास है। इसके साथ ही राइट ने स्पष्ट किया कि इस पहल का मतलब रूसी तेल को लेकर अमेरिका की नीति में किसी बदलाव का संकेत नहीं है।

संभावित कमी और कीमतों में उछाल की आशंकाओं को रोका जा सके

समुद्री परिवहन में पहले से मौजूद कच्चे तेल को भारत की ओर मोडे

कच्चे तेल के कार्गो भारत खरीद सके

राइट ने रविवार को 'सीएनएन' को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि उन्होंने वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के साथ मिलकर भारतीय अधिकारियों से बात की थी ताकि चीनी रिफाइनरियों में उतारे जाने की प्रतीक्षा कर रहे रूसी कच्चे तेल के कार्गो को भारत खरीद सके।

बहुत सा तेल चीन की रिफाइनरियों में उतारा जाना है

राइट ने कहा, /"भारत इस मामले में एक अच्छा सहयोगी रहा है। मैंने और वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने भारतीय अधिकारियों से फोन पर बात की और कहा कि अभी बहुत सारा तेल चीन की रिफाइनरियों में उतारा जाना है। ऊर्जा मंत्री ने कहा, /"वहां तेल को उतारने के लिए छह सप्ताह तक इंतजार कराने के बजाय, इसे पहले ही भारत खरीदकर अपनी रिफाइनरियों में भेजे ताकि तेल की कमी की आशंका, कीमतों में अचानक बढ़ोतरी और बाजार में व्याप्त चिंताओं को कम किया जा सके।/"

अमेरिकी नीति में कोई बदलाव नहीं आया

इसके साथ ही उन्होंने दोहराया कि रूस के प्रति अमेरिकी नीति में कोई बदलाव नहीं आया है और /"भारत इस बात को लेकर पूरी तरह स्पष्ट है।/" जब उनसे पूछा गया कि क्या रूसी तेल खरीद के लिए भारत को दी गई 30 दिनों की छूट से ट्रंप प्रशासन का रूस को अलग-थलग करने का लक्ष्य कमजोर होता है, उन्होंने कहा, "ऐसा नहीं है। यह केवल एक व्यावहारिक कदम है और इसका असर केवल अल्पकालिक है। रूस के प्रति नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ।"

30 दिनों की रूस से तेल खरीदी की मिली छूट

वित्त मंत्रालय की तरफ से पिछले हफ्ते दी गई छूट के तहत भारत 30 दिनों तक रूस से कच्चा तेल खरीद सकता है। इसके पहले ट्रंप प्रशासन ने रूस से तेल खरीदने पर भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क लगा दिया था। लेकिन पिछले महीने अंतरिम व्यापार समझौते पर बनी सहमति के तहत इस शुल्क को हटाने की बात कही गई थी।

अमेरिकी राजदूत ने भी किया समर्थन

राइट ने यह भी कहा कि भारत ने रूसी तेल आयात को पूरी तरह बंद कर दिया है और अमेरिका, वेनेजुएला और अन्य देशों से अपने आयात बढ़ा रहा है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने भी इस निर्णय का समर्थन करते हुए कहा कि यह एक अस्थायी और व्यावहारिक उपाय है।

रुपया 53 पैसे टूटकर अपने सबसे निचले स्तर 92.35 प्रति डॉलर पर

कच्चे तेल में उछाल से डॉलर हुआ मजबूत रुपया अब तक के अपने सबसे निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पश्चिम एशिया के बिगड़ते हालात के बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और डॉलर के मजबूत होने से सोमवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 53 पैसे टूटकर 92.35 प्रति डॉलर (अस्थायी) के अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया।

विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में भारी बिकवाली के बीच विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने से रुपये पर खासा दबाव देखा गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 92.22 पर खुला और थोड़ी देर के लिए मजबूत होकर 92.15 तक पहुंच गया। लेकिन बाद में लगातार गिरावट के बीच यह अंत में 92.35 के अपने रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। यह पिछले बंद भाव के मुकाबले 53 पैसे की कमजोरी है। इससे पहले शुक्रवार को रुपया 18 पैसे गिरकर 91.82 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, /"कमजोर वैश्विक बाजार और कच्चे तेल की कीमतों में अचानक आए तेज उछाल के कारण रुपया शुरुआत में ही काफी कमजोर खुला और 92.35 के नए रिकॉर्ड निचले स्तर तक खिसक गया। एशियाई कारोबार के दौरान तेल की कीमतों में लगभग 25 प्रतिशत तेजी देखी गई। डॉलर में मजबूती और विदेशी निवेशकों की निकासी से भी रुपये पर दबाव पड़ा।/"

डॉलर सूचकांक में 0.35 प्रतिशत बढ़कर 99.33 पर

इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत वायदा कारोबार में 15.18 प्रतिशत बढ़कर 106.8 डॉलर प्रति बैरल हो गई। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते युद्ध के कारण तेल की कीमतों में तेजी आई है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.35 प्रतिशत बढ़कर 99.33 पर पहुंच गया।

मिडिल ईस्ट में गहराता संकट बढ़ा सकता है जोखिम

नैसकॉम ने कहा, आईटी कंपनियां सतर्कता और साइबर सुरक्षा बढ़ाएं

नई दिल्ली

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) उद्योग के प्रमुख संगठन नैसकॉम ने सोमवार को प्रौद्योगिकी कंपनियों को पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनीतिक संकट को देखते हुए अपनी परिचालन तैयारियों और साइबर सुरक्षा ढांचे को और मजबूत करने की सलाह दी है।

नैसकॉम ने आगाह किया है कि अनिश्चितता के इस माहौल में कामकाज में बाधा आने और साइबर खतरों का जोखिम काफी बढ़ सकता है। अपनी सदस्य कंपनियों के लिए जारी एक नए परामर्श में नैसकॉम ने कहा कि हालांकि वर्तमान में व्यावसायिक परिचालन स्थिर है, लेकिन कंपनियां अपनी आकस्मिक योजनाओं की सक्रिय रूप से समीक्षा कर रही हैं।

झटकों को झेलने या उनसे उबरने की अपनी क्षमता को और मजबूत कर रही हैं, ताकि /"समय के साथ स्थिति बदलने पर/" होने वाले किसी भी संभावित व्यवधान को कम किया जा सके। य ह परामर्श ऐसे समय में आया है जब ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद पश्चिम एशिया में संघर्ष गहरा गया है। इसके जवाब में हुए मिसाइल और ड्रोन हमलों ने हवाई क्षेत्र को प्रभावित किया है, जिससे क्षेत्रीय स्थिरता, साइबर खतरों और वैश्विक प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे, यात्रा मार्गों व समुद्री व्यापार पर इसके संभावित असर को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। नैसकॉम ने सोमवार को जारी बयान में कहा, ''पश्चिम एशिया में तेजी से बदलते भू-राजनीतिक घटनाक्रम के मद्देनजर नैसकॉम ने सदस्य कंपनियों के लिए एक और परामर्श जारी किया है।

क्लाउड व डेटा केंद्रों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था पर करे विचार

परामर्श में कंपनियों को यह सुझाव भी दिया गया है कि वे अपनी सेवाओं की निरंतरता बनाए रखने और महत्वपूर्ण डेटा व सेवाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 'क्लाउड ढांचे' और 'डेटा केंद्रों' के लिए वैकल्पिक व्यवस्था पर विचार करें।

सरकार ने 6,309 करोड़ रुपए के बांड वापस खरीदे

मुंबई

सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से आयोजित अदला-बदली नीलामी के तहत 6,309 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियां (जी-सेक) वापस खरीद ली हैं और उनके बदले 6,431.79 करोड़ रुपये के नए बॉन्ड जारी किए हैं।

सरकारी प्रतिभूति कम जोखिम वाले ऋण साधन होते हैं जिन्हें सरकार जारी करती है। सरकारी गारंटी वाली इन प्रतिभूतियों पर निश्चित प्रतिफल मिलता है।

सरकार ने अदला-बदली नीलामी के तहत बांड वापस खरीदे



सरकार की तरफ से दोबारा खरीदी गई प्रतिभूतियां अगले वित्त वर्ष में परिपक्व होने वाले निर्धारित बॉन्ड का हिस्सा थीं।

इनमें 1,684 करोड़ रुपये मूल्य के 7.33 प्रतिशत जीएस 2026 बॉन्ड, 1,035 करोड़ रुपये मूल्य के 5.74 प्रतिशत जीएस 2026 बॉन्ड, 590 करोड़ रुपये मूल्य के 8.15 प्रतिशत जीएस 2026 बॉन्ड और 3,000 करोड़ रुपये के 8.24 प्रतिशत जीएस 2027 बॉन्ड शामिल हैं।

सरकार लंबी अवधि के बांड जारी करती है

इस नीलामी के तहत सरकार निकट अवधि में परिपक्व होने वाले बॉन्ड की जगह लंबी अवधि के बॉन्ड जारी करती है। इससे अगले वित्त वर्ष में होने वाले पुनर्भुगतान दबाव को कम करने में मदद मिलेगी। वित्त वर्ष 2026-27 में लगभग 5.47 लाख करोड़ रुपये के सरकारी बॉन्ड परिपक्व होने वाले हैं।

बैंकिंग प्रणाली में आए 50,000 करोड़ रुपए

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को खुले बाजार परिचालन (ओएमओ) के तहत सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद कर बैंकिंग प्रणाली में 50,000 करोड़ रुपये डाले। आरबीआई ने बयान में कहा कि उसने 13,507 करोड़ रुपये मूल्य के 6.33 प्रतिशत सरकारी प्रतिभूति (जीएस) 2035 बॉन्ड, 13,494 करोड़ रुपये मूल्य के 6.01 प्रतिशत जीएस 2030 बॉन्ड, 8,157 करोड़ रुपये मूल्य के 6.10 प्रतिशत जीएस 2031 बॉन्ड, 6,955 करोड़ रुपये मूल्य के 7.30 प्रतिशत जीएस 2053 बॉन्ड खरीदे। इनके अलावा 4,479 करोड़ रुपये मूल्य के 7.18 प्रतिशत जीएस 2033 बॉन्ड, 2,304 करोड़ रुपये मूल्य के 6.92 प्रतिशत जीएस 2039 बॉन्ड और 1,104 करोड़ रुपये के 6.19 प्रतिशत जीएस 2034 बॉन्ड खरीदे गए हैं। वर्तमान में बैंकिंग प्रणाली में तरलता अधिशेष (जरूरत से अधिक नकदी) करीब 2.41 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है।

- आरबीआई ने सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद की

भारत उपभोक्ता प्रौद्योगिकी का वैश्विक मंच बनने तैयार

नई दिल्ली

स्मार्टफोन विनिर्माता कंपनी 'नथिंग' के सह-संस्थापक और भारतीय इकाई के प्रमुख अकिस इवांगेलिडिस ने कहा है कि बढ़ते विनिर्माण आधार और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला के दम पर भारत उपभोक्ता प्रौद्योगिकी के अगले वैश्विक मंच के रूप में मजबूती से उभर रहा है।

उपभोक्ता प्रौद्योगिकी के क्षेत्र की 'यूनिकॉर्न' (एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाली कंपनी) और लंदन मुख्यालय वाली इस कंपनी ने हाल ही में बेंगलुरु में देश के अपने पहले 'फ्लैगशिप स्टोर' का उद्घाटन किया है। कंपनी का कहना है कि वह भारत में अत्यधिक तीव्र वृद्धि की राह पर अग्रसर है।

इवांगेलिडिस ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कहा, ''यह यात्रा काफी चुनौतीपूर्ण रही है, लेकिन साथ ही बेहद फायदेमंद और रोमांचक भी रही है। भारत एक रणनीतिक बाजार है और हमारे उद्योग में वैश्विक स्तर पर भारत से काफी कुछ हो रहा है। हम निश्चित रूप से आने वाले समय में भारत को इसमें सबसे आगे देख रहे हैं।''

- स्मार्टफोन कंपनी नथिंग के सह-संस्थापक अकिस का मानना

भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन बाजार

भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन बाजार है। सरकारी प्रोत्साहनों के तहत स्थानीय विनिर्माण और आपूर्ति श्रृंखला में विस्तार के कारण वैश्विक ब्रांड अब तेजी से भारत में अपने उपकरणों का उत्पादन कर रहे हैं।

इवांगेलिडिस ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत ने खुद को एक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए जो ठोस कार्य किया है और अब जिस तरह से आपूर्ति श्रृंखला तथा इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

ईरान संकट से अर्थव्यवस्था के लिए नए जोखिम हो सकते हैं पैदा

अर्थव्यवस्थाओं के लिए चुनौतियां बढ़ने की आशंका : फिच

नई दिल्ली

रेटिंग एजेंसी फिच ने सोमवार को कहा कि ईरान से जुड़े संघर्ष के कारण उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए तेल-गैस आयात, प्रवासी समुदाय की तरफ से भेजी जाने वाली विदेशी मुद्रा और विनिमय दर जैसे क्षेत्रों में अतिरिक्त चुनौतियां पैदा हो सकती हैं।

फिच रेटिंग्स ने 'ईरान संघर्ष से उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए उपजे नए ऋण जोखिम' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा कि यदि खाड़ी क्षेत्र से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में अपेक्षा से अधिक व्यवधान आता है तो वैश्विक निवेशकों की धारणा पर गंभीर असर पड़ सकता है।

अमेरिकी डॉलर हो रहा मजबूत

रिपोर्ट के मुताबिक, ऐसी स्थिति में अमेरिकी डॉलर मजबूत हो सकता है और खासकर उच्च जोखिम वाले उधारकर्ताओं के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में कर्ज जारी करना मुश्किल हो सकता है। फिच ने कहा, /"ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी से महंगाई पर भी दबाव बढ़ेगा और इससे दुनिया भर में मौद्रिक नीति के फैसलों पर असर पड़ सकता है।/"

तेल और गैस आयात पर असर

रिपोर्ट के मुताबिक, तेल और गैस आयात पर इस संघर्ष का सबसे सीधा असर देखने को मिलेगा। इसकी वजह यह है कि भारत जैसी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शुद्ध जीवाश्म ईंधन आयात सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के तीन प्रतिशत या उससे अधिक के बराबर है।

आयात की लागत बढ़ सकती है

हालांकि लंबे समय तक यह व्यवधान कायम रहने की स्थिति में असर ज्यादा गंभीर हो सकता है। आयात की लागत बढ़ने से पाकिस्तान जैसे उन देशों पर दबाव अधिक होगा जिनकी वित्तीय क्षमता पहले से कमजोर है या जिनका चालू खाता घाटा अधिक है।

सरकारों पर वित्तीय दबाव बढ़ सकता है

रिपोर्ट कहती है कि ऊर्जा कीमतें लंबे समय तक ऊंची रहने से उन सरकारों पर वित्तीय दबाव बढ़ सकते हैं, जो उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए ईंधन पर सब्सिडी देती हैं या कीमतों में बढ़ोतरी के जवाब में ऐसी योजनाएं शुरू करती हैं।

तेल उत्पादन ढांचे को नुकसान हो सकता है : रेटिंग एजेंसी ने कहा कि यदि होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते तेल एवं गैस का परिवहन एक महीने से कम समय तक बंद रहता है और क्षेत्र के तेल उत्पादन ढांचे को बड़ा नुकसान नहीं होता है तो उभरती अर्थव्यवस्थाओं की साख पर जोखिम सीमित रह सकता है।

खबर संक्षेप

फ्यूचर्स कप : राधामणि साहिल जीते, उधम बाहर

बैंकॉक। भारत की युवा मुक्केबाजी टीम के लिए सोमवार को विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप में मिलाजुला दिन रहा जब राधामणि लोंगजाम और साहिल दुहान ने जीत हासिल की लेकिन उधम सिंह टूर्नामेंट से बाहर हो गए। महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में राधामणि ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उज्बेकिस्तान की अपनी विरोधी को हराया और तीसरे दौर में रैफरी के मुकाबला रोकने (आरएससी) पर जीत दर्ज की। पुरुषों के वर्ग में साहिल (60 किग्रा) ने टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए तुर्कमेनिस्तान के मुक्केबाज को 5-0 के एकमत फैसले से हराकर शानदार जीत हासिल की। उधम सिंह (55 किग्रा) को हालांकि कड़ी टक्कर देने के बावजूद जापान के प्रतिद्वंद्वी खिलाफ कड़े मुकाबले में 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

जोबर्ग ओपन : शुभंकर संयुक्त 57वें स्थान पर

जोहानिसबर्ग। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा 'जोबर्ग ओपन' के अंतिम दौर में दो ओवर 72 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 57वें स्थान पर रहे। शुभकर ने दो बर्डी के मुकाबले चार बोगी कर बैठे। उन्होंने इस दौरान तीन बोगी 13वें से 16वें होल के बीच किए।उनका कुल स्कोर एक अंडर पार (66-72-69-72) रहा।जोबर्ग ओपन में अतीत में शुभंकर का प्रदर्शन अच्छा रहा है। उन्होंने यहां पांच टूर्नामेंटों में से चार बार कट हासिल किया है और इसी कोर्स पर 2017 में डीपी वर्ल्ड टूर का अपना पहला खिताब जीता था। इंग्लैंड के डैन ब्रैडबरी ने अंतिम दिन शानदार वापसी करते हुए पांच अंडर 65 का कार्ड खेला और कुल 17 अंडर पार (64-70-64-65) के स्कोर के साथ खिताब अपने नाम किया।

भारतीय टीम की नजरें ओलंपिक का स्वर्ण जीतने पर

अहमदाबाद। आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 2028 में होने वाले अगले टी20 विश्व कप में सूर्यकुमार के खेलने की पूरी संभावना है। लेकिन इससे पहले लॉस एंजिलिस में ओलंपिक स्वर्ण जीतने का मौका होगा चूंकि क्रिकेट की 128 साल बाद ओलंपिक में वापसी हो रही है। भारत की विश्व कप विजेता इस टीम में सिर्फ कप्तान सूर्यकुमार यादव ही 35 साल के हैं लेकिन उनका इरादा 2028 में ये दोनों टूर्नामेंट खेलने का है। सूर्यकुमार ने कहा, ' एक टीम के रूप में हमने जो कुछ हासिल किया है, वह काफी खास है। अगला लक्ष्य ओलंपिक है। ओलंपिक स्वर्ण और उसी साल टी20 विश्व कप भी है।'

सैमसन ने टी20 वर्ल्ड कप की 5 पारियों में 80.25 की औसत के साथ बनाए 321 रन

टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में सिर्फ 3 भारतीय बने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट

नई दिल्ली

संजू सैमसन ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 की 5 पारियों में 80.25 की औसत के साथ 321 रन बनाए। इस शानदार प्रदर्शन के लिए सैमसन को 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' के खिताब से नवाजा गया। इसी के साथ सैमसन टी20 वर्ल्ड कप में यह पुरस्कार जीतने वाले तीसरे भारतीय बन गए हैं। इस पुरस्कार को जीतने वाले सभी भारतीय खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं।

विराट कोहली

दिग्गज बल्लेबाज ने टी20 वर्ल्ड कप 2014 और 2016 में 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' का खिताब अपने नाम किया था। वह इकलौते ऐसे भारतीय हैं, जिन्होंने दो बार यह पुरस्कार अपने नाम किया है। कोहली टी20 वर्ल्ड कप 2014 में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे, जिन्होंने 106.33 की औसत के साथ 319 रन बनाए। इस दौरान कोहली के बल्ले से 10 छक्के और 24 चौके निकले। इसके बाद साल 2016 में भी कोहली ने इस पुरस्कार को अपने नाम किया। विराट कोहली ने टी20 वर्ल्ड कप 2016 में कुल 5 मैच खेले, जिसमें 136.50 की औसत के साथ 273 रन बनाए। वह उस संस्करण में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे पायदान पर रहे थे।

जसप्रीत बुमराह

भारत ने जसप्रीत बुमराह की धारदार गेंदबाजी के साथ टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब अपने नाम किया। उस संस्करण में बुमराह ने 8 मुकाबले खेलते हुए कुल 29.4 ओवर गेंदबाजी की। इस दौरान बुमराह ने 124 रन देकर 15 विकेट हासिल किए। हालांकि, अर्शदीप सिंह 17 विकेट लेकर उस संस्करण में सर्वाधिक विकेट हासिल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में बुमराह से एक पायदान ऊपर थे, लेकिन डेथ ओवर्स में शानदार प्रदर्शन के साथ बुमराह ने 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' का खिताब अपने नाम किया।

संजू सैमसन

साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के दौरान दाएं हाथ के इस खिलाड़ी का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। टी20 वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआती दो पारियों में सैमसन 22 रन और 24 रन ही बना सके थे। कुछ दिग्गज प्लेइंग इलेवन में उनकी जगह पर ही सवाल खड़े करने लगे थे, लेकिन इसके बाद सैमसन ने खुद को साबित किया। संजू सैमसन ने वेस्टइंडीज के विरुद्ध निर्णायक सुपर-8 मैच में 97 रन की नाबाद पारी खेली, जिसने भारत को सेमीफाइनल का टिकट दिलाया। नॉकआउट मैच में सैमसन ने इंग्लैंड के खिलाफ 89 रन बनाकर भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

ट्रॉफी की पूरी तरह से हकदार भारतीय टीम: सचिन

महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने भारत को 'पूरी तरह से जीत का हकदार' बताया जबकि इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने उन्हें 'सीमित ओवरों की सर्वश्रेष्ठ टीम' का तमगा किया। क्रिकेट जगत ने इस तरह से भारतीय टीम की ऐतिहासिक तीसरी टी20 विश्व कप खिताबी जीत को सराहा। तेंदुलकर ने टीम के प्रदर्शन की सराहना की और मुंबई में अपने घर के बाहर जश्न की एक झलक साझा की। तेंदुलकर ने लिखा, 'लगातार दो बार विश्व कप जीतना, पहली बार किसी टीम ने टी20 प्रारुप में ऐसा किया है। ट्रॉफी के पूरी तरह से हकदार। हमारी टीम ने क्या शानदार प्रदर्शन किया और क्रिकेट का एक खास ब्रांड दिखा। बहुत बढ़िया, टीम इंडिया। जय हिंद!"

हमारे जबरदस्त क्रिकेट का कोई मुकाबला नहीं: कोहली

पूर्व कप्तान विराट कोहली ने टीम के जज्बे और दबदबे की तारीफ की। कोहली ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'अहमदाबाद में टीम इंडिया की जबरदस्त जीत। पूरे टूर्नामेंट में हमारे खेले गए जबरदस्त क्रिकेट का कोई मुकाबला नहीं था। मुश्किल हालात में लड़ते रहने और एक बार फिर विश्व चैंपियन बनने के लिए लड़कों ने शानदार जज्बा दिखाया।' उन्होंने लिखा,'यह कामयाबी हासिल करने के लिए सभी खिलाड़ियों और प्रबंधन के सभी सदस्यों को बधाई।

जीत भारतीय क्रिकेट की ताकत दिखाती है: गांगुली

भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा कि यह जीत हर स्तर पर भारतीय क्रिकेट की ताकत दिखाती है। गांगुली ने पोस्ट किया, ''टी20 विश्व कप जीतने के लिए भारत को बधाई... बहुत मजबूत टीम... बड़े मुकाबलों में बेहतर हुई... भारतीय क्रिकेट शानदार जगह पर है। महिला चैंपियन, अंडर-19 चैंपियन और अब पुरुष टी20 चैंपियन।"

भारत को हराना मुश्किल था : डेरेन सैमी

वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डेरेन सैमी ने कहा कि पूरे टूर्नामेंट में भारत को हराना मुश्किल था। सुपर आठ में भारत के खिलाफ हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर हुई वेस्टइंडीज के मुख्य कोच सैमी ने लिखा, 'जैसा कि मैं पहले दिन से कह रहा था। आईसीसी टी20 विश्व कप जीतने के लिए आपको भारत को नॉकआउट में हराना होगा। किसी भी टीम ने ऐसा नहीं किया। बीसीसीआई को उनके तीसरे विश्व टी20 खिताब के लिए बधाई।

कोच साहब आपकी मुस्कान बहुत अच्छी: धोनी

महान क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को सोशल मीडिया पर फिर से सक्रिय कर दिया और उन्होंने इस मौके का फायदा उठाते हुए मुख्य कोच गौतम गंभीर को बताया कि उनके गंभीर चेहरे पर मुस्कान कितनी अच्छी लगती है। धोनी ने इंस्टाग्राम पर पिछला पोस्ट 2024 में किया था।

एएफसी महिला एशियाई कप

चीनी ताइपे के खिलाफ करो या मरो के मुकाबले के लिए तैयार भारत

सिडनी

भारतीय महिला फुटबॉल टीम एएफसी महिला एशियाई कप में मंगलवार को खेले जाने वाले ग्रुप-सी के अपने आखिरी मुकाबले में चीनी ताइपे के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो टूर्नामेंट में बने रहने के लिए उसे हर हाल में जीत दर्ज करना होगा। भारत फिलहाल दो मैचों में शून्य अंक के साथ ग्रुप में चौथे और आखिरी स्थान पर है।

टीम को पहले मैच में वियतनाम से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था, जबकि दूसरे मैच में जापान ने उसे 11-0 से हराया था। जापान दो मैचों में छह अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है, जबकि चीनी ताइपे और वियतनाम तीन-तीन अंकों के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। अब तक खराब प्रदर्शन के बावजूद भारतीय टीम के पास क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का मौक बरकरार है। भारतीय टीम को इसके लिए चीनी ताइपे को कम से कम दो गोल के अंतर से हराना होगा और साथ ही मंगलवार को होने वाले दूसरे मैच में जापान को वियतनाम को हराना होगा। टूर्नामेंट के तीनों ग्रुप से शीर्ष दो टीमें और तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीमें अंतिम आठ में जगह बनाएंगी।

नतीजों को पीछे छोड़कर आगे बढ़ने की जरूरत: मुख्य कोच

भारत की मुख्य कोच अमेलिया वाल्चेर्दे ने कहा कि टीम को पिछले दो मैचों के नतीजों को पीछे छोड़कर आगे बढ़ने की जरूरत है।उन्होंने कहा, वियतनाम और जापान के खिलाफ दोनों मैच एक-दूसरे से बिल्कुल अलग थे। सबसे पहले हमें जो हुआ उसे जल्दी से पीछे छोड़ना होगा। हमें इस मैच के लिए अच्छी तैयारी करनी है और इसमें कोई संदेह नहीं है। भारतीय कोच ने कहा, 'हमें इस मैच के महत्व का पूरा एहसास है। हम पिछले मुकाबले को पीछे छोड़ चुके हैं और अब हमारे सामने यह मौका है, जिसे हमें पूरी गंभीरता के साथ लेना होगा।'

हमारे लिए एक बड़ा मौका : शिल्की देवी

भारत की मिडफील्डर शिल्की देवी हेमाम ने भी कहा कि टीम पिछले मैच से सबक सीखा कर अपना सर्वश्रेष्ठ करने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा, 'हमने पिछले मैच से काफी कुछ सीखा है और मुझे लगता है कि चीनी ताइपे के खिलाफ यह मैच हमारे लिए खास होगा। यह हमारे लिए एक बड़ा मौका है और हमें इसका पूरा फायदा उठाना होगा।'' चीनी ताइपे के लिए स्थिति अपेक्षाकृत आसान है। नॉकआउट चरण में पहुंचने के लिए उनके लिए ड्रॉ भी पर्याप्त होगा।

सीमित ओवरों के क्रिकेट में हमारा युग होता तो वनडे सीरीज नहीं गंवाते: गंभीर

अहमदाबाद

भारत ने टी20 विश्व कप खिताब का बचाव करने वाली पहली टीम बनकर अपने दबदबे का सबूत दिया है लेकिन मुख्य कोच गौतम गंभीर का मानना है कि यह सीमित ओवरों के क्रिकेट में टीम इंडिया का युग नहीं है क्योंकि उन्होंने एकदिवसीय प्रारुप में श्रृंखलाएं गंवाई हैं। सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली अब सिर्फ भारत की एकदिवसीय टीम का ही हिस्सा हैं।

लगातार तीन वर्षों में तीन आईसीसी खिताब (2024 टी20 विश्व कप, 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी और 2026 टी20 विश्व कप) जीतने के बाद भारत के दबदबे की 1999 और 2007 के बीच ऑस्ट्रेलिया के दबदबे (जब टीम ने लगातार तीन एकदिवसीय विश्व कप जीते) से तुलना करना लाजमी था। गंभीर ने इस पर जवाब देते हुए कहा, 'मैं सफेद गेंद के क्रिकेट के बारे में बात नहीं करूंगा क्योंकि सफेद गेंद के क्रिकेट में एकदिवसीय प्रारुप में हमने पिछली तीन में से दो श्रृंखला गंवाई हैं। अगर यह (हमारा) युग होता तो हम दो श्रृंखला नहीं हारते।' उन्होंने नाम नहीं लिए लेकिन यह अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं था कि पिछले साल ऑस्ट्रेलिया (विदेश) और न्यूजीलैंड (स्वदेश) में श्रृंखला गंवाने के दौरान कौन-कौन खेला था। हालांकि गंभीर इस बात से सहमत हैं कि हाल के आईसीसी टूर्नामेंट में भारतीय टीम का रिकॉर्ड अच्छा रहा है। गंभीर ने कहा, 'मैं इन युग पर विश्वास नहीं करता। आपको हर दिन मैदान उतरना होगा, चाहे आप कोई भी मैच खेल रहे हों। जब आप अपने देश के लिए खेल रहे होते हैं तो आप हर मैच जीतना चाहते हैं।'

उन्होंने कहा, 'ऐसा नहीं है कि यह द्विपक्षीय श्रृंखला है या आईसीसी ट्रॉफी है या विश्व कप है। मैं द्विपक्षीय और आईसीसी टूर्नामेंट में फर्क नहीं कर सकता क्योंकि ये एक ही हैं। सब कुछ बिल्कुल वैसा ही रहता है।'

इंडियन वेल्स मास्टर्स

प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे भाम्बरी-गोरान्सन

इंडियन वेल्स

भारत के शीर्ष युगल खिलाड़ी युकी भाम्बरी और स्वीडन के उनके जोड़ीदार आंद्रे गोरान्सन ने इंडियन वेल्स मास्टर्स टेनिस में डेविड पेल और फैब्रिस मार्टिन की जोड़ी के खिलाफ सीधे सेटों में आसान जीत के साथ अंतिम-16 में अपनी जगह पक्की की। भारत और स्वीडन की गैरवरीयता प्राप्त जोड़ी ने एटीपी 1000 टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांस और नीदरलैंड की जोड़ी की सर्विस को पांच बार तोड़ते हुए 6-16-3 से आसान जीत दर्ज की।

भाम्बरी और गोरान्सन ने अपने प्रतिद्वंदियों के तीन ऐस के मुकाबले पांच ऐस लगाए। पेल और मार्टिन ने 66 मिनट के इस मुकाबले में छह 'डबल फॉल्ट' किए। भाम्बरी और गोरान्सन का सामना अब सैंडर एरेंड्स और जिरी लेहेका की अनुभवी जोड़ी से होगा, जिन्होंने दूसरी वरीयता प्राप्त ब्रिटेन की जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल की जोड़ी को हराया था।

दुबई में हुए अनुभव के कारण सिंधू रही काफी तनाव में

सिंधू नहीं खेलेंगी स्विस ओपन, श्रीकांत-प्रणय संभालेंगे चुनौती

बासेल

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू दुबई में तीन दिन फंसने के तनाव से अभी उबरी नहीं है लिहाजा वह स्विस ओपन नहीं खेलेंगी जबकि एचएस प्रणय और किदाम्बी श्रीकांत 250000 डॉलर ईनामी राशि के टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती पेश करेंगे।

ईरान पर अमेरिका और इस्राइल की बमबारी और ईरान की जवाबी कार्रवाई के चलते खाड़ी में हवाई क्षेत्र पाबंदियों के कारण सिंधू तीन दिन दुबई में फंसी रही और आल इंग्लैंड चैंपियनशिप से नाम वापिस लेना पड़ा। भारतीय बैडमिंटन संघ के सचिव संजय मिश्रा ने कहा,' वह स्विस ओपन नहीं खेलेगी। हमें पता है कि दुबई में उनका अनुभव क्या रहा। वह बर्मिंघम नहीं जा सकी थी। उन्हें इससे उबरने में कुछ समय लगेगा। भारत लौटने के बाद सिंधू ने स्वीकार किया था कि दुबई में हुए अनुभव के कारण वह काफी तनाव में रही और उम्मीद है कि यह इस तरह का पहला और आखिरी अनुभव रहे। अब वह अप्रैल में बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के जरिए ही वापसी करेंगी।

श्रीकांत पहले दौर में गुनावान से भिड़ेंगे

पुरुष एकल में श्रीकांत का सामना पहले दौर में जैसन गुनावान से होगा। श्रीकांत पिछले साल मलेशिया मास्टर्स और सैयद मोदी इंटरनेशनल के फाइनल में पहुंचे थे। विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता प्रणय पहले दौर में जापान के कोकी वातानाबे से खेलेंगे। तरुण मन्नेपल्ली की टक्कर जापान के केंता निशिमोतो से होगी जबकि आयुष शेट्टी का सामना कनाडा के ब्रायन यांग से होगा। किरण जॉर्ज सिंगापुर के लोह कीन यू से खेलेंगे।

उन्नति का सामना चियान से

पुरुष युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का सामना सिंगापुर के एंग कीट वेसले को और जुंयुके कुबो से होगा । हरिहरन ए और एम आर अर्जुन चीनी ताइपै के चेन झि रे और लिन यू चियेह से खेलेंगे । महिला एकल में उन्नति हुड्डा का सामना चीनी ताइपै की चियू पिन चियान से होगा जबकि मालविका बंसोड़ थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से खेलेंगी। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद चीनी ताइपै की हू लिंग फांग और झेंग यू चियेह से खेलेंगी।

दो कदम गौतम आगे आए और दो कदम मैंने उठाए और बीच का रास्ता निकाला: सूर्यकुमार

अहमदाबाद

राहुल द्रविड़ के भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के तौर पर अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद तत्कालीन कप्तान रोहित शर्मा ने बताया था कि कैसे उनकी पत्नी इस दिग्गज को उनकी 'काम के स्थल वाली पत्नी' मानती थी।

जब कोई उनके टी20 उत्तराधिकारी सूर्यकुमार यादव को मौजूदा मुख्य कोच गौतम गंभीर के बारे में बात करते हुए देखता है तो यह समीकरण उतना ही सहज और आपसी भरोसे तथा सम्मान पर बना हुआ लगता है जितना रोहित और द्रविड़ के बीच था। जब सूर्यकुमार से गंभीर के साथ उनके रिश्ते के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि मैंने गौतम भाई के साथ चार साल (कोलकाता नाइट राइडर्स में) क्रिकेट खेला है और मुझे पता था कि वह कैसे सोचते हैं। वह दो कदम उठाएंगे, मैं दो कदम उठाऊंगा और हम बीच में कहीं मिलेंगे।' सूर्यकुमार ने कहा कि इन दो वर्षों में दोनों के बीच कभी कोई बहस नहीं हुई और उन्होंने एक आदर्श एकादश तय करने के लिए कभी रातों की नींद नहीं गंवाई।

सूर्यकुमार ने कहा, ' जब से हमने साथ काम करना शुरू किया, जब हम श्रीलंका गए थे, तब से लेकर अब तक मुझे याद नहीं कि कभी किसी खिलाड़ी को लेकर हमारी बहस हुई हो।' कप्तान ने कहा, ' हम बात करते हैं कि हमें किसी खास खिलाड़ी को खिलाना चाहिए या नहीं। हम दोनों हमेशा टीम को जिताने में दिलचस्पी रखते हैं। हम किसी खिलाड़ी को ऐसी स्थिति में कैसे रख सकते हैं, जिससे टीम को फायदा हो सके।'

खिलाड़ी का हौसला बढ़ाना जरूरी

सूर्यकुमार ने संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा जैसे खिलाड़ियों का जिक्र करते हुए कहा कि मुश्किल दौर का सामना कर रहे खिलाड़ी का हौसला बढ़ाना बहुत जरूरी है और दोनों ने मुश्किल दौर से उबरकर टूर्नामेंट में अहम मौकों पर अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, ' जब कोई अच्छा नहीं कर रहा होता तो आप उसके साथ समय बिताने की कोशिश करते हैं। उसे डिनर पर ले जाते हैं, उससे बात करते हैं क्योंकि ये ऐसे खिलाड़ी हैं, जो सही समय पर आपके लिए कुछ खास करेंगे जैसा अभिषेक ने अभी किया और संजू ने पिछले तीन मैच में किया।' सूर्यकुमार ने कहा, 'अपनी भूमिका निभाना, अपनी जिम्मेदारियों को समझना, सही समय पर मदद करना, जब कोई अच्छा नहीं कर रहा हो तो खिलाड़ी से बात करना। ये मेरे लिए ज्यादा जरूरी है। इसलिए ये सभी चीजें मेरे लिए काफी मायने रखती हैं।'

हमारा लक्ष्य मिलकर कुछ अच्छा हासिल करना

उन्होंने कहा, 'मुझे शुरू से ही पता था कि हमारी एक-दूसरे से क्या उम्मीदें होंगी। कई बार हमने टीम के बारे में एकादश या 15 खिलाड़ियों के बारे में बात की है कि हमें किसे चुनना है और 14 खिलाड़ी हमेशा एक जैसे रहे हैं।' सूर्यकुमार ने कहा,'अगर सफलता की दर इतनी अधिक है तो हमें इस पर अधिक बात करने की जरूरत नहीं है। हमारा लक्ष्य मिलकर कुछ अच्छा हासिल करना था।' भारतीय कप्तान ने कहा, 'इसलिए हम किसी भी चयन के फैसले को लेकर सहज थे।

भारत के खिलाफ फाइनल हमेशा चुनौतीपूर्ण : न्यूजीलैंड कप्तान सेंटनर

न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर का मानना है कि भारतीय टीम की जबरदस्त शुरुआत के बाद उनकी टीम हमेशा मुश्किल में थी और बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए सभी चीजें उनके पक्ष में होने की जरूरत थी। चौथी बार विश्व कप फाइनल में खेल रही न्यूजीलैंड की टीम को 96 रन से हार का सामना करना पड़ा, जिससे टीम की सीमित ओवरों के पहले विश्व खिताब की तलाश जारी रही। सेंटनर ने कहा, 'मुझे लगता है कि सेमीफाइनल और फाइनल हारना आदर्श स्थिति नहीं है लेकिन जैसा कि मैंने कुछ दिन पहले कहा था, आप इस स्थिति में आते हैं, आप उन टीम के खिलाफ खेलते हैं, जो बहुत अच्छा क्रिकेट खेल रही हैं।' उन्होंने कहा, 'भारत के खिलाफ भारत में फाइनल हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है। हम जानते थे कि मैच से पहले हम निश्चित तौर पर कमजोर टीम माने जाएंगे। उन्होंने कहा, 'और फिर जब आप 250 रन का पीछा कर रहे हों तो सब कुछ ठीक होना चाहिए। और पावरप्ले में विकेट खोना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है। मुझे लगता है कि दिन की कहानी यही थी, दो पावर प्ले। मुझे लगता है कि हमने 40 के आस-पास तीन विकेट गंवा दिए और उन्होंने 90 के आसपास कोई विकेट नहीं गंवाया था।'

भारत हथियारों का दूसरा सबसे बड़ा खरीददार, 'आत्मनिर्भर भारत' को स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट से झटका!

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत सरकार द्वारा 'मेक-इन-इंडिया' हथियारों पर दिए जा रहे प्रोत्साहन के कारण आयात में मामूली गिरावट के बावजूद, स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई) की एक नई रिपोर्ट के अनुसार, भारत 2021 से 2025 के बीच वैश्विक हिस्सेदारी के 8.2% के साथ प्रमुख हथियारों का विश्व का दूसरा सबसे बड़ा आयातक बना हुआ है। रिपोर्ट में हथियारों की आपूर्ति के लिए रूस पर नई दिल्ली की दशकों पुरानी निर्भरता में आई भारी गिरावट को भी उजागर किया

गया है। रिपोर्ट के अनुसार, मॉस्को की हिस्सेदारी 2011-15 में 70% से घटकर 2021-25 में 40% हो गई है, जबकि फ्रांस और इजराइल को इसका सबसे अधिक लाभ हुआ है, जिनकी हिस्सेदारी क्रमशः 29% और 15% तक बढ़ गई है। 2016-2020 के चक्र की तुलना में भारत के हथियार आयात में 4% की गिरावट स्वदेशी हथियारों पर देश के जोर देने के कारण हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है, ₹यह कमी आंशिक रूप से भारत की अपने हथियारों को डिजाइन करने और उत्पादन करने की बढ़ती क्षमता के कारण है - हालांकि घरेलू उत्पादन में अक्सर काफी देरी होती है।

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) की नई रिपोर्ट के अनुसार 2021-25 में यूक्रेन 9.7% हिस्सेदारी के साथ दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक रहा। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हथियार आयातक बना हुआ है। 2021 से 2025 के दौरान वैश्विक हथियार आयात में भारत की हिस्सेदारी 8.2% रही, हालांकि 2016-2020 की तुलना में इस अवधि में भारत के आयात में 4% की गिरावट दर्ज की गई। इस अवधि में भारत को सैन्य उपकरणों की सबसे ज्यादा आपूर्ति रूस ने की, लेकिन रूस पर निर्भरता लगातार घट रही है। पश्चिमी देशों के साथ कई बड़े रक्षा सौदों की संभावना को देखते हुए, भारतीय आयात में यह रुझान आने वाले वर्षों में भी जारी रहेगा। इनमें फ्रांस से 114 राफेल लड़ाकू विमान (जिनकी लागत लगभग 3.25 लाख करोड़ रुपये हो सकती है), जर्मनी से छह वायु-स्वतंत्र प्रणोदन (एआईपी) से लैस पारंपरिक पनडुब्बियां, अमेरिका से छह अतिरिक्त पी-8आई पोसाइडन समुद्री गश्ती विमान और इजराइल के साथ मिसाइल रक्षा प्रणालियों और ड्रोन पर कई सौदे शामिल हैं। सिप्री की रिपोर्ट में मई 2025 के ऑपरेशन सिंदूर का भी उल्लेख किया गया है।

ईरान जंग का असर: पाकिस्तान में स्कूल बंद, पेट्रोल संकट गहराया ; शहबाज सरकार का 13 सूत्रीय पैनिक प्लान

एजेंसी

इस्लामाबाद। पश्चिम एशिया में ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच छिड़ी जंग का असर अब पड़ोसी देशों की अर्थव्यवस्था पर भी साफ दिखने लगा है। सबसे ज्यादा दबाव पाकिस्तान पर पड़ा है, जिसकी पहले से ही कमजोर अर्थव्यवस्था अब गंभीर संकट में फंसती नजर आ रही है। कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और होर्मुज जलडमरूमध्य से सप्लाई बाधित होने के खतरे के बीच पाकिस्तान सरकार ने देश में ह्यइमरजेंसी मोडह्न लागू कर दिया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हालात से निपटने के लिए 13 सूत्रीय पैनिक प्लान लागू करते हुए

स्कूल-कॉलेज बंद करने, वर्क फ्रॉम होम लागू करने और नेताओं-अफसरों की सैलरी में 25% कटौती जैसे कड़े फैसले किए हैं।

स्कूल-कॉलेज बंद और वर्क फ्रॉम होम लागू

बढ़ते ऊर्जा संकट और ईंधन की खपत कम करने के लिए पाकिस्तान सरकार ने बड़े फैसले लिए हैं। देश के सभी स्कूल, कॉलेज और शैक्षणिक संस्थानों को तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश दिया गया है। इसके साथ ही, सरकारी और निजी दफ्तरों के लिए 'वर्क फ्रॉम होम' अनिवार्य कर दिया गया है ताकि सड़कों पर गाड़ियों की आवाजाही कम हो और पेट्रोल-डीजल की बचत की जा सके।

नेताओं और अफसरों की सैलरी में 25% की कटौती

आर्थिक मोर्चे पर डैमेज कंट्रोल के लिए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मंत्रियों, सांसदों और वरिष्ठ नौकरशाहों की सैलरी में 25 फीसदी तक की भारी कटौती का ऐलान किया है। सरकार का मानना है कि इस बचत का उपयोग युद्ध के कारण बढ़ी हुई महंगाई और तेल आयात के अतिरिक्त बोझ को कम करने में किया जाएगा।

लोकसभा में बड़ा राजनीतिक भूचाल : स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव, 10 घंटे की मैराथन बहस शुरू; सत्ता-विपक्ष में टकराव

एजेंसी

नयी दिल्ली। नयी दिल्ली में संसद के बजट सत्र के दौरान भारतीय राजनीति में एक असाधारण और दुर्लभ घटनाक्रम सामने आया है। विपक्षी दलों ने एकजुट होकर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश कर दिया है, जिसे सदन ने चर्चा के लिए स्वीकार भी कर लिया है। यह कदम न केवल मौजूदा सत्र को बेहद गर्मा देने वाला है, बल्कि भारतीय संसदीय इतिहास में भी इसे एक महत्वपूर्ण पल माना जा रहा है। आजादी के बाद यह केवल तीसरी बार है जब लोकसभा के स्पीकर को हटाने की मांग औपचारिक प्रस्ताव के जरिए सदन में लाई गई है, जिससे संसद के भीतर संवैधानिक बहस और



राजनीतिक टकराव तेज हो गया है।

अविश्वास प्रस्ताव और 10 घंटे की मैराथन चर्चा

कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने विपक्षी खेमे की ओर से स्पीकर को पद से हटाने का औपचारिक प्रस्ताव रखा। इस प्रस्ताव को 50 से अधिक सांसदों का समर्थन प्राप्त हुआ, जिसके बाद नियमों के तहत इसे बहस के लिए मंजूरी दी गई। सदन ने इस गंभीर विषय पर गंभीरता से विचार करने के लिए कुल 10 घंटे का समय आवंटित किया है। विपक्ष ने स्पीकर पर सदन की कार्यवाही के दौरान पक्षपात करने और लोकतांत्रिक मयार्दाओं की अनदेखी करने का सीधा आरोप लगाया है।

लोकसभा में तीखी बहस, अमित शाह और गौरव गोगोई में टकराव

बहस के दौरान अध्यक्षता कर रहे जगदंबिका पाल की चेयर को लेकर विपक्ष ने सवाल उठाए, जिस पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के बीच भी तीखी बहस हुई, जिससे सदन में राजनीतिक टकराव और तेज हो गया। संसद में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा शुरू होते ही अध्यक्षता को लेकर विवाद खड़ा हो गया। विपक्षी सांसदों ने पूछा कि जगदंबिका पाल को चेयर पर बैठने का फैसला किसने लिया। इस पर पाल ने स्पष्ट किया कि स्पीकर कार्यालय को यह अधिकार है कि वह चेयरपर्सन पैनल में शामिल सदस्यों में से किसी को भी सदन चलाने के लिए नामित कर सकता है। इस दौरान अमित शाह ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि स्पीकर का कार्यालय कभी खाली नहीं होता और सदन चुनाव में जाने या भंग होने की स्थिति में भी यह पद सक्रिय रहता है। उन्होंने विपक्ष के आरोपों को गलत बताया।

डिप्टी स्पीकर के मुद्दे पर सरकार घिरी

कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि पहले जब भी स्पीकर के खिलाफ प्रस्ताव आया, तब डिप्टी स्पीकर सदन की अध्यक्षता करते थे। लेकिन इस बार लगभग 200 विपक्षी सांसद होने के बावजूद डिप्टी स्पीकर का पद खाली है। गोगोई ने आरोप लगाया कि सदन में विपक्ष को बोलने का पूरा मौका नहीं दिया जाता और माइक का इस्तेमाल सत्ता पक्ष की सुविधा के अनुसार किया जाता है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि यह प्रस्ताव किसी व्यक्ति के खिलाफ व्यक्तिगत हमला नहीं है, बल्कि संसद की गरिमा और नियमों की रक्षा के लिए लाया गया है। स्पीकर को हटाने का यह प्रस्ताव संविधान के अनुच्छेद 94 के तहत लाया गया है। नियमों के अनुसार, जब स्पीकर के खिलाफ प्रस्ताव पर चर्चा होती है, तो स्पीकर खुद सदन की अध्यक्षता नहीं करते। ऐसे में डिप्टी स्पीकर या चेयरपर्सन पैनल का कोई सदस्य सदन चलाता है। सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने रूल बुक का हवाला देते हुए आपत्ति जताई कि जब स्पीकर के खिलाफ ही प्रस्ताव हो, तो उनकी मंजूरी से नियुक्त व्यक्ति या पैनल का सदस्य अध्यक्षता नहीं कर सकता।

संक्षिप्त खबर

राज्यसभा में एसआईआर पर चर्चा की मांग पर हंगामा, विपक्ष ने सदन का बहिष्कार किया

नयी दिल्ली। विपक्षी दलों ने मंगलवार को राज्यसभा में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण में अनियमितता का आरोप लगाते हुए भारी हंगामा किया. इस पर चर्चा कराने की मांग की. सभापति द्वारा इसकी इजाजत नहीं मिलने पर सभी सदन का बायकॉट कर बाहर चले गये. सभापति सीपी राधाकृष्णन ने विपक्ष की मांग खारिज कर दी. कहा कि पिछली सत्र में चुनाव सुधारों पर बहस हो चुकी है. उस पर सभी को बोलने का समय मिला था. इससे पहले राज्यसभा में आज टीएमसी सांसद डेरेक ओ'ब्रायन ने व्यवस्था का प्रश्न उठाया. कहा कि नेता सदन जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को विपक्ष का नाम लेकर सदन में रक्कका मुद्दा उठाया था. टीएमसी सांसद ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जारी रक्कप्रक्रिया में भारी गड़बड़ी चल रही है .उन्होंने इस मुद्दे पर सदन में चर्चा कराने की मांग की. इस मुद्दे पर नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ओ'ब्रायन के समर्थन में उतर आये. खरगे ने कहा कि टीएमसी सांसद ने महत्वपूर्ण विषय उठाया है. आरोप लगाया कि विभिन्न राज्यों में जारी एसआईआर प्रक्रिया में गड़बड़ी की जा रही है. कहा कि इस मुद्दे पर सदन में चर्चा की जाये. इस क्रम में कांग्रेस और टीएमसी सहित विपक्ष के कई सदस्य आसन के निकट पहुंच गये और एसआईआर मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हुए नारेबाजी करने लगे. सभापति ने उनसे सदन को शांतिपूर्वक चलने देने का आग्रह किया, लेकिन विपक्षी सदस्य एसआईआर पर चर्चा की मांग करते रहे. सभापति द्वारा इनकार किये जाने पर सभी सदन से बाहर चले गये.

लेबनान हमले के बाद चर्चा में फॉस्फोरस बम, जानिए क्या है यह खतरनाक हथियार

तेहरान। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच लेबनान में इजरायली हमलों के दौरान सफेद फॉस्फोरस के इस्तेमाल के आरोप सामने आए हैं। कई वीडियो और तस्वीरों में हमलों के बाद आसमान में फैलता सफेद धुआं और तेज जलन जैसी घटनाएं दिखाई दी हैं, जिसके बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता बढ़ गई है। मानवाधिकार संगठनों का कहना है कि यदि रिहायशी इलाकों में इस हथियार का इस्तेमाल किया गया है, तो इसे अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत गंभीर युद्ध अपराध माना जा सकता है। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि आखिर सफेद फॉस्फोरस क्या होता है और इसे इतना खतरनाक क्यों माना जाता है। सफेद फॉस्फोरस एक अत्यधिक सक्रिय रासायनिक पदार्थ होता है, जो मोम जैसा दिखाई देता है और इसमें लहसुन जैसी तीखी गंध होती है। यह पदार्थ हवा में मौजूद ऑक्सीजन के संपर्क में आते ही अपने-आप जलने लगता है और बहुत अधिक तापमान पैदा करता है। सैन्य उपयोग में इसे बम, रॉकेट, मोर्टार और ग्रेनेड के जरिए इस्तेमाल किया जाता है। विस्फोट होने के बाद इसके छोटे-छोटे जलते कण आसपास फैल जाते हैं और लंबे समय तक आग पैदा कर सकते हैं। सफेद फॉस्फोरस को बेहद खतरनाक हथियार माना जाता है क्योंकि इसके जलते कण तेजी से फैलते हैं और गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं।

ईरान-इजरायल जंग में तुर्की की सीधी एंट्री, बैलिस्टिक मिसाइल को हवा में मार गिराया; साइप्रस में एफ-16 तैनात

तुर्की। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध जैसे हालात अब और खतरनाक मोड़ पर पहुंच गए हैं। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच अब तुर्की भी खुलकर मैदान में उतर आया है। तुर्की ने दावा किया है कि उसने पूर्वी भूमध्य सागर में ईरान की एक बैलिस्टिक मिसाइल को हवा में ही इंटरसेप्ट कर समंदर में गिरा दिया। इसके साथ ही तुर्की ने उत्तरी साइप्रस में अपने एफ-16 फाइटर जेट्स और आधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम तैनात कर दिए हैं। इस घटनाक्रम ने पूरे इलाके में युद्ध के खतरे को और बढ़ा दिया है और साइप्रस अब इस संघर्ष का नया फ्लैशपॉइंट बनता दिख रहा है। ईरानी खतरों को देखते हुए तुर्की ने अपनी सैन्य तैयारियों को और अधिक पुख्ता करते हुए अपने नियंत्रण वाले उत्तरी साइप्रस में 6 एफ-16 फाइटर जेट्स और अत्याधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम तैनात कर दिए हैं। तुर्की को यह डर सता रहा है कि ईरान या उसके समर्थक संगठन उत्तरी साइप्रस में स्थित उसके ठिकानों को निशाना बना सकते हैं, इसलिए इलाके की सुरक्षा मजबूत करने के लिए यह कदम उठाया गया है। तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने ईरान को सख्त लहजे में चेतावनी दी है कि वे इलाके की सुरक्षा और आम लोगों की जान जोखिम में डालने वाले कदम न उठाएं। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि तुर्की की चेतावनियों को मानना सभी के हित में है और अपने हितों की रक्षा के लिए तुर्की बिना किसी झिझक के जरूरी कदम उठाता रहेगा।

ट्रंप की ईरान को चेतावनी, तेल सप्लाई रुकी तो 20 गुना ज्यादा हमला करेंगे

वाशिंगटन। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक बार फिर ईरान को धमकी दी है. ट्रंप ने कहा है कि अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में तेल के प्रवाह को रोकने की कोशिश की, तो वह अब तक के हमलों से 20 गुना ज्यादा झटका देंगे. ट्रंप ने यह भी चेतावनी दी की कि अगर ऐसा हुआ तो अमेरिका ऐसे लक्ष्यों को नष्ट कर देगा, जिन्हें आसानी से खत्म किया जा सकता है और इससे ईरान के लिए एक राष्ट्र के रूप में फिर से खड़ा होना लगभग असंभव हो जाएगा. उन्होंने कहा कि उस स्थिति में ईरान पर ह्लमौत, आग और क्रोधह्व का कहर टूट पड़ेगा. हालांकि ट्रंप ने यह भी कहा कि उन्हें उम्मीद है कि ऐसी स्थिति पैदा नहीं होगी और वे इसके लिए प्रार्थना करते हैं. ट्रंप यहीं नहीं रूके, उन्होंने आगे यह भी कहा कि अमेरिका का यह कदम चीन और उन सभी देशों के लिए उपहार होगा, जो होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिए बड़े पैमाने पर तेल का आयात करते हैं. उन्होंने उम्मीद जताई कि दुनिया इस कदम की सराहना करेगी. होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री तेल मार्गों में से एक है. खाड़ी देशों से निकलने वाला बड़ी मात्रा में कच्चा तेल इसी रास्ते से अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचता है. अगर यहां तेल की आपूर्ति रुकती है तो इसका असर वैश्विक ऊर्जा बाजार और कई देशों की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है. इसका असर भारत पर भी पड़ सकता है. अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान पर ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के तहत हमला किया था. इसके बाद से दोनों देश लगातार ईरान के विभिन्न ठिकानों पर बमबारी कर रहे हैं. इन हमलों में अब तक 1500 से अधिक लोगों की मौत होने की खबर है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान के सर्वोच्च नेता अली खेमनाई सहित उनका पूरा परिवार इस हमले में मारे गए हैं.

यूएस-ईरान युद्ध के कारण संकट में जम्मू का प्रसिद्ध बासमती चावल, निर्यात ठप होने से किसान परेशान

एजेंसी

जम्मू। ईरान और इजरायल के बीच चल रहे तनाव का असर अब भारत की खेती-बाड़ी से जुड़े व्यापार पर पड़ने लगा है. जम्मू के आर.एस. पुरा का मशहूर बासमती चावल, जो अपनी खुशबू और क्वालिटी के लिए दुनिया भर में जाना जाता है, अब विदेशों में नहीं पहुंच पा रहा है. ईरान और खाड़ी देशों को जाने वाले समुद्री रास्तों को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है, जिससे निर्यात रुक गया है.

किसानों की बढ़ी मुश्किलें

व्यापारियों का कहना है कि मध्य पूर्व (मिडल ईस्ट) में बढ़ते संकट की वजह से चावल की कई खेप बीच रास्ते में या बंदरगाहों पर फंस गई हैं. इस व्यवधान के कारण बाजार में बासमती के दामों में भी भारी गिरावट आई है. व्यापारियों का कहना है कि कीमतों में करीब 600 रुपये प्रति क्विंटल की कमी आई है, जिससे किसानों, मिल मालिकों और निर्यातकों को आर्थिक नुकसान हो रहा है.

पीक सीजन में नुकसान

आर.एस. पुरा की 'शेर-ए-कश्मीर एग्रो प्रोडक्ट राइस मिल' के मालिक बलविंदर सिंह ने ईटीवी भारत को बताया कि उनकी मिल हर साल खाड़ी और यूरोपीय देशों को लगभग 20,000 क्विंटल चावल निर्यात करती है. उन्होंने कहा कि युद्ध के कारण निर्यात पूरी तरह ठप हो गया है. उनके चावल की खेप रुकी हुई है और भुगतान (पेमेंट) दिल्ली में अटका हुआ है. इसका असर किसानों पर भी पड़ रहा है क्योंकि समय पर उनका बकाया पैसा नहीं चुकाया जा पा रहा है. उन्होंने आगे बताया, चावल की फसल नवंबर में काटी गई थी और फरवरी-मार्च आमतौर पर निर्यात (एक्सपोर्ट) के लिए सबसे व्यस्त समय होता है. युद्ध की वजह से निर्यात की पूरी व्यवस्था प्रभावित हुई है और हमारा उद्योग भारी नुकसान का सामना कर रहा है.

विदेश मंत्री से मदद की गुहार

उन्होंने आगे बताया कि मिल मालिकों और व्यापारियों ने केंद्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और जम्मू-कश्मीर के खाद्य मंत्री सतीश शर्मा को पत्र लिखकर सरकारी मदद की मांग की है. उन्होंने प्रभावित निर्यातकों के लिए कर्ज के ब्याज में छूट जैसी राहत मांगी है.

अमेरिका ने अफगान को रॉन्गफुल डिटेंशन स्टेट घोषित किया, भारत ने काबुल का किया समर्थन

एजेंसी

नयी दिल्ली। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि अफगानिस्तान तालिबान नीतिगत रियायतें हासिल करने के लिए आतंकवादी हथकंडे अपना रहा है. लेकिन अमेरिका इस तरह की बंधक कूटनीति को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगा. रुबियो ने तालिबान को डेनिस कोयल, महमूद हबीबी और अफगानिस्तान में अन्यायपूर्ण तरीके से हिरासत में लिए गए सभी अमेरिकी नागरिकों को तुरंत रिहा करने की बात कही. बंधक मामलों के लिए नियुक्त विशेष अमेरिकी राष्ट्रपति दूत ने भी इस मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाया है. उन्होंने कहा कि तालिबान को साफ संदेश दे दिया गया है कि बंधक बनाकर कूटनीतिक दबाव बनाने की कोशिश स्वीकार नहीं की जाएगी. अगर यह सिलसिला जारी रहा तो अफगानिस्तान को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं.

दूसरे देशों को भी चेतावनी

अमेरिका ने यह भी स्पष्ट किया कि यह संदेश केवल अफगानिस्तान तक सीमित नहीं है. जो भी देश या संगठन निर्दोष लोगों को बंधक बनाकर राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश करेगा, उसे भी इसी तरह की कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है. किसी देश को स्टेट स्पॉन्सर घोषित करने का मतलब है कि उस पर आतंकवादी या अवैध गतिविधियों को समर्थन देने या ऐसी कार्रवाइयों में शामिल होने का आरोप है. ऐसे देशों के खिलाफ अमेरिका कड़े कूटनीतिक और आर्थिक कदम उठा सकता है. वठ में अफगानिस्तान पर अमेरिका-भारत आमने-सामने, भारत ने काबुल के समर्थन में दिया बयान

अफगानिस्तान के समर्थन में उतरा भारत

एक तरफ जहां अमेरिका ने अफगानिस्तान को गलत तरीके से लोगों को हिरासत में रखने वाला देश बताया. वहीं दूसरी तरफ भारत ने काबुल के समर्थन में बयान दिया. यूनाइटेड नेशंस सिक्योरिटी काउंसिल की बैठक में भारत के स्थायी प्रतिनिधि हरिश पर्वतनेनी ने कहा कि भारत अफगान लोगों के साथ खड़ा है और उनकी प्रगति में भागीदार बनने पर उसे गर्व है. उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान में युवा बड़ी संख्या में क्रिकेट खेल रहे हैं और अफगानिस्तान नेशनल क्रिकेट टीम अपनी शानदार प्रदर्शन से दुनिया भर में लोगों का दिल जीत रही है.

यूएस-इजरायल और ईरान युद्ध : ईरान का तेल रोकने का ऐलान, होर्मुज स्ट्रेट पर तनाव; भारत में एलपीजी संकट

एजेंसी

तेहरान। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी जंग के 11वें दिन ईरान ने बेहद सख्त रुख अपनाते हुए बड़ा ऐलान किया है। ईरान ने कहा है कि जब तक अमेरिका और इजराइल के हमले जारी रहेंगे, तब तक जरा-सा भी तेल बाहर नहीं जाने दिया जाएगा। इसके साथ ही ईरान ने दुनिया के सबसे अहम तेल मार्ग होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों के लिए नई शर्त भी लगा दी है।

होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने के लिए नई शर्त

ईरान की इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा है कि अरब और यूरोपीय देशों के जहाजों को इस समुद्री मार्ग से गुजरने की पूरी सुरक्षा और अनुमति दी जा सकती है। लेकिन इसके लिए उन देशों को अपने यहां से अमेरिका और इजराइल के राजदूतों को निष्कासित करना होगा। क्कक्क्ष ने साफ किया कि 11 मार्च से यह व्यवस्था लागू की जा सकती है।

वैश्विक तेल बाजार पर असर

होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है, जहां से हर साल करीब 20% वैश्विक तेल आपूर्ति गुजरती है। इस इलाके में बढ़ते तनाव के कारण कई जहाजों की आवाजाही प्रभावित हो गई है और अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में अस्थिरता बढ़ गई है। कुछ अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट्स के अनुसार ईरान अमेरिका के सहयोगी देशों के तेल टैंकरों और व्यापारिक जहाजों पर सुरक्षा शुल्क लगाने की योजना पर भी विचार कर रहा है। इससे क्षेत्रीय देशों और पश्चिमी देशों पर अतिरिक्त दबाव बनाने की कोशिश मानी जा रही है।

अमेरिका की चेतावनी

इस पूरे घटनाक्रम के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट से तेल की सप्लाई रोकने की कोशिश की, तो उसे कड़ी जवाबी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। द ईरान-इजराइल संघर्ष के 11वें दिन तक ईरान ने बड़ी संख्या में बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं। पहले दिन सबसे ज्यादा 350 बैलिस्टिक मिसाइल और 294 ड्रोन लॉन्च किए गए थे, जबकि दूसरे दिन 541 ड्रोन के साथ सबसे बड़ा ड्रोन झुंड भेजा गया। हालांकि बाद के दिनों में मिसाइल और ड्रोन हमलों की संख्या में गिरावट देखी गई, लेकिन अब ईरान की रणनीति बदलती दिखाई दे रही है। युद्ध के दूसरे हफ्ते में ड्रोन हमलों का फोकस क्षेत्रीय एनर्जी और लॉजिस्टिक्स हब पर शिफ्ट हो गया है।

दिन में तेज गर्मी, सुबह-रात ठंडक, बदलते मौसम से बढ़ रही बीमारियां

भोपाल। मध्य प्रदेश में इन दिनों मौसम का अजीब मिजाज देखने को मिल रहा है। दिन के समय तेज गर्मी पड़ रही है और कई शहरों में तापमान 39 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है, जबकि सुबह और रात के समय हल्की ठंडक महसूस हो रही है। मौसम के इस अचानक बदलाव का असर लोगों की सेहत पर भी दिखाई देने लगा है। सोमवार को भोपाल, इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर समेत कई शहरों में दिन के समय लू जैसी तपिश महसूस की गई। मौसम विभाग का अनुमान है कि मंगलवार को भी प्रदेश में इसी तरह की तेज गर्मी बनी रह सकती है। मौसम विभाग के अनुसार इस साल मार्च का महीना पिछले साल की तुलना में ज्यादा गर्म चल रहा है। भोपाल, इंदौर और रीवा-शहडोल संभाग में अधिकतम तापमान 1.9 से 2.7 डिग्री तक सामान्य से ज्यादा है। वहीं ग्वालियर, चंबल, उज्जैन, जबलपुर और नर्मदापुरम क्षेत्रों में तापमान 3.1 से 4.6 डिग्री तक अधिक दर्ज किया गया है। प्रदेश के आधे से ज्यादा हिस्से में दिन का तापमान 35 डिग्री या उससे अधिक बना हुआ है। मार्च के पहले पखवाड़े में ही प्रदेश के कई शहरों में तापमान तेजी से बढ़ गया है। सोमवार को रतलाम सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा खजुराहो, धार, गुना, दमोह, सागर, श्योपुर और मंडला में भी तापमान 38 डिग्री या उससे अधिक रहा।

मुंबई के होटल कारोबार पर संकट के बादल, 20% रेस्टोरेंट हुए बंद, गैस की किल्लत ने बिगाड़ा जायका

एजेंसी

मुंबई। ईरान-इजरायल युद्ध की तपिश अब केवल अंतरराष्ट्रीय सीमाओं तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसका सीधा असर भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई के किचन और होटलों पर दिखने लगा है। पश्चिम एशिया में जारी भीषण तनाव के कारण गैस सप्लाई चेन बुरी तरह प्रभावित हुई है, जिसके परिणामस्वरूप मुंबई के लगभग 20 फीसदी होटल और भोजनालय अस्थाई रूप से बंद हो गए हैं। जो होटल खुले भी हैं, वे भारी आर्थिक दबाव और संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं।

गैस सप्लाई की राशनिंग और बुकिंग के सख्त नियम

मिडिल-ईस्ट में जारी अस्थिरता के कारण तेल और गैस कंपनियों ने सप्लाई मैनेजमेंट को लेकर नए और कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पहले जहां गैस सिलेंडर की रिफिलिंग 15 दिनों में हो जाती थी, वहीं अब नए नियमों के तहत उपभोक्ताओं को 21 से 25 दिन का अनिवार्य इंतजार करना पड़ रहा है।

होटल और कमर्शियल संस्थानों के लिए एडवांस बुकिंग पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है, जिससे दैनिक कामकाज के लिए गैस जुटाना एक बड़ी चुनौती बन गया है। कालाबाजारी रोकने के लिए प्रशासन ने अब गैस डिलीवरी को पूरी तरह से ओटीपी आधारित कर दिया है।

महंगाई का दोहरा प्रहार: कमर्शियल सिलेंडर 2000 के पार

गैस की कीमतों में हुई अचानक वृद्धि ने होटल संचालकों के गणित को पूरी तरह बिगाड़ दिया है। 19 किलोग्राम वाले व्यावसायिक सिलेंडर की कीमत में सीधे 114 रुपये की बढ़ोतरी की गई है, जिससे इसकी नई कीमत अब 2006 रुपये हो गई है। 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू सिलेंडर के दाम में भी 59.40 रुपये का इजाफा हुआ है, जिससे आम घरों का बजट भी चरमरा गया है।

रजनीकांत-कमल हासन की फिल्म 'आरके एक्स केएच' का पोस्टर जारी

मुंबई। साउथ के 2 दिग्गज रजनीकांत और कमल हासन एक साथ आने के लिए तैयार हैं। निर्माताओं ने आखिरकार उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'आरके एक्स केएच' का पोस्टर जारी कर दिया है। इसी के साथ प्रोमो रिलीज पर अपडेट दे दिया है। पिंकविला की रिपोर्ट में बताया गया था कि प्रोमो के लिए दोनों ने रेट्रो लुक में शूटिंग की है, जिसका सबूत पोस्टर में देखने को मिला है। इसे 'कूल रेट्रो स्वैग' नाम दिया गया है, जिसे देखने के लिए लोग उतावले हैं। 'आरके एक्स केएच' के पहले पोस्टर में 2 व्यक्तियों के हाथ दिखाए गए हैं। एक ने सोने की चमचमाती हुई घड़ी पहन रखी है, जबकि दूसरे के हाथ में सोने की अंगूठी नजर आ रही है।

लाइफ Style

भूमि
काश मैं सिस्टम का हिस्सा होती

अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने हाल ही में अपनी फिल्म 'द लेडी किलर' की भारी असफलता और उससे जुड़े विवादों पर पहली बार खुलकर बात की है। अर्जुन कपूर संग बनी इस फिल्म को भारतीय सिनेमा की अब तक की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्मों में से एक माना जाता है।

भूमि ने एक इंटरव्यू में बतायो कि फिल्म का जो वर्जन दर्शकों ने देखा, वो अधूरा था। भूमि बोलीं कि इस फिल्म की असफलता ने उन्हें बुरी तरह तोड़ दिया था। मीडिया से बातचीत के दौरान भूमि ने अपनी फिल्म 'द लेडी किलर' की विफलता को याद किया, जो हाल के वर्षों में बॉलीवुड की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्मों में से एक बनकर उभरी। उन्होंने खुलासा किया कि फिल्म का लगभग 35 प्रतिशत हिस्सा कभी शूट ही नहीं किया गया था। हमने जो स्क्रिप्ट पढ़ी थी, वो पूरी थी, लेकिन सेट पर फिल्म को अधूरा छोड़ दिया गया और जो कुछ रिलीज हुआ, वो एक अधूरी फिल्म थी।

भूमि ने बताया क्यों फ्लॉप हुई फिल्म : भूमि बोलीं कि जो फिल्म सिनेमाघरों में पहुंची, वह उस वर्जन से कोसों दूर थी, जिसे कलाकारों ने शुरुआत में साइन किया था। उन्होंने बताया, काश मुझे बेहतर पता होता, शायद अगर मैं सिस्टम का हिस्सा होती तो चीज़ों को अलग तरह से संभाल सकती थी। मैं सदमे में थी। मैं बस यही सोचती रह गई कि आखिर हो क्या रहा है, क्योंकि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था। आखिरकार, मैंने खुद को समझाया कि यह एक सीख थी।

हॉलीवुड मसाला

हाउस ऑफ द... का टीजर जारी

लॉस एंजिल्स। एचबीओ की सबसे चर्चित वेब सीरीज 'हाउस ऑफ द ड्रैगन' लंबे समय से लोगों का ध्यान खींच रही है। निर्माताओं ने आखिरकार इसके तीसरे सीजन को लेकर बड़ी खुशखबरी साझा कर दी है। पोस्टर के बाद, उन्होंने आधिकारिक टीजर जारी किया है, जिसने आते ही सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया। रैनीरा टार्गेरियन के प्रभावशाली किरदार में, अभिनेत्री एम्मा डी'आर्सी ने दमदार वापसी की है। इसके अलावा, आयरन थ्रोन के लिए चल रहे युद्ध की पहली झलक दिखाई गई है।

साउथ एशियन सेलिब्रेशन में चमकी 'बूंग' और 'द परफेक्ट नेबर'

लंदन स्थित ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स (**BAFTA**) मुख्यालय में आयोजित 'सेलिब्रेटिंग साउथ एशियंस' कार्यक्रम में डेब्यू डायरेक्टर लक्ष्मीप्रिया देवी की फिल्म 'बूंग' और भारतीय-अमेरिकी डायरेक्टर गीता गांधबीर की डॉक्यूमेंट्री 'द परफेक्ट नेबर' ने खूब तालियां बटोरी। मणिपुरी कॉमेडी-ड्रामा 'बूंग' को फरहान अख्तर के बैनर एक्सेल एंटरटेनमेंट के समर्थन में बनाया गया है। ये मूवी बाफ्टा अवॉर्ड्स के बेस्ट चिल्ड्रन एंड फैमिली फिल्म कैटेगरी में नॉमिनेट हुई है। फिल्म की टीम की ओर से असिस्टेंट डायरेक्टर राहुल शारदा ने कहा, 'भारत की क्षेत्रीय फिल्मों को ग्लोबल मंच पर पहचान मिलना बहुत गर्व की बात है। भारत सिर्फ नाच-गाने वाली बॉलीवुड फिल्मों तक सीमित नहीं है, हमारी सांस्कृतिक विविधता बहुत बड़ी है।'



'लोका चैप्टर-2' को लेकर झूम उठेंगे फैंस

मुंबई। साउथ अभिनेत्री कल्याणी प्रियदर्शन की चर्चित फिल्म 'लोका चैप्टर 1- चंद्रा' की अपार सफलता के बाद फैंस इसके सीक्वल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऐसा इसलिए भी क्योंकि फिल्म के क्लाइमैक्स में दुलकर सलमान के कैमियो ने एक बड़ा सस्पेंस छोड़ा था जिसके बारे में जानने के लिए लोग उतावले हो रखे हैं। सलमान के प्रोडक्शन हाउस, वेफरर फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म के सीक्वल पर अब खुद कल्याणी ने बड़ा अपडेट साझा किया है। मनी कंट्रोल के मुताबिक, कल्याणी ने 'लोका चैप्टर 2' पर एक अहम अपडेट साझा करते हुए पुष्टि की है कि उनका किरदार सीक्वल में वापसी करेगा। नक्षत्र, 2026 कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा, 'लोका चैप्टर 2' की कहानी शुरू हो चुकी है। हम सितंबर, 2026 तक शूटिंग शुरू करने की योजना बना रहे हैं।



शिल्पा-जैकी 26 साल बाद फिर एक साथ

मुंबई। शिल्पा शेट्टी और जैकी श्रॉफ की जोड़ी पूरे 26 साल बाद पर्दे पर वापसी कर रही है। ये दोनों कलाकार अमेजन प्राइम वीडियो की एक नई वेब सीरीज के लिए साथ आए हैं। आखिरी बार इन्हें 26 साल पहले पर्दे पर साथ देखा गया था, इसलिए दशकों बाद इनके नए प्रोजेक्ट ने दर्शकों को काफी उत्साहित कर दिया है। शिल्पा और जैकी के साथ-साथ उनके प्रशंसक भी इस सीरीज को लेकर बेहद उत्साहित हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, शिल्पा और जैकी की जोड़ी पर्दे पर धमाल मचाने को तैयार है। दोनों अमेजन प्राइम वीडियो की एक वेब सीरीज के लिए बातचीत कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि ये 8 कड़ियों की एक 'स्लाइस-ऑफ-लाइफ' ड्रामा सीरीज होगी, जो शहरी रिश्तों और जीवन में मिलने वाले दूसरे मौकों की कहानी बयां करेगी।

टीवी मसाला



द 50 शो से बाहर आते ही शिव ठाकरे के बिगड़े बोल, कहा- वहां हम जानवरों से...

मुंबई। रियलिटी शो द 50 शो इन दिनों जमकर सुर्खियां बटोर रहा है. कई रिपोर्ट्स की मानें, तो अगले महीने इस शो का ग्रैंड फिनाले होगा। वहीं, शो के विनर का भी नाम सामने आ चुका है। कहा जा रहा है कि शिव ठाकरे इस बार ट्रॉफी अपने नाम करेंगे। वहीं, इस बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें शिव और प्रिंस नरूला साथ नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में महल से बाहर आने के बाद यह दोनों अपना शो में एक्सपीरियंस शेयर कर रहे हैं. चलिए जानते हैं आखिर इन कंटेस्टेंट्स से शो को लेकर क्या-क्या कहा।

तापसी पन्नू को मृणाल ठाकुर ने दी पटखनी 'अस्सी' से आगे निकली 'दो दीवाने शहर में'

मुंबई। बॉलीवुड के लिए ये शुक्रवार बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक साबित नहीं हुआ। तापसी पन्नू की 'अस्सी', जिसे समीक्षकों से तो सराहना मिली, लेकिन दर्शकों को खींचने में ये फिल्म पहले दिन पूरी तरह विफल रही, वहीं युवाओं के बीच चर्चा बटोर रही मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी की 'दो दीवाने शहर में' ने भी बॉक्स ऑफिस पर बेहद ठंडी शुरुआत की है। हालांकि, 'दो दीवाने शहर में' की पहले दिन की कमाई ने 'अस्सी' को पछाड़ दिया है।

1 करोड़ का आंकड़ा भी पार ना कर पाई 'अस्सी'

रिपोर्ट के मुताबिक, 'अस्सी' ने अपने पहले दिन देशभर में मात्र 1 करोड़ रुपये कमाए। ये आंकड़ा इसलिए भी चिंताजनक है क्योंकि इस साल आई यामी गौतम की महिला केंद्रित की छोटे बजट की फिल्म 'हक' भी कमाई के मामले में इससे आगे रही। इसने भी 1.75 करोड़ रुपये बटोरे थे। 'मुल्क' और 'थप्पड़' जैसी सफल फिल्मों के बाद निर्देशक अनुभव सिन्हा और तापसी इस बार 'अस्सी' लेकर आए, जिसे तारीफ तो खूब मिली, लेकिन दर्शक नसीब नहीं हुए।

दर्शकों की तारीफ पर टिका फिल्म का भविष्य : फिल्म समीक्षकों और ट्रेड पंडितों का स्पष्ट मानना है कि 'अस्सी' जैसी गंभीर और विषय-प्रधान फिल्मों का भविष्य पूरी तरह से 'वर्ड ऑफ माउथ' यानी दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया पर निर्भर करता है। पहले दिन की सुस्त शुरुआत के बाद फिल्म के पास संभलने के लिए अब केवल वीकेंड का ही सहारा है।

'दो दीवाने शहर में' की सधी हुई शुरुआत

उधर 'दो दीवाने शहर में' ने पहले दिन 1.25 करोड़ रुपये कमाए। हालांकि, ये आंकड़ा बड़ा नहीं है, लेकिन तापसी की फिल्म 'अस्सी' (1 करोड़) के मुकाबले ये फिल्म 25 लाख की बढ़त बनाने में कामयाब रही। फिल्म को युवाओं और मल्टीप्लेक्स दर्शकों का साथ मिला है। रवि उदयावर के निर्देशन वाली ये फिल्म मुंबई के 2 युवाओं की कहानी है, जो अपनी कमियों और अकेलेपन के बीच प्यार तलाशते हैं। शहरी युवाओं को इसकी कहानी खूब भा रही है।

'टॉक्सिक' में गैंगस्टर बनकर लौटे यश दुश्मनों पर पड़े भारी

मुंबई। 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल 'टॉक्सिक : ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' का धमाकेदार टीजर जारी हो गया है। केजीएफ 2' की ऐतिहासिक सफलता के बाद, यश की इस फिल्म से फैंस को बेशुमार उम्मीदें हैं और अब इसके टीजर ने उन उम्मीदों को और बढ़ा दिया है। केवीएन प्रोडक्शन द्वारा निर्मित और गीतु मोहनदार द्वारा निर्देशित 'टॉक्सिक' में अभिनेता का दलेर अवतार दिखाई दिया है, जो लोगों के होश उड़ाने के लिए काफी है।

यश का एक्शन सीक्वेंस देख हिल जाएगा दिमाग

'टॉक्सिक' का टीजर 1 मिनट 55 सेकंड लंबा है जिसकी शुरुआत यश से होती है। बैकग्राउंड में आवाज आती है, 'इस बार जंग अलग है। उनकी मक्कारी भी अलग है। सबसे टकराना भारी पड़ेगा। यश अपने दुश्मनों पर भारी पड़ते दिखते हैं। इसमें एक्शन, मारधाड़ और खून-खराबा उच्च स्तर पर दिखाई देता है। कुछ दृश्य रूह कंपाने जैसे हैं। 19 मार्च को रिलीज हो रही फिल्म में कियारा आडवाणी, नयनतारा, तारा सुतारिया, हुमा कुरैशी जैसे सितारे हैं।



हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.